CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGG15 User: cci Time: 12-24-2025 22:38 Color:

नई दिल्ली › गुरुवार, 25 दिसंबर 2025 › पौष 4 शक संवत 1947 पौष शुक्ल पंचमी, विक्रम संवत 2082




एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त

### उन्नाव रेप पीड़िता ने कुलदीप सिंह सेंगर की ज़मानत को 'काल' बताया

# 'सुरक्षा के लिए मुझे जेल भेज दीजिए'


■ NBT रिपोर्ट/एजेंसी, नई दिल्ली

**उन्नाव रेप** पीड़िता ने बीजेपी के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा सस्पेंड किए जाने के फैसले को अपने परिवार के लिए 'काल' बताया। उन्होंने कहा कि सेंगर की सजा सस्पेंड किए जाने के फैसले ने उनके डर को और बढ़ा दिया है। ऐसे मामलों में अगर आरोपी को जमानत मिल जाती है तो देश की बेटियां कैसे सुरक्षित रहेंगी? पीड़िता ने कहा कि उनकी और परिवार की जान को खतरा है। अगर आरोपी को बाहर रखा जा रहा है तो उनकी सुरक्षा के लिए उन्हें जेल भेज दिया जाए।

कल, सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है कि वह हमें न्याय देगा

पीड़िता ने बुधवार शाम दिल्ली में राहुल और सोनिया गांधी से मुलाकात भी की। पीड़िता ने कहा कि यह देश का पहला ऑर्डर है कि रेप केस में सजा पर रोक लगा दी गई और जमानत दे दी गई। देश की सभी बेटियां अब डरी हुई हैं कि उनके साथ रेप होगा और अपराधी बच जाएंगे। उसे हमसे 5 किमी दूर रहने का ऑर्डर देकर उन्होंने हमें हमारे घरों में कैद कर दिया है। ›› पेज 5

Social Media



**इंडिया गेट पर** प्रदर्शन के दौरान मंगलवार रात पुलिसकर्मी पीड़िता को जबरन उठाकर ले गई।

> सेंगर की जमानत रद्द होनी चाहिए तभी हमें इंसाफ मिलेगा, नहीं तो हम अपनी जान दे देंगे। हम सुरक्षित नहीं हैं। हम न्याय के लिए अब सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।
> – पीड़िता की मां

> क्या एक गैंगरेप पीड़िता के साथ ऐसा व्यवहार उचित है? क्या उसकी 'गलती' यह है कि वह न्याय के लिए अपनी आवाज उठाने की हिम्मत कर रही है?
> – राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

## फटाफट खबरें

### हाई कोर्ट ने HSVP पर जुर्माना लगाया

पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने भूमि अधिग्रहण से प्रभावित लोगों को प्लॉट आवंटन में देरी पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने कहा कि देरी के बाद हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (HSVP) का लोगों से बढ़ी हुई वर्तमान रिजर्व कीमत वसूलना अन्यायपूर्ण और कानून का खुला उल्लंघन है। HSVP पर तीन लाख का जुर्माना लगाया। ›› पेज 4

### हरिद्वार में पुलिस गाड़ी पर फायरिंग

हरिद्वार के लक्सर ओवरब्रिज पर बाइक सवार बदमाशों ने उत्तराखंड पुलिस की गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग की। गाड़ी में मौजूद कॉन्स्टेबल विनय त्यागी घायल है। उसे पेशी पर ले जाया जा रहा था।

### अनिल अंबानी को बॉम्बे HC से राहत



बॉम्बे हाई कोर्ट ने अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ तीन बैंकों की धोखाधड़ी कार्रवाई पर रोक लगाई, RBI मास्टर दिशानिर्देशों के उल्लंघन का हवाला दिया।

### 'यूपी 77' की रिलीज पर रोक से इनकार

दिल्ली हाई कोर्ट ने वेब सीरीज 'यूपी 77' की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार किया है। गैंगस्टर विकास दुबे की पत्नी ऋचा ने इसकी रिलीज रोकने की गुहार लगाई थी। कोर्ट ने कहा कि यह पूरी तरह काल्पनिक रचना है और इसका दुबे के जीवन से कोई लेना-देना नहीं है।

### दो नई एयरलाइंस को उड़ान की मंजूरी

अल हिंद एयर और फ्लाईएक्सप्रेस विमानन कंपनियों को उड़ान के लिए नागर विमानन मंत्रालय ने NOC जारी कर दी है। इन दो कंपनियों के अलावा उत्तर प्रदेश स्थित शंख एयर को पहले ही एनओसी मिल चुका है। इसके 2026 में परिचालन शुरू करने की संभावना है।

### हैपी मॉर्निंग

**पिता:** आज के टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**छोटू:** पिता जी, मोटू से 20 नंबर कम आए हैं।
**पिता:** अच्छा तो मोटू के कितने नंबर आए?
**छोटू:** 20 नंबर

# नया खनन अरावली में पूरी तरह बैन हुआ


## फैसला गुजरात से दिल्ली-NCR तक लागू

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अरावली पर** विरोध प्रदर्शनों के बीच केंद्र सरकार ने राज्यों को निर्देश दिया है कि इस पर्वतमाला क्षेत्र में किसी भी प्रकार के नए खनन पट्टे (माइनिंग लीज) जारी न किए जाएं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने बुधवार को इस बारे में आदेश जारी किया। इसमें स्पष्ट है कि यह प्रतिबंध गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली तक फैली पूरी अरावली श्रृंखला पर समान रूप से लागू होगा। मंत्रालय के अनुसार, यह फैसला अरावली को पर्वतमाला के रूप में सुरक्षित रखने और अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के मकसद से लिया गया है। सरकार ने साथ ही भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद (ICFRE) को भी निर्देश दिया है कि वह पूरे अरावली रीजन में ऐसे जोन की पहचान करे, जहां खनन पर पूरी तरह बैन लगाया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने हाल में कहा था कि आसपास की जमीन से कम से कम 100 मीटर ऊंचे हिस्से को ही अरावली पहाड़ी माना जाएगा। इस मानक से कई ऐसी पहाड़ियों पर खनन का डर पैदा हुआ, जो 100 मीटर से छोटी और झाड़ियों से ढकी हुई हैं। इससे विरोध तेज हुआ।

File



### हरियाली वापस लाने के उपाय होंगे

केंद्र ने ICFRE को अरावली क्षेत्र में सतत खनन (Sustainable Mining) के लिए वैज्ञानिक योजना बनाने का निर्देश दिया है। यह योजना देखेगी कि खनन का प्रकृति पर कितना बुरा असर पड़ रहा है और अरावली क्षेत्र कितना भार सह सकता है। जहां खनन हो चुका है, उन क्षेत्रों को फिर से सुधारने और हरियाली वापस लाने के उपाय किए जाएंगे।

### 'पर्यावरण सुरक्षा के उपायों का पालन हो'

पर्यावरण और वन मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया कि जो खदानें पहले से संचालित है, उनके लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप सभी पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों का राज्य सख्ती से पालन कराएं। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि मौजूदा खनन गतिविधियों को भी कड़े नियमों और अतिरिक्त प्रतिबंधों के तहत कंट्रोल किया जाएगा।

## 20 साल बाद उद्धव-राज ठाकरे की पार्टी में गठबंधन




■ उद्धव और राज ठाकरे ने बुधवार को महाराष्ट्र में बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) चुनाव एक साथ लड़ने का ऐलान किया।

■ 20 साल बाद शिवसेना (UBT) और MNS में गठबंधन हुआ है। 2006 में राज ने अलग होकर MNS बनाई थी। ›› देखें अंदर

## RBI ने तेज चेक क्लियरेंस के नियम को टाला

■ **पीटीआई, मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने चेक के जल्द क्लियरेंस से जुड़े फेज-2 नियमों को टाल दिया है। फेज-2 के नियम 3 जनवरी 2026 से लागू होने वाले थे, लेकिन बैंकों को अपनी तकनीकी और कामकाजी तैयारियां पूरी करने के लिए ज्यादा समय देने के मकसद से यह फैसला लिया गया। इसके तहत बैंकों को इमेज मिलने के तीन घंटे के अंदर चेक को एप्रूव या रिजेक्ट करना जरूरी था। केंद्रीय बैंक ने इस बारे में बुधवार को एक सर्कुलर जारी किया। इसमें कहा गया है कि कंटिन्यूअस क्लियरिंग एंड सेटलमेंट (सीसीएस) फ्रेमवर्क के दूसरे फेज को अगले नोटिस तक टाल दिया गया है।

बैंकों को तैयारियां पूरी करने के लिए फैसला लिया


**जनहित याचिका दायर...** चिंता जताई गई थी कि कई कैफे-होटल सेफ्टी नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं

# मजनू-का-टीला में अवैध रूप से चल रहे होटलों और कैफे पर HC सख्त, कार्रवाई का आदेश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली हाई** कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली डिवेलपमेंट अथॉरिटी (डीडीए), एमसीडी और दिल्ली सरकार को शहर के मजनू-का-टीला में बिना जरूरी परमिशन के चल रहे और सेफ्टी प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने वाले कैफे और रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि डीयू के आधे स्टूडेंट वहीं जाते हैं। इस मुद्दे पर एक जनहित याचिका दायर कर यह चिंता जताई गई थी कि कई कैफे और होटल बिना परमिशन के चल रहे हैं और सेफ्टी नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। बेंच ने अधिकारियों को यमुना के फ्लडप्लेन पर बने ऐसी इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जस्टिस गेडेला ने कार्रवाई पर जोर देते हुए कहा कि डीयू के आधे स्टूडेंट्स वहीं जाते हैं।

File



**दिल्ली HC** ने कहा कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के आधे स्टूडेंट यहीं जाते हैं।

### कोर्ट का 3 महीने में कार्रवाई का निर्देश

**डीडीए की** ओर से बेंच को बताया गया कि खुद संज्ञान लेते हुए पहले ही कंप्लेंट दर्ज कर ली है। कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने अफसरों को 3 महीने के भीतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया और इसी के साथ याचिका का निपटारा कर दिया। इस दौरान एक वकील ने कोर्ट को बताया कि कई प्रतिष्ठानों में तो स्वीमिंग पूल तक बने हैं। इस पर चीफ जस्टिस ने हल्के अंदाज में कहा कि मोमोज काउंटर को छोड़कर सब कुछ हटा दें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGG8 User: cci Time: 12-24-2025 22:09 Color:



# उन्नाव केस में परिवार- सेंगर को राहत से हम डर में

## रेप सर्वाइवर ने कहा- बच्चों की वजह से नहीं की खुदकुशी

## कुलदीप सेंगर की सजा निलंबित करना 'काल' जैसा: परिवार

■ NBT रिपोर्ट/पीटीआई, नई दिल्ली

**उन्नाव रेप** सर्वाइवर ने आरोपी और पूर्व बीजेपी नेता कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा को निलंबित करने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, सेंगर को राहत उनके परिवार के लिए 'काल' जैसा है। सर्वाइवर ने कहा कि वह इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगी। सर्वाइवर ने कहा अगर मेरी शादी नहीं हुई होती और मेरे बच्चे नहीं होते, तो मैं जज के सामने आत्महत्या कर लेती।

सर्वाइवर ने यह भी कहा कि वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिलना चाहती हैं, ताकि इस फैसले से जो दर्द और पीड़ा वह झेल रही हैं, उसे राष्ट्रपति तक पहुंचा सकें। सर्वाइवर ने कहा कि उनके परिवार, वकीलों और गवाहों की सुरक्षा पहले ही हटा ली गई है, जिससे उनका डर और बढ़ गया है। सर्वाइवर की मां ने कहा, हमें सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है और हमें उम्मीद है कि वहां से हमें न्याय मिलेगा। सर्वाइवर की बहन ने बताया कि उनके चाचा को अब भी धमकियां मिल रही हैं।।

**सर्वाइवर ने कहा, फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगी।**

**न्याय के लिए झेलनी पड़ी धक्का-मुक्की:** महिला अधिकार कार्यकर्ता योगिता भयाना ने X पर एक विडियो साझा किया। विडियो में सर्वाइवर को यह कहते सुना गया कि वह सुबह अपने वकील से मिलने के लिए घर से निकली थी, लेकिन CRPF उन्हें वापस घर भेजने की कोशिश कर रही थी। हंगामे के बाद उन्हें वकील से मिलने की इजाजत मिली। उनका कहना है कि उन्हें सिर्फ न्याय चाहिए। भयाना ने यह भी दावा किया कि इस दौरान हुई धक्का-मुक्की में रेप सर्वाइवर को चोट भी लगी है।

Social Media

> पैसे वालों को न्याय मिल जाता है और गरीब हार जाते हैं। दोषियों को राहत मिलेगी तो बेटियां कैसे सेफ रहेंगी। - *सर्वाइवर*

**इंडिया गेट पर जताया था विरोध** सर्वाइवर ने अपनी मां के साथ मंगलवार रात को दिल्ली के इंडिया गेट पर प्रदर्शन किया था।

### ओपी राजभर ने उड़ाया मज़ाक

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: रेप के दोषी को कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत मिलने के बाद राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर पीड़िता पर टिप्पणी को लेकर निशाने पर आ गए हैं। राजभर से आगे जब पूछा गया कि पुलिस प्रदर्शन कर रही पीड़िता को इंडिया गेट से उठा ले गई, तो इस पर ठहाका लगाते हुए राजभर ने कहा कि उनका (पीड़िता का) घर तो उन्नाव है...। इसके बाद वो जोर-जोर से ठहाका लगाकर हंसने लगे।

## राहुल गांधी से मिलकर सुनाया दर्द, आखिर यह कैसा न्याय

File



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**उन्नाव रेप** सर्वाइवर ने बुधवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के आवास '10 जनपथ' पहुंचकर राहुल गांधी से मुलाकात की। राहुल ने मामले में दोषी कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित किए जाने को शर्मनाक करार देते हुए कहा कि यह कैसा न्याय है।

राहुल गांधी

सर्वाइवर के साथ धक्का मुक्की का विडियो शेयर करते हुए राहुल ने एक्स पर लिखा, 'क्या एक गैंगरेप सर्वाइवर के साथ ऐसा व्यवहार उचित है? क्या उसकी 'गलती' यह है कि वह न्याय के लिए अपनी आवाज उठाने की हिम्मत कर रही है? उसके अपराधी को जमानत मिलना बेहद शर्मनाक है, खासकर तब, जब सर्वाइवर को बार-बार प्रताड़ित किया जा रहा हो, और वह डर के साये में जी रही हो।'

**राहुल, सोनिया ने दिया हर मदद का भरोसा**

उन्होंने सवाल किया कि बलात्कारियों को जमानत, और सर्वाइवर के साथ अपराधियों सा व्यवहार... यह कैसा न्याय है? राहुल ने कहा, 'सर्वाइवर को सम्मान, सुरक्षा और न्याय मिलना चाहिए - न कि बेबसी, भय और अन्याय।'

**10 जनपथ पर राहुल और सोनिया से मुलाकात:** सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से 10 जनपथ पर मुलाकात की। मुलाकात के बाद सर्वाइवर ने कहा कि यह पहली बार है कि देश में किसी रेप आरोपी को जमानत पर छोड़ा जा रहा है। इस आदेश ने देश की बेटियों को कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि वे मदद के लिए प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से भी मिलना चाहती हैं।

### फैसले का राजनीतिकरण ना हो: BJP

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील और बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता नलिन कोहली ने कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत मिलने के सवाल पर कहा कि यह पूरी तरह से कोर्ट का मामला है और इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। कोर्ट किसी व्यक्ति का फैसला उसके पद, पेशे या पहचान के आधार पर नहीं करता। अदालत यह नहीं देखती कि सामने खड़ा व्यक्ति नेता है, इंजिनियर है, डॉक्टर है, आम नागरिक है या फिर कोई आतंकवादी।

## असम के कार्बी आंगलोंग में हिंसा के बाद सेना तैनात

PTI

**सेना का फ्लैग मार्च** सेना ने वेस्ट कार्बी आंगलोंग में फ्लैग मार्च किया।

■ भाषा, दीफू

**असम के** डीजीपी हरमीत सिंह ने बुधवार को कहा कि हिंसा प्रभावित वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सेना तैनात की गई है। डीजीपी ने कहा, सेना की टुकड़ियां वहां पहुंच गई हैं और उन्होंने इन इलाकों में मार्च किया है। हालात अब पूरी तरह नियंत्रण में है।

उन्होंने बताया कि पुलिस पिछले दो दिन में हुई हिंसा की जांच कर रही है। सिंह ने कहा, हम दोषियों को गिरफ्तार करेंगे। वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिले में हुई हिंसा में दो लोगों की मौत हो गई और 38 पुलिस कर्मियों सहित 45 अन्य घायल हो गए। कार्बी समुदाय के आंदोलनकारी पिछले 15 दिनों से आदिवासी इलाकों में ग्राम चरागाह रिजर्व (वीजीआर) और व्यावसायिक चरागाह रिजर्व (पीजीआर) जमीन से कथित अवैध निवासियों, जो ज्यादातर बिहार से हैं, को बेदखल करने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर थे। सोमवार को जब पुलिस तीन आंदोलनकारियों को तड़के विरोध स्थल से ले गई तो वे उग्र हो गए। प्रशासन ने बाद में दावा किया कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने के लिए यह कदम उठाया गया।

डीजीपी ने कहा, जरूरी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हमारे पास बहुत सारे विडियो फुटेज हैं और लोगों की पहचान की जा रही है। कानून अपना काम करेगा।

## अंकिता मर्डर: VIP का नाम सामने, कांग्रेस का प्रदर्शन

PTI

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

**उत्तराखंड में** बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड एक बार फिर सुर्खियों में है। सोशल मीडिया पर एक वीआईपी का नाम उजागर होने के बाद कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। मामले में बीजेपी के पूर्व विधायक की कथित पत्नी के सोशल मीडिया में पोस्ट के बाद प्रदेश में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। कांग्रेस, यूकेडी और समाज से जुड़े लोगों ने देहरादून, हल्द्वानी, रामनगर, मसूरी, रुद्रप्रयाग समेत प्रदेश के कई शहरों में प्रदर्शन करते हुए सरकार का पुतला दहन किया। कांग्रेस ने सरकार पर आरोप लगाया कि बीजेपी के कार्यकर्ता ही सोशल मीडिया में वीआईपी का नाम ले रहे हैं। उनका ये आरोप है कि सरकार आरोपियों को बचाने और संरक्षण देने का काम कर रही है।

**दिल्ली में भी विरोध** आम आदमी पार्टी की महिला विंग ने प्रदर्शन किया।

## यूनुस सरकार पर हादी के भाई का आरोप, कहा- चुनाव में देरी के लिए कराई हत्या

PTI



**कोलकाता में बांग्लादेश के हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन हुआ।**

■ आईएएनएस, ढाका

**बांग्लादेश के** छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी को दिनदहाड़े गोली मारकर हुई हत्या में अभी तक आरोपी फरार है। अब हादी के भाई शरीफ उमर हादी ने मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। उमर ने कहा कि यूनुस की अंतरिम सरकार के लोगों ने आगामी चुनावों को टालने के लिए उनके भाई की हत्या करवाई है।

मंगलवार को ढाका में नैशनल म्यूजियम के बाहर इंकलाब मंच ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में इंकलाब मंच के प्रवक्ता उमर हादी ने अंतरिम सरकार को घेरते हुए कहा, आपने ही उस्मान हादी को मरवाया था, और अब आप इसे मुद्दा बनाकर चुनाव को नाकाम करने की कोशिश कर रहे हैं। द डेली स्टार के अनुसार, उमर ने आगे कहा कि उनके भाई ने फरवरी तक नेशनल चुनाव कराने का समर्थन किया और बांग्लादेशी अधिकारियों से चुनाव के माहौल में रुकावट न डालने को कहा।

### 'भारत से संबंध सुधार रहे यूनुस'

पीटीआई, ढाका/कोलकाता: बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के वित्त सलाहकार सालेहुद्दीन अहमद ने कहा कि मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के लिए कदम उठाए हैं। उनका प्रशासन आर्थिक हितों को राजनीतिक बयानबाजी से अलग रखते हुए भारत के साथ आर्थिक संबंध विकसित करने पर काम कर रहा है। अहमद ने कहा कि मुख्य सलाहकार भारत के साथ संबंध सुधारने पर काम कर रहे हैं।

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

**खबरों का ज्ञान**

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 दुनिया के सबसे बड़े कमर्शल सैटलाइट, जिसे ISRO ने लॉन्च किया, उसका वजन कितना है?
A. 4200Kg B. 5908Kg C. 6200 Kg

2 किस ऐक्टर पर रेप के नए आरोप लगाए गए हैं?
A. रसेल ब्रांड B. जॉनी डेप C. रॉबर्ट डी नीरो

3 देश में कितनी और एयरलाइंस को उड़ान की मंजूरी दी गई है?
A. 2 B. 4 C. 3

4 हाल ही में किस देश ने अपना सरकारी एयरलाइंस बेचा है?
A. भूटान B. श्रीलंका C. पाकिस्तान

5 कौन-सी एयरलाइन मुंबई और बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को की उड़ान बंद कर देगी?
A. एयर इंडिया B. स्पाइसजेट C. इंडिगो

**कल के जवाब**

A1 C. प्रणय वर्मा A2 A. मिस जमैका A3 C. INSV कौंडिन्य A4 A. स्वीडन A5 B. विनोद कुमार शुक्ल

**लकी विनर्स**

1. अभिनव जायसवाल, फरीदाबाद
2. रचित चावला, लाडपुर, दिल्ली
3. सुदीप शर्मा, लखनऊ

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

PUBLIC NOTICE
SUPER CASSETTES INDUSTRIES PRIVATE LIMITED formerly known as SUPER CASSETTES INDUSTRIES LIMITED (CIN: U74899DL1983PTC016114) ("Owner") have agreed to sell to one of our clients its (1) 1/6th Undivided Share in the land bearing CTS No. C/499 of Village Bandra, Taluka Andheri and Ownership of Entire Basement Premises admeasuring 668 sq. ft. carpet area and Commercial Unit being the entire Ground Floor Premises (Commercial User) admeasuring 668 sq. ft. Carpet area (inclusive of internal staircase area) together with exclusive use of the open space admeasuring 29 ft. x 15 ft. area in front of the premises AND (2) 1/6th Undivided Share in the land bearing CTS No. C/499 of Village Bandra, Taluka Andheri and Ownership of Commercial Unit being the entire First Floor Premises (Commercial User) admeasuring 1042 sq. ft. Carpet area (inclusive of internal staircase area) in the building known as "CHANDNI" constructed upon land bearing CTS No. C/499 of Village Bandra, Taluka Andheri, in the Registration District of Mumbai Suburban District situated at Pali Road, Bandra (W), Mumbai – 400 050 ("the said Premises"), free from all encumbrances.
NOTICE IS HEREBY GIVEN that if any person or party has any right, claim or demand of any nature whatsoever against the said Owners in respect of the said Premises or any part thereof by way of sale, transfer, exchange, easement, possession, lease, lien, mortgage, charge, inheritance, bequest, release, gift, trust, tenancy, attachment or otherwise howsoever are required to lodge their claims in writing along with documentary evidence therefor within 14 days from the date of publication hereof to the undersigned, failing which the claims if any shall be deemed to have been waived and/or abandoned and our clients shall proceed further to complete the transaction ignoring such claims.
SD/-
M/S. LILANI SHYAM & CO.
[SHYAM LILANI]
PROPRIETOR
ADVOCATE & SOLICITOR
304, 3rd Floor, Mangal Bhavna, Junction of P.D. Hinduja Marg & 14th Road, Khar (W), Mumbai 400 052
Email : shyamalilani@gmail.com
Dated : 25.12.2025
Place: Mumbai

NOTICE is hereby given that Flat No. H-5, 4th Floor, UTC Aastha Apartment, G.T. Road, Sahibabad, Ghaziabad (U.P.) belonged to Late Mrs. Shail Bhardwaj (d. 30.07.2017) and devolved upon her legal heirs Mr. Sachin Bhardwaj and Mr. Vivek Bhardwaj. No POA or other agreement exists. Claims within 7 days.

न्यायालय सूचना

न्यायालय मण्डल आयुक्त, अम्बाला मण्डल, अम्बाला।
कार्यकारी निगरानी सं0 144 वर्ष 2023
तिथि दायरा 05.10.2023
अनु आदि
बनाम
राजिन्द्र पाल आदि
नोटिस उत्तरवादी नं0 1. राजिन्द्र पाल सिंह पुत्र स्व0 श्री शमशेर सिंह, निवासी मकान नं0 92791, East Richmond Avenue, Fresno, CA-93720 (USA)
उपरोक्त वर्णित अनुवाद वाद में उपरोक्त लिखित उत्तरवादी की तलबी सामान्य प्रक्रिया से की जानी सम्भव ना है। अतः एतद तलबी पत्र द्वारा उक्त उत्तरवादी को सूचित किया जाता है कि वह इस न्यायालय में निश्चित तिथि 10.02.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे स्वयं या उनके द्वारा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा अनुपस्थित पक्षकारों के विरुद्ध विधि अनुसार एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाते हुए उनकी अनुपस्थिति में वाद का निर्णय कर दिया जायेगा।
आज मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मोहर सहित दिनांक 03.12.2025 को जारी किया गया।
सील मण्डल आयुक्त, अम्बाला मण्डल।

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

विपणन, विज्ञापन और बिक्री

Tele Caller

REQ. Female Telecaller for commodity news agency. Slry 15000/2-3yrs Exp./Computer/Social Media Knowledge Must. Sec-7 Rohini Delhi: [illegible]

अन्य रिक्तियां

चालक

आवश्यकता है लग्जरी गाड़ियों हेतु कार रेंटल कंपनी को कमर्शियल लाइसेंसधारी ड्राइवरों की, मासिक वेतन रु 24,000 संपर्क करें Ten Travels महिपालपुर दिल्ली, [illegible]

आवश्यकता है शिवालिक ईंडस्ट्रियल एरिया में एक (1) कार ड्राईवर की, लाडवा के पास वालों को वरीयता, वेतन योग्यता अनुसार संपर्क: [illegible]

सामान्य

वैदूर / पार्लर में काम करने के लिए आवश्यकता है 18 से 35 वर्षीय अनुभवी लड़कियों की कीर्ति नगर में, वेतन 30,000 से 40,000 + ईंसेंटिव, संपर्क करें: [illegible]

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Satish Baria S/o Bani Ram R/O D 232 Khanpur Sec 2 dr Ambedkar Nagar, Pushpa bhawan New Delhi 110062, stated that my name is wrongly mentioned as Satish Singh, but my actual and correct name is Satish Baria for all future purposes.

मैं, अब्दुल कय्यूम अंसारी पुत्र मोहम्मद इस्लाम अंसारी जन्मतिथि 15/07/1975 निवासी सी-6/11, सी-ब्लॉक, गली नंबर 6 कबीर नगर दिल्ली-110094, ने अपना नाम मोहम्मद कय्यूम से बदलकर अब्दुल कय्यूम अंसारी कर लिया है और अब से मुझे अब्दुल कय्यूम अंसारी के नाम से जाना जाएगा।

I, Deepesh Kumar Vyas S/o Shantilal Vyas R/o 2nd Floor, unit 30, Street-F4,town Square, sec-82,Sikanderpur,Gurgaon HR -122004 have changed my name to Deepesh Shantilal Vyas for all purposes.

I, SRIVIDHYA Venkat Narayanan, W/o Raman Venkat Narayanan, resident of B 2/701, Block 7, Kailash Dham, Sector 50, Noida, Gautam Budh Nagar Uttar Pradesh-201301, have changed my name from Srividhya Venkat Narayanan to V Srividhya. Henceforth I would be known by the name of V Srividhya for all future purposes.

लापता

MISSING PERSON ALERT
GHULAM QADIR BURKI
70 Years, 2 December, around 5:00 PM Bhogal Market, Kashmir Park, Delhi Delhi Address: Lajpat Nagar-1, F-12, 1st Floor Kashmir Address: Khanyar, Srinagar
IF FOUND / ANY INFORMATION Please contact immediately:
+91 70066 29379
+91 97968 00900
Person will be suitably rewarded

HEALTH & WELLNESS

SEX PROBLEM
बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹955 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

विवाहित जीवन में पायें नई खुशियाँ नया जोश नई उमंग
SEX समस्या आयुर्वेदिक सलाह से
आकाश दवाखाना समय 10 – 7 तक
एक्सप्रेस टावर आकाश सिनेमा के पीछे आजाद पुर दिल्ली
9953396533
8860003863

SEX Problems?
स्थायी इलाज के लिए
चेतन आयुर्वेदा
▸ बदरपुर ▸ दरियागंज ▸ भजनपुरा ▸ छतरपुर
9817469817

TO BOOK YOUR TRAVEL ADS PLEASE CALL
AMAN : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

BOOK YOUR RECRUITMENT ADS
For booking please contact
Amit : 9811790649

TO PLACE AN ADVERTISEMENT IN THIS SECTION PLEASE CALL
CALL : 18001205474 (Toll Free)
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. | Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 | South Delhi + Faridabad + Noida | Raghav Arora | 99999 95460 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad + East Delhi | Sunil Srivastava | 99994 99498 | West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93128 33518 |

# बोर्ड में फेल होने वाले हर स्टूडेंट को ट्रैक करेगा शिक्षा मंत्रालय

## ड्रॉपआउट स्टूडेंट्स को 12वीं तक की पढ़ाई करवाना लक्ष्य

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com


AI Image

■ **नई दिल्ली :** स्कूली शिक्षा में ड्रॉपआउट स्टूडेंट्स को 12वीं तक की पढ़ाई पूरी करवाने के लिए शिक्षा मंत्रालय एक खास योजना पर काम कर रहा है। पिछले दो बार के देशभर के स्कूली बोर्ड एग्जाम के रिजल्ट का विश्लेषण देखें तो 10वीं और 12वीं में करीब 50 लाख स्टूडेंट्स अगली क्लास में नहीं पहुंच पाए हैं, इनमें ज्यादा संख्या फेल होने वालों की है। बहुत से छात्र ऐसे भी रहे, जिन्होंने नामांकन के बाद एग्जाम ही नहीं दिया। ये अपनी 12वीं तक की पढ़ाई पूरी करें, इसके लिए फेल होने वाले हर एक स्टूडेंट को ट्रैक किया जाएगा।

शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा सचिव संजय कुमार ने बताया कि 2026 में देशभर में जितने स्टूडेंट बोर्ड एग्जाम देंगे और उनमें से जो असफल रहेंगे, उन सभी को ट्रैक कर डेटा को नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (NIOS) के साथ शेयर किया जाएगा। ओपन स्कूलिंग सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए कुछ स्कूलों में ही NIOS की एक छोटी ब्रांच हो और शुरुआत पीएम श्री (PM SHRI) स्कूलों से ही होगी। इन स्कूलों में उस ब्लॉक के फेल होने वाले छात्रों को गाइडेंस मिलेगी और उनकी पढ़ाई पूरी करवाने के लिए ओपन स्कूल सिस्टम का भी विकल्प दिया जाएगा। आपने रेगुलर से पढ़ाई की है या NIOS से, दोनों स्थिति में सर्टिफिकेट की वैल्यू एक जैसी ही है। स्कूली शिक्षा में ग्रॉस एनरोलमेंट रेश्यो (GER) 100% करने के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है।

- बोर्ड एग्जाम में हर साल करीब 50 लाख स्टूडेंट्स हो जाते हैं फेल।
- 2026 में फेल स्टूडेंट्स का डेटा NIOS को भी दिया जाएगा।
- स्कूली शिक्षा में ग्रॉस एनरोलमेंट रेश्यो 100% करने का लक्ष्य।

### ड्रॉपआउट होने के क्या बड़े कारण सामने आए?


शिक्षा सचिव संजय कुमार ने बताया कि एलिमेंट्री (प्रारंभिक) एजुकेशन में तो GER करीब 100% है और मिडिल क्लास के लेवल पर यह 90.3% तक पहुंच गया है। यानी पहली क्लास में दाखिला लेने वाले 100 में से करीब 91 छात्र 8वीं तक की पढ़ाई पूरी कर रहे हैं, लेकिन सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी (9वीं से 12वीं तक) में यह 68.5% रह जाता है। बोर्ड क्लासेज के आंकड़ों को देखें तो अगर 100 छात्र पहली क्लास में दाखिला लेते हैं तो 76% ही 10वीं और 58% ही 12वीं तक पहुंचते हैं। जबकि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुताबिक 2030 तक सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी लेवल पर जीईआर 100% होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सेकेंडरी स्तर पर 10 वर्ष पहले ड्रॉपआउट रेट 13.5% था, जो अब 8.2% है, लेकिन यह भी चिंता का विषय है। लड़कों का ड्रॉपआउट रेट ज्यादा है और विभिन्न स्टडी में इसका एक बड़ा कारण वित्तीय जरूरतें सामने आया है। ऐसे में अगर इन स्टूडेंट्स को ओपन स्कूल सिस्टम से जोड़ दिया जाए तो वे अपनी पढ़ाई भी पूरी कर सकेंगे, स्किल कोर्सेज भी करवाए जा सकेंगे, ताकि उनको रोजगार के मौके भी मिलें।

### कैसे ट्रैक किया जाएगा स्टूडेंट्स को?

शिक्षा मंत्रालय ने ऑटोमेटेड परमानेंट अकैडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (APAAR) आईडी बनानी शुरू कर दी है। 25 करोड़ स्टूडेंट्स की आईडी जनरेट हो चुकी है। 12 डिजिट की यह यूनीक 'वन नेशन, वन स्टूडेंट' आईडी होगी, जिसे अकैडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट और डिजिलॉकर से भी जोड़ा जाएगा। इस आईडी के जरिए अब यह पता लगाना आसान होगा कि 10वीं की परीक्षा में बैठने वाले कितने छात्र 11वीं की पढ़ाई नहीं कर रहे हैं। छात्रों को ट्रैक करना आसान होगा। फेल स्टूडेंट्स के साथ-साथ दूसरे ऐसे स्टूडेंट जो किन्हीं कारणों से पढ़ाई छोड़ देते हैं, उनकी भी पहचान हो सकेगी। 8 राज्यों के भी अपने ओपन स्कूल हैं। मंत्रालय की कोशिश है कि कोई ऐसा फॉर्म्यूला तैयार हो कि छात्र अगर फेल होता है और वह रेगुलर पढ़ना चाहता है तो उसको उसी क्लास में एडमिशन मिल सके। अभी कम स्कूल ही हैं, जो फेल स्टूडेंट को रेगुलर स्टूडेंट के तौर पर दाखिला देते हैं।

## करिश्मा कपूर के बच्चों की अर्जी पर फैसला सुरक्षित

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने बॉलिवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के बच्चों की उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित लिया है, जिसमें उन्होंने अपने दिवंगत पिता उद्योगपति संजय कपूर की वसीयत में जालसाजी का आरोप लगाते हुए उनकी 30 हजार करोड़ से अधिक की संपत्ति में हिस्सेदारी मांगी है। करिश्मा कपूर के बच्चों ने सौतेली मां प्रिया कपूर पर वसीयत में जालसाजी और पिता की संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया है। करिश्मा के बच्चों का कहना है कि संजय कपूर ने उन्हें संपत्ति में हिस्सा देने का आश्वासन दिया था, लेकिन वसीयत में उनका नाम नहीं है।


संजय कपूर

## अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ तीन बैंकों की कार्रवाई पर रोक

■ **भाषा, मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खातों को धोखाधड़ी वाले घोषित करने की मांग कर रहे तीन बैंकों की सभी वर्तमान और भविष्य की कार्रवाइयों पर रोक लगा दी। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि इस प्रक्रिया में RBI के 'मास्टर' दिशा-निर्देशों के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया था। न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव ने पाया कि यह कार्रवाई बाहरी लेखा परीक्षक 'बीडीओ एलएलपी' द्वारा तैयार की गई फरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट पर आधारित है। न्यायाधीश ने कहा कि इस रिपोर्ट पर भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह RBI के धोखाधड़ी संबंधित 2024 के मास्टर दिशा-निर्देशों के तहत आवश्यक रूप से सीए द्वारा हस्ताक्षरित नहीं थी। आदेश में कहा गया है कि यदि अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस को अंतरिम राहत नहीं दी गई तो इससे गंभीर और अपूरणीय क्षति होगी। कोर्ट ने कहा कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत इस सूक्ति पर आधारित हैं कि न्याय न केवल किया जाना चाहिए, बल्कि स्पष्ट रूप से होता हुआ दिखना भी चाहिए।

> बाहरी लेखा परीक्षक द्वारा तैयार की गई फरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट पर बैंकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए भरोसा नहीं करना चाहिए।
> –बॉम्बे उच्च न्यायालय


अनिल अंबानी







CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP14 User: cci Time: 12-24-2025 22:15 Color:





क्रिसमस आनंद है– आध्यात्मिक आनंद, भीतरी आनंद, प्रकाश और शांति का आनंद।

– पोप फ्रांसिस

# क्रिसमस का संदेश

**क्रिसमस केक** में चीनी और नमक, फल और रम, मैदा और नट्स - सब एक साथ पाए जाते हैं। विपरीत गुण-धर्म के बाद भी साथ रहने और एक-दूसरे के सहयोग से आगे बढ़ने की बेहतरीन मिसाल है यह। आज की दुनिया युद्ध, नफरत, असमानता और असहिष्णुता से जूझ रही है। ऐसे माहौल में क्रिसमस का संदेश और अहम हो जाता है।

**विवाद दुर्भाग्यपूर्ण** | यह त्योहार सीख देता है समावेशिता, करुणा और प्रेम की। भारत वैसे भी उत्सवों का देश है, जहां विभिन्न पर्व-त्योहार इतनी विशाल आबादी को एक-दूसरे से जोड़े रखते हैं। ये त्योहार किसी को भिन्न नहीं करते, अनेकता में एकता की भावना दर्शाते हैं। लेकिन, जिस तरह से क्रिसमस को लेकर कुछ जगह विवाद की खबरें आईं, वह दुर्भाग्यपूर्ण है।

AI Image



सर्व धर्म समभाव

**शर्मनाक विडियो** | केरल में कुछ निजी स्कूलों के क्रिसमस समारोह न आयोजित करने के फैसले से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि स्कूलों ने पहले कार्यक्रम रखा था, बच्चों से पैसे भी लिए थे, लेकिन फिर आयोजन रद्द कर दिया। इसी तरह, भुवनेश्वर के एक वायरल विडियो में शर्मनाक वाकया दर्ज है, जहां कुछ लोग सैंटा क्लॉज के कपड़े-टोपी बेचने को लेकर स्ट्रीट वेंडर्स से ऐतराज जता रहे हैं। पुलिस का कहना है कि अगर कानून-व्यवस्था का किसी तरह उल्लंघन हुआ है, तो कार्रवाई की जाएगी।

**एकता पर चोट** | ये मामले संविधान की मूल भावना के खिलाफ हैं और देश में विभिन्न समुदायों के बीच की एकता को कमजोर करते हैं। भारत का संविधान सभी धर्मों को समान आदर देता है, जिसमें हर किसी को धार्मिक स्वतंत्रता मिली हुई है। आर्टिकल 25 और 28 यह सुनिश्चित करते हैं कि धार्मिक आधार पर किसी के साथ पक्षपात न किया जाए। शैक्षणिक संस्थानों में तो खास ध्यान रखने की जरूरत है ताकि बच्चों में भेदभाव का बीज न पनपे।

**आस्था पर हमला** | देश में धार्मिक टकराव हाल के बरसों में बढ़ा है - विभिन्न आस्थाओं को चोट पहुंचाने वाली कई घटनाएं हुई हैं। केरल और भुवनेश्वर में जो हुआ वह इसी टकराव का नतीजा है। इसमें सरकार को आगे आकर यह सख्त संदेश देना चाहिए कि घृणा और नफरत फैलाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धार्मिक और सामाजिक संगठनों को भी अपनी जिम्मेदारी निभाने की जरूरत है। क्रिसमस याद दिलाता है कि महानता क्षमा करने और दूसरों के दुख दूर करने में है। भारत के दूसरे पर्व-त्योहार भी यही संदेश देते हैं, जो बताता है कि सभी धर्मों का मकसद एक है। जरूरत है इस संदेश को समझने और अपनाने की।

**गुस्ताख़ी माफ़**

## ये आंसू किसलिए?

'पा! आपकी जेनरेशन ने वाकई शानदार काम किया है। इतनी बेहतरीन सड़कें तो कहां भी नहीं हैं।' बल्लू बाश्शा आज अपने बेटे के साथ लॉन्ग ड्राइव पर निकला था। बहुत दिनों से उसे गुड़गांव के अपने घर से निकलकर दिल्ली देखने की हुड़क लगी थी। विदेश से लौटा बेटा ड्राइवरलेस ज़माने में खुद कार चला रहा था। उसका भी मन हो आया था कि पिता को उनके दौर का पूरा फील दिया जाए। बेटे की बातें सुन बल्लू ने टुकड़ा जोड़ा। 'हां, तरक्की तो खूब की हमने। कार में कितनी ऑक्सिजन है, यह तो पता चल ही जाता है, घर में घुसने से पहले ही लोग वहां का सही ऑक्सिजन लेवल भी सेट कर लेते हैं।' 'कमाल किया है आप लोगों ने।' बेटे ने लेन बदलते हुए कहा। 'पानी की एक भी बूंद बर्बाद नहीं होती। वॉश बेसिन से लेकर टॉयलेट तक के सारे पानी को फिर से पीने लायक बना देते हैं। हर हाइवे सोलरपावर्ड से प्लांट है।'



अखिलेश प्रताप सिंह



यह सब सुन बल्लू की आंख भर आई। 'ये इमारतें और हाईवे का जंगल देख रहे हो। यहां हमारे पुरखों की निशानियां थीं। तब से मैं भी छोटा ही था, जब लोगों ने इनसे पैसे कमाने शुरू किए। हमने पश्चिमी घाट से लेकर हिमालय की गोद तक में जहां भी हो सका, पेड़ काटे, पहाड़ियां तोड़ीं और फिर यहां अरावली में सेंध लगाई। जो हजारों हजार साल मौसम की मार से नहीं टूटा, वह अरावली अपने बच्चों के लालच से हार गया।'

मैं परेशान था कि यह बल्लू बाश्शा कहां गया, जिसके तीखे जुमले मुझे लाजवाब कर देते थे। 'जिनकी आंख का पानी मर जाता है बेटा, उनकी नस्लों को बूंद-बूंद का इंतजाम रखना ही पड़ता है।' बेटा हैरान था कि जब गमलों में पौधे हैं, ऑक्सिजन प्लांट है, कृत्रिम बारिशें हैं, तो फिर ये आंसू किसलिए? वह कुछ पूछ पाता, उससे पहले मेरी नींद टूट गई। बाहर बहस चल रही थी कि अरावली 100 मीटर का है या 99 का।

**एकदा**

संकलन : ललित गर्ग

## कौन है महान

**एक दिन** कन्फ्यूशियस से उनके एक शिष्य ने पूछा, 'गुरुदेव, पूरे राज्य में लोगों को भ्रष्ट आचरण, लूट और छल-कपट का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आदर्श पुरुष या महान किसे कह सकते हैं?' कन्फ्यूशियस मुस्कुराए और बोले, 'जो व्यक्ति सत्य और न्याय की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दे, वही महान होता है, वही आदर्श पुरुष है।' शिष्य ने फिर पूछा, 'गुरुदेव, आज तक किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं जाना।' कन्फ्यूशियस ने शिष्य को कहा, 'मेरे साथ चलो।' शिष्य उनके साथ एक छोटे-से गांव में पहुंचा। वहां साधारण-सा दिखने वाला एक व्यक्ति खेत में काम कर रहा था। उसे देखते ही कन्फ्यूशियस ठहर गए और बोले, 'देखो, इस व्यक्ति ने सदियों तक शासन करने वाले राजाओं को नहीं, बल्कि आमजन की जरूरत के लिए परिश्रम और त्याग किया है। इसने अपने परिवार और जीवन की सुविधा की परवाह किए बिना, कई बार दूसरों के लिए स्वयं को जोखिम में डाला। यह एक महान व्यक्ति है।' शिष्य ने हैरानी से कहा, 'गुरुदेव, यह तो बिल्कुल साधारण दिखता है।' कन्फ्यूशियस ने समझाया, 'यही तो महानता की असली पहचान है। महान व्यक्ति अपने काम का प्रदर्शन नहीं करता।'

Subrata Dhar



### इस साल ग्लोबल पॉलिटिक्स पर बड़े नेताओं की नीतियों का पड़ा निर्णायक असर

# मनमौजी ट्रंप को मोदी ने दिखाया आईना

**राजनीतिक शख्सियतें** और व्यवस्थागत कारण, ग्लोबल पॉलिटिक्स पर समय के हिसाब से इन दोनों का असर पड़ता है। व्यवस्थागत कारण जैसे इंटरनैशनल सिस्टम, आर्थिक स्थिति और सैन्य ताकत। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में ये फैक्टर लंबे वक्त के लिए दिशा तय करते हैं। वहीं राजनेताओं का प्रभाव कुछ समय के लिए होता है, खासकर संकट के दौरान।



हर्ष वी. पंत

**नेताओं का असर** | यह वैश्विक राजनीति का ऐसा ही एक दौर है, जब तेजी से बदलती दुनिया में कुछ नेताओं का निर्णायक असर दिख रहा है। इस साल वैश्विक राजनीति में सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्व अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप रहे हैं, जिन्होंने अकेले ही दुनिया में अपने देश की भूमिका को काफी हद तक बदल दिया है।

2025 के हीरो

**ट्रंप की नीति** | उन्होंने विदेश नीति में एक हाथ दे, एक हाथ ले वाला तरीका अपनाया, पुराने गठबंधनों पर सवाल उठाए, कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों से अमेरिका को बाहर निकाला और बहुपक्षीय सहयोग की जगह द्विपक्षीय समझौतों को तरजीह दी। हालांकि चीन से मिलने वाली चुनौतियां बरकरार हैं। घरेलू मोर्चे पर भी ट्रंप ने बड़े बदलाव किए।

**विचारों में टकराव** | आर्थिक मोर्चे पर ट्रंप ने संरक्षणवादी व्यापार नीति अपनाई, टैरिफ का सहारा लिया। उनका कहना है कि उनकी विदेश नीतियों से अमेरिका की ताकत और समृद्धि बढ़ रही है। हालांकि तमाम अर्थशास्त्रियों और जनता का मानना है कि ट्रंप की नीतियां लंबे वक्त में अमेरिका को नुकसान पहुंचाएंगी। ट्रंप ने कई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को वापस ले लिया है या उनमें बदलाव किया। समर्थकों के मुताबिक इससे सरकार का जरूरत से ज्यादा दखल कम हुआ है, जबकि आलोचकों का मानना है कि इससे कमजोर और हाशिए पर रहने वाले लोगों की सुरक्षा कमजोर हुई है। ट्रंप के समर्थक उन्हें मजबूत नेता मानते हैं, जबकि विरोधी बंटवारा करने वाला।

**शी का प्रभाव** | वैश्विक राजनीति पर असर डालने वाले दूसरे नेता रहे चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग। माओ के बाद वह चीन के सबसे शक्तिशाली नेता के रूप में उभरे हैं। उनकी ताकत की वजह है सत्ता का केंद्रीकरण, लंबे वक्त के लिए नीतियां और राष्ट्रीय शक्ति व स्थिरता पर जोर। शी ने हाई क्वॉलिटी ग्रोथ को प्रमोट किया है और धीमी विकास दर, बेरोजगारी व जनसंख्या दबाव जैसे मामलों को संभालने की कोशिश की है।

**बढ़ती ताकत** | इस साल चीन ने दुनिया में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश की। व्यापार, तकनीक, सैन्य शक्ति और वैश्विक नेतृत्व को लेकर अमेरिका से टकराव बना रहा। इस बीच शी ने कूटनीति, निवेश और इंफ्रा परियोजनाओं के जरिये ग्लोबल साउथ के साथ रिश्ते सुधारे। यह नीति चीन की बढ़ती ताकत दिखाती है। शी चिनफिंग के नेतृत्व में संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर भी खास जोर रहा। ताइवान, दक्षिण चीन सागर और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चीन का रुख सख्त बना रहा।

iStock



**जिनसे बदली दुनिया**

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को चुनौती दी
- पूतिन और शी चिनफिंग ने की प्रभाव बढ़ाने की कोशिश
- बहुध्रुवीय दुनिया में महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरा भारत

**मजबूत हुए पूतिन** | इस लिस्ट के एक और नेता हैं व्लादिमीर पूतिन। यूक्रेन युद्ध के बावजूद उन्होंने रूस पर मजबूत पकड़ बनाए रखी है। पूतिन के कार्यकाल में राजनीतिक शक्ति केंद्रित है और विपक्ष या स्वतंत्र सिविल सोसायटी के लिए बहुत कम जगह बची है। विदेश नीति में पूतिन ने रूस को एक महाशक्ति के रूप में फिर से स्थापित करने के लिए टकराव वाली नीति जारी रखी। पश्चिमी देशों के साथ रूस के संबंध तनावपूर्ण बने रहे। वहीं, गैर-पश्चिम देशों के साथ उन्होंने रिश्ते मजबूत करने का प्रयास किया। 2025 में यह साफ हो गया कि यूक्रेन युद्ध का अंत पूतिन की शर्तों पर होगा।

**मोदी का नेतृत्व** | यह लिस्ट भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिना अधूरी है। ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन करना जारी रखा। सुरक्षा के मोर्चे पर भी भारत का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। घरेलू स्तर पर मोदी सरकार ने आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचों और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर जोर दिया।


**रिश्तों में संतुलन** | विदेश नीति में पीएम मोदी ने दृढ़ और व्यावहारिक रणनीति अपनाई। दुनिया जब तेजी से बहुध्रुवीय हो रही है, तब भारत ने खुद को एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में पेश किया, जो सभी के साथ रिश्तों में बैलेंस बनाने की कोशिश कर रहा है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में पीएम मोदी ने संबंध मजबूत किए और G-20, BRICS व Quad जैसे मंचों के जरिए सहयोग को आगे बढ़ाया।

*(लेखक लंदन के किंग्स कॉलेज में प्रफेसर हैं)*

**असंभव संवाद**

## यूनुस से क्या कहते स्वामी विवेकानंद

*बांग्लादेश गंभीर संकटों से घिरा है। एक हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग को लेकर दुनियाभर में सवाल पूछे जा रहे हैं और ढाका में बैठे अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के पास कोई जवाब नहीं है। शायद स्वामी विवेकानंद ही उन्हें रास्ता दिखा सकें।*



AI Image

**स्वामी जी** ने चेहरे से ही सामने वाले की दुविधा और संकोच को भांप लिया - गलती स्वीकार करना इतना भी आसान नहीं। 'आगे के फैसलों में पश्चाताप दिखाई देता है तो वही काफी है।' 'पर मैं तो अपने लोगों को बचा रहा हूं।' 'और क्या तुम्हारे लोग बस एक तरफ के हैं? तुमने शायद पढ़ा नहीं, अगर कोई एक धर्म यह सपना देखने की हिम्मत करता है कि वह अकेला जीवित रहेगा और दूसरों का विनाश करेगा, तो मुझे उस पर तरस आता है।' 'लेकिन, हमारे बारे में झूठा प्रचार किया जा रहा है।' 'कम से कम खुद से झूठ मत बोलो। दोस्त चुनने में गलती हो सकती है, लेकिन अपनी आत्मा को अपना दुश्मन मत बनाओ।'

जनता जंक्शन — इरफ़ान




## धर्म तो चमड़ी है, अपने से अलग नहीं कर सकते

**जैन मुनिश्री तरुणसागरजी**

**कोई धर्म** बुरा नहीं बल्कि सभी धर्मों में कुछ बुरे लोग जरूर हैं, जो अपने स्वार्थों की खातिर धर्म की आड़ में अपने गोरख-धंधे और नापाक इरादे जाहिर करते रहते हैं। अगर हम इन थोड़े से बुरे लोगों के दिलों को बदल सकें, उन्हें सही राह पर चला सकें और नेक इंसान बनकर जीना सिखा सकें तो सच मानिए, यह पूरी पृथ्वी स्वर्ग में बदल जाएगी। धर्म मरहम नहीं बल्कि टॉनिक है। इसे बाहर मलना नहीं, पी जाना है। कितना बड़ा आश्चर्य है कि धर्म के लिए लड़ेंगे-मरेंगे, लेकिन उसे जीएंगे नहीं।

धर्म पगड़ी नहीं, जिसे घर से दुकान के लिए चले तो पहन लिया और दुकान पर जाकर उतार कर रख दिया। धर्म तो चमड़ी है, जिसे अपने से अलग नहीं किया जा सकता। धर्म तो आत्मा का स्वभाव है। धर्म का अर्थ प्रेम, करुणा और सद्भावना है। उसका प्रतीक फिर चाहे राम हो या रहीम, बुद्ध हो या महावीर, कृष्ण हो या करीम, सबकी आत्मा में धर्म की एक ही आवाज होगी। धर्म दीवार नहीं, द्वार है। लेकिन दीवार जब धर्म बन जाती है तो अन्याय और अत्याचार को खुलकर खेलने का अवसर मिल जाता है। फिर चाहे वह दीवार मंदिर की या मस्जिद की ही क्यों न हो?

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

**कड़वे प्रवचन**

अब संत-मुनियों को अपने प्रवचन साधारण जनता के बीच करने की अपेक्षा लोकसभा और विधानसभाओं में करने चाहिए, क्योंकि खतरनाक लोग वहीं मौजूद हैं। मेरा विश्वास है अगर देश और प्रदेश की राजधानियों में बैठे करीब 90 हजार लोग सुधर जाएं तो देश की 100 करोड़ जनता अपने-आप और रातों-रात सुधर जाएगी। सुधार की प्रक्रिया नीचे से नहीं, ऊपर से शुरू होनी चाहिए क्योंकि भ्रष्टाचार की गंगोत्री ऊपर से नीचे की ओर बहती है। अगर ऋषिकेश में गंगा का शुद्धिकरण हो जाए तो हरिद्वार और उसके नीचे के तमाम घाट स्वतः शुद्ध होते चले जाएंगे।

# प्रदूषण के बीच ज़िंदादिली की मिसाल

**बढ़ते प्रदूषण** और ठंड से बेपरवाह हजारों दिल्ली वाले महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी को देखने के लिए अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने इंडिया गेट में लगे दिव्य कला मेले में बड़ी तादाद में जाकर दिव्यांगजनों के जज्बे और काम को भी देखा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदमकद मूरत के सामने लगा मेला इसलिए भी खास था क्योंकि एक अरसे के बाद यहां कोई मेला आयोजित हो रहा था।



विवेक शुक्ला

2025 का साल दिल्ली के लिए चुनौतियों से भरा रहा। प्रदूषण की समस्या ने नए आयाम छू लिए। ट्रैफिक जाम की समस्या भी बद से बदतर हुई, जहां यमुना एक्सप्रेसवे से लेकर रिंग रोड तक घंटों का इंतजार आम हो गया। मेट्रो की भीड़ और सड़कों पर बढ़ते वाहन ने शहर की रफ्तार को थाम लिया। फिर भी दिल्ली वालों ने उम्मीद नहीं छोड़ी।

2025 में 'ग्रीन दिल्ली' अभियान तेज हुआ। ई-बसें सड़कों पर उतारी गईं। नए इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट्स ने रोशनी दिखाई। दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल का विस्तार हुआ और मेट्रो की नई लाइनें खुलीं, जिससे यात्रा आसान हुई। इसी बीच, बाजारों में रौनक बनी रही। कनॉट प्लेस, चांदनी चौक, सरोजिनी नगर और दिल्ली हाट जैसे बाजारों में त्योहारों की धूम रही। और बाजारों की सजावट ने प्रदूषण को भुला दिया। होली के रंगों ने सड़कों को जीवंत किया और ईद के बाजारों में चहल-पहल ने सामाजिक एकता की मिसाल पेश की।

**साझी दिल्ली**



अब इतिहास के पन्नों में जा रहे साल 2025 में दिल्ली ने कई बड़े फेस्टिवल होस्ट किए, जैसे इंडिया इंटरनैशनल ट्रेड फेयर, जहां दिल्ली और आसपास के राज्यों से नवंबर में हजारों लोग आए। यहां टेक्नॉलजी, इनोवेशन और ग्लोबल प्रॉडक्ट्स ने लोगों को भविष्य की झलक दिखाई।

और फिर आया लियोनेल मेसी का दिल्ली दौरा। मेसी का 'G.O.A.T. इंडिया टूर' दिल्ली में समाप्त हुआ, जहां अरुण जेटली स्टेडियम में हजारों फैंस उमड़े। हालांकि प्रदूषण ने उड़ान में देरी की और AQI 700 पार पहुंचा, लेकिन मेसी मेनिया ने सब भुला दिया। इस आयोजन से दिल्ली को वैश्विक पहचान मिली। ट्रैफिक एडवाइजरी जारी हुई, लेकिन लोग जाम में फंसकर भी स्टेडियम पहुंचे मेसी की झलक पाने के लिए।

एक बार फिर से बात करते हैं दिव्य कला मेले की। यह मेला दिव्यांग कलाकारों की रचनात्मकता का उत्सव था। दिल्ली वालों ने यहां आकर न केवल सामान खरीदा, बल्कि इन कलाकारों की मेहनत और जज्बे को सलाम किया। इधर लगे स्टॉल्स में पेंटिंग्स, हस्तशिल्प, जूलरी और अन्य क्रिएटिव आइटम्स देखने को मिले। कुल मिलाकर, साल 2025 में दिल्ली कई मुश्किलों के बावजूद घर से निकली और अपनी जिंदादिली का सबूत देने में सफल रही।

# ग़रीबों के लिए अधिक फ़ायदेमंद होगा G RAM G

**कांग्रेस संसदीय** दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं ने शीतसत्र में 'विकसित भारत-जी राम जी योजना 2025' पर भ्रम फैलाने की कोशिश की। अब संसद के बाहर भी इस योजना के बारे में दुष्प्रचार किया जा रहा है। विपक्ष ऐसा विमर्श गढ़ने में जुटा है, जो तथ्यों की कसौटी पर आते ही ढह जाता है। वह आरोप लगाता रहा है कि मोदी सरकार ने मनरेगा को कमजोर किया है, जबकि मौजूदा सरकार में इसे जो मजबूती, पारदर्शिता और प्रभावशीलता मिली है, वह अभूतपूर्व है।



प्रत्यूष कंठ

### मनरेगा को मिला रेकॉर्ड पैसा

वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा के लिए मोदी सरकार ने 86,000 करोड़ रुपये दिए, जो अब तक का सबसे बड़ा बजट है। चालू वित्तीय वर्ष में 23 जुलाई, 2025 तक इसके लिए 45,783 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं, जिनमें से 37,912 करोड़ मजदूरी भुगतान के लिए हैं। यानी विपक्ष झूठ बोल रहा है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15.99 करोड़ परिवार मनरेगा में पंजीकृत थे, जिनसे 290.60 करोड़ मानव दिवस का रोजगार मिला। महिलाओं की भागीदारी 58.15% के ऐतिहासिक स्तर तक पहुंची, 44.07 करोड़ महिलाओं ने काम किया। यह आंकड़ा वर्ष 2013-14 में मात्र 48% था, जब UPA सत्ता में थी। वर्ष 2013-14 में बजट 33,000 करोड़ रुपये था, जो आज का एक तिहाई है। चालू वित्तीय वर्ष में मनरेगा के तहत काम मांगने वाले 99.79% ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिला। यह योजना की जवाबदेही, संवेदनशील प्रशासन और प्रभावी क्रियान्वयन को दिखाता है।

ग्रामीण श्रमिकों के लिए लंबे समय तक आजीविका को सशक्त बनाने के लिए दिसंबर 2019 में प्रॉजेक्ट उन्नति की शुरुआत हुई। इसका उद्देश्य श्रमिकों का कौशल निखारकर उन्हें अस्थायी आजीविका से स्थायी रोजगार की ओर ले जाना है। भले ही वे स्वरोजगार करें या नौकरी पाएं। परियोजना में 2 लाख मनरेगा श्रमिकों को कौशल प्रशिक्षण देने का लक्ष्य था। 31 मार्च, 2025 तक 90,894 श्रमिकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वहीं, पिछले पांच वित्तीय वर्षों से मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी लगातार 50% से अधिक है।

**कॉमन रूम**



आज 99.94% मजदूरी का भुगतान श्रमिकों के बैंक या डाकघर खातों में हो रहा है। 13.45 करोड़ से अधिक सक्रिय श्रमिकों का बैंक या डाकघर खाता आधार से जुड़ा है, 13 करोड़ से अधिक श्रमिक आधार आधारित भुगतान प्रणाली में आते हैं। इस व्यवस्था ने फर्जी नाम, फर्जी एंट्री और बिचौलियों पर अंकुश लगाया है। योजना में बने 6.26 करोड़ से अधिक परिसंपत्तियों की जियो टैगिंग हुई है, जिससे उनकी निगरानी की जा सकती है।

परिसंपत्ति निर्माण के क्षेत्र में मिशन अमृत सरोवर एक उल्लेखनीय उपलब्धि बनी है। इसके अंतर्गत 50,000 जल संरचनाओं का लक्ष्य रखा गया था, मगर 68,000 से अधिक संरचनाएं बनीं। स्पष्ट है कि मनरेगा आज केवल मजदूरी सहायता योजना नहीं बल्कि ग्रामीण सशक्तीकरण का प्रभावी माध्यम बन चुकी है। मनरेगा 2005 में शुरू हुआ। वर्ष 2011-12 में गरीबी दर 27.1% थी, वहीं 2022-23 में यह 5.3% रह गई है।

विकसित भारत-जी राम जी विधेयक प्रति वर्ष 125 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है, जो पहले 100 दिन थे। इसमें कृषि के व्यस्त मौसम के दौरान 60 दिनों की नो वर्क अवधि का भी प्रावधान है, ताकि किसानों को श्रमिकों की उपलब्धता बनी रहे और बाकी समय श्रमिकों को सुनिश्चित रोजगार मिले। मजदूरी का भुगतान हर हफ्ते या अधिकतम 15 दिनों में हो जाएगा। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत कुल अनुमानित वार्षिक व्यय 1,51,282 करोड़ रुपये है। इसमें केंद्र का अनुमानित हिस्सा 95,692.31 करोड़ रुपये है।

### नया विधेयक वक्त की मांग

केंद्र और राज्यों के बीच लागत साझा करने का अनुपात 60:40 रखा गया है, जबकि उत्तर पूर्वी और हिमालयी राज्यों के लिए 90:10 व बिना विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों के लिए पूर्ण केंद्रीय सहायता का प्रावधान किया गया है। इससे राज्यों पर अनावश्यक वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा और वित्तीय अनुशासन भी सुदृढ़ होगा। विपक्ष इस पर झूठा विमर्श गढ़ने की कोशिश कर रहा है। सच यह है कि आज मनरेगा कहीं अधिक मजबूत, पारदर्शी और प्रभावशाली है। विकसित भारत-जी राम जी विधेयक किसी योजना को समाप्त करने का नहीं, बल्कि उसे समय की मांग के अनुरूप विकसित करने का दूरदर्शी और जनहितकारी कदम है।

*(लेखक BJP के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं)*

www.delhi.nbt.in
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर । गुरुवार, 25 दिसंबर 2025

www.timesascent.com
TIMES ascent
Catapult your career

To book your Ad logon to: ads.timesofindia.com

ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE
For advertising queries: Call 18001205474



# पार्ट टाइम वर्क में ऐसे मिलेगी कामयाबी

**पार्ट टाइम वर्क और वर्क फ्रॉम होम का चलन तेजी से बढ़ रहा है। बड़ी कंपनियां तेजी से इस मॉडल को अपना रही हैं। इसकी एक बड़ी वजह वर्क-लाइफ बैलेंस है। ट्रैफिक, पल्यूशन और रोज के सफर से होने वाला तनाव कम होने से कर्मचारियों की सेहत और काम, दोनों पर अच्छा असर पड़ता है। अगर आप भी पार्ट टाइम या घर से काम कर रहे हैं, तो जानिए कुछ बातों को जिससे अपने काम को बना सकते हैं बेहतर:**





**काम से जुड़ी बातें पहले साफ कर लें**
पार्ट टाइम काम शुरू करने से पहले यह साफ कर लेना बहुत जरूरी है कि आप कितना समय काम करेंगे और किस तरह का काम करेंगे। आपकी कंपनी को यह जानकारी होनी चाहिए कि आप किस समय उपलब्ध रहेंगे। वहीं, आपको भी यह पता होना चाहिए कि कंपनी आपसे क्या उम्मीद कर रही है। काम का समय, डेडलाइन और रिपोर्टिंग का तरीका पहले ही तय हो जाए, तो बाद में किसी तरह का कन्फ्यूजन नहीं रहता।

**खुद को कंट्रोल में रखें**
घर से काम करने में सबसे बड़ी चुनौती खुद को कंट्रोल में रखना होती है। ऑफिस की तरह वहां कोई देखने वाला नहीं होता, इसलिए ध्यान भटकना आसान हो जाता है। कोशिश करें कि काम के समय सिर्फ काम पर ही फोकस करें। एक समय में एक ही काम करें और बीच-बीच में छोटे ब्रेक लें। इससे काम भी बेहतर होता है और थकान भी कम लगती है।

**काम के लिए अलग जगह रखें**
वर्क फ्रॉम होम तभी सही से हो पाता है, जब घर में काम के लिए एक तय जगह हो। यह जरूरी नहीं कि अलग कमरा ही हो, लेकिन एक तय कोना जरूर होना चाहिए। वहां बैठकर आपको यह महसूस हो कि यह काम की जगह है। लैपटॉप, इंटरनेट, चार्जर और जरूरी कागज वहीं रखें। इससे बार-बार उठने की जरूरत नहीं पड़ेगी और फोकस बना रहेगा।

**क्वालिटी में कमी न आने दें**
पार्ट टाइम या वर्क फ्रॉम होम में यह बात हमेशा याद रखें कि आपके काम की क्वालिटी पर नजर रखी जाती है। फर्क सिर्फ इतना है कि आप ऑफिस में मौजूद नहीं हैं। काम की जिम्मेदारी वही रहती है। इसलिए काम समय पर पूरा करें और कोशिश करें कि बार-बार सुधार की जरूरत न पड़े। अच्छा काम ही आगे चलकर भरोसा बनाता है।

**टेक्नॉलजी का पूरा इस्तेमाल करें**
पार्ट टाइम काम में टेक्नॉलजी सबसे बड़ी मदद है। ईमेल, विडियो कॉल, चैट ऐप और कॉल के जरिए आप ऑफिस से जुड़े रह सकते हैं। यह जरूरी है कि जरूरत पड़ने पर आप आसानी से उपलब्ध हों। मीटिंग में समय पर जुड़ना और मैसेज का जवाब देना प्रोफेशनल सोच दिखाता है।

**काम और घर के बीच बैलेंस बनाएं**
घर से काम करते समय कई बार काम और निजी जिंदगी की लाइन मिटने लगती है। इसलिए यह जरूरी है कि काम का एक तय समय हो। काम खत्म होने के बाद खुद को ब्रेक दें और परिवार या खुद के लिए समय निकालें। इससे आप अगले दिन ज्यादा एनर्जी के साथ काम कर पाएंगे।

**खुद को अपडेट करते रहें**
पार्ट टाइम काम करने वालों के लिए यह जरूरी है कि वे अपनी स्किल्स को लगातार बेहतर करते रहें। नए टूल्स, नए तरीके और नई जानकारी से जुड़ना आपको दूसरों से आगे रखता है। इससे आपका काम आसान होता है और आगे नए मौके भी मिलते हैं।

**फीडबैक को गंभीरता से लें**
पार्ट टाइम काम में अक्सर लिखित या ऑनलाइन फीडबैक मिलता है। इसे नजरअंदाज करने के बजाय ध्यान से समझें और जरूरी सुधार करें।

## जॉब्स अलर्ट



**MPPSC**
**संस्थान:** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग
**पद का नाम:** डिप्टी डायरेक्टर, प्रिंसिपल ग्रेड II और असिस्टेंट डायरेक्टर
**पदों की संख्या:** 17
**आखिरी तारीख:** 31 दिसंबर
**वेबसाइट:** mppsc.mp.gov.in

**UPPSC**
**संस्थान:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
**पद का नाम:** पॉलिटेक्निक लेक्चरर
**पदों की संख्या:** 513
**आखिरी तारीख:** 2 जनवरी
**वेबसाइट:** uppsc.up.nic.in

**संस्थान:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
**पद का नाम:** मेडिकल ऑफिसर, कम्युनिटी हेल्थ, वेटरनरी ऑफिसर, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, होम्योपैथिक मेडिकल ऑफिसर, चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद), डेंटल सर्जन, ड्रग इंस्पेक्टर, चिकित्सा अधिकारी (यूनानी), चिकित्सा अधिकारी (होम्योपैथिक), वेटिंग ऑफिसर
**पदों की संख्या:** 2158
**आखिरी तारीख:** 29 जनवरी
**वेबसाइट:** uppsc.up.nic.in

**PSPCB**
**संस्थान:** बिहार स्टेट पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड
**पद का नाम:** प्रोग्राम मैनेजर, एयर क्वालिटी एक्सपर्ट, टेक्निकल कंसल्टेंट और जीआईएस एनालिस्ट
**पदों की संख्या:** 04
**आखिरी तारीख:** 31 दिसंबर
**वेबसाइट:** bspcb.bihar.gov.in

**IIMC**
**संस्थान:** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन
**पद का नाम:** एकेडमिक कम टीचिंग एसोसिएट
**पदों की संख्या:** 05
**आखिरी तारीख:** 26 दिसंबर
**वेबसाइट:** iimc.gov.in

**संस्थान:** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन
**पद का नाम:** स्टेनोग्राफर, अपर डिवीजन क्लर्क, प्रोफेशनल असिस्टेंट, सेक्शन ऑफिसर
**पदों की संख्या:** 51
**आखिरी तारीख:** 12 जनवरी
**वेबसाइट:** iimc.gov.in

**JKSSB**
**संस्थान:** जम्मू और कश्मीर सेवा चयन बोर्ड
**पद का नाम:** पुलिस सब इंस्पेक्टर (टेलिकम्युनिकेशन)
**पदों की संख्या:** 83
**आखिरी तारीख:** 13 जनवरी
**वेबसाइट:** jkssb.nic.in

**पुलिस**
**संस्थान:** उत्तर प्रदेश पुलिस
**पद का नाम:** कंप्यूटर ऑपरेटर
**पदों की संख्या:** 1352
**आखिरी तारीख:** 15 जनवरी
**वेबसाइट:** upprpb.in

**AAI**
**संस्थान:** एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया
**पद का नाम:** सीनियर असिस्टेंट और जूनियर असिस्टेंट
**पदों की संख्या:** 14
**आखिरी तारीख:** 11 जनवरी
**वेबसाइट:** aai.aero

**HAL**
**संस्थान:** हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड
**पद का नाम:** अप्रेंटिस
**पदों की संख्या:** 156
**आखिरी तारीख:** आज
**वेबसाइट:** hal-india.co.in

**BSSC**
**संस्थान:** बिहार कर्मचारी चयन आयोग
**पद का नाम:** पथ निर्माण विभाग, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, गृह विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, पर्यावरण नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रमयुक्त श्रम संसाधन, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग आदि में
**पदों की संख्या:** 24492
**आखिरी तारीख:** 15 जनवरी
**वेबसाइट:** onlinebssc.com

**टेलीकम्युनिकेशन्स कंसलटेंट्स इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल)**
(भारत सरकार का उद्यम)
टीसीआईएल भवन, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048

टेलीकम्युनिकेशन्स कंसलटेंट्स इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल), अनुबंध आधार पर बिहार स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क, संस्करण 3.0 (बीएसडब्ल्यूएएन 3.0) परियोजना के लिए मैनपॉवर/संसाधन आवश्यकताओं हेतु पद (ों) के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

**पात्रता, अनुभव और परिलब्धियों के विवरण हेतु, टीसीआईएल वेबसाइट देखें: https://www.tcil.net.in/index.php**

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 09/01/2026 है।**

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India **BOI**
**प्रधान कार्यालय:** स्टार हाउस, प्लॉट सी-5, "जी" ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051.

**प्रशिक्षुओं की नियुक्ति**
**प्रोजेक्ट सं. 2025-26/02**

बैंक ऑफ़ इंडिया जो सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक है, 400 प्रशिक्षुओं की नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।
अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट www.bankofindia.bank.in पर 25.12.2025 से "करियर" अनुभाग देखें।

**महाप्रबंधक (मानव संसाधन)**

**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के अधीन नवरत्न वर्ग का केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम है और भारत की अग्रणी पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को अपनी एम.आई.डी.सी., तलोजा, नवी मुंबई- 410208 स्थित इकाई में निम्नलिखित पद के लिए कार्मिकों की आवश्यकता है।

| क्रम सं. | पद | शाखा | रिक्ति पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रशिक्षु अभियंता | मैकेनिकल | 4 |
| 2 | परियोजना अभियंता | मैकेनिकल | 1 |
| | | इलेक्ट्रिकल | 1 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://www.bel-india.in पर CAREERS लिंक देखें।
दिनांक: 23.12.2025 प्रबंधक (मा.सं.)
फोन : 022 39635724
'हर एक काम देश के नाम'

**BEML LIMITED**
बी ई एम एल BEML
(A Govt. of India Undertaking)
(Schedule 'A' Company under Ministry of Defence)
Regd. Office: "BEML SOUDHA", 23/1, 4th Main Road, Sampangirama Nagar, Bengaluru-560 027 India

**RECRUITMENT OF EXECUTIVES FOR VARIOUS FUNCTIONS**
**KP/S/17-A/2025 Dt.24.12.2025**

BEML Limited, India's leading multi-technology company under the Ministry of Defence, has, over the past six decades, established a strong legacy of delivering world-class products across core sectors such as Defence & Aerospace, Rail, Power, Mining, and Construction. BEML invites result-oriented aspirants to join and contribute to its continued journey of excellence.

| Position Code | Position |
|---|---|
| (101) | Chief General Manager(Gr. IX) **Finance** |
| (102) | General Manager (Gr. VIII) **Finance** |
| (103) | Chief General Manager(Gr. IX) **HR** |
| (104) | General Manager(Gr. VIII) **HR** |
| (105) | Chief General Manager (Gr-IX) **Rolling stock Manufacturing** |
| (106) | General Manager (Gr. VIII) **Metro Business Development** |
| (107) | Deputy General Manager(Gr-VII) **Electronics-Aerospace** |
| (108) | Deputy General Manager(Gr-VII) **Production Planning** |
| (109) | Deputy General Manager(Gr-VII) **Manufacturing** |
| (110) | Deputy General Manager(Gr-VII) **Production / Assembly line** |
| (111) | Deputy General Manager(Gr-VII) **Engine Design** |
| (112) | Deputy General Manager(Gr-VII) **Testing and Calibration** |
| (113) | Deputy General Manager(Gr-VII) **Electrical & Electronic** |
| (114) | Manager(Gr-IV) **Engine Project** |
| (115) | Asst. Manager(Gr III) **Analysis** |
| (116) | Asst. Manager(Gr III) **Design** |
| (117) | Asst. Manager(Gr III) **Engine Testing** |

Motivated and result-oriented professionals seeking challenging opportunities are invited to visit the Careers page on the BEML website (www.bemlindia.in) for detailed information on the advertisement and application process.
**Candidates who have already applied for these positions in response to the advertisement KP/S/17/2025 dated 20.8.2025 need not apply again, provided they meet the terms and conditions. For the positions advertised, the vacancy remains the same as under KP/S/17/2025.**

**राइट्स लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम) सी.आई.एन. नं. L74899DL1974GOI007227
राइट्स भवन, प्लॉट नं. 1, सेक्टर-29, गुरुग्राम – 122001

**निम्नलिखित पदों/विषयों के लिए नियमित आधार पर पेशेवरों की आवश्यकता**

| पद | वीसी सं. | रिक्तियों की सं. |
|---|---|---|
| समूह महाप्रबंधक (मा.सं.) | 193-R2/24 | 01 |
| उप महाप्रबंधक (सिविल–स्टील स्ट्रक्चरल विशेषज्ञ) | RG/18-R1/25 | 01 |
| उप महाप्रबंधक (मा.सं.) | RG/31/25 | 02 |
| प्रबंधक (सिविल/पीपीएस) | RG/32/25 | 01 |
| वरिष्ठ प्रबंधक (बंदरगाह और जलमार्ग) | RG/26/25 | 01 |
| प्रबंधक (बंदरगाह और जलमार्ग) | RG/27/25 | 02 |
| प्रबंधक (तटीय मॉडलिंग) | RG/28/25 | 02 |
| सहायक प्रबंधक (बंदरगाह योजना) | RG/29/25 | 01 |
| सहायक प्रबंधक (मा.सं.) | RG/30/25 | 07 |

विस्तृत विवरण के लिए उम्मीदवार राइट्स वेबसाइट www.rites.com के अंतर्गत Career Section पर दिये गये विस्तृत विज्ञापन को देख सकते हैं।

**जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण**
(प्रशासन विभाग - कार्मिक अनुभाग)
ISO 9001:2015, ISO 14001:2015, ISO 45001:2018, ISO 27001:2013 CERTIFIED
**विज्ञापन संख्या ए/पी-ई/ए-14/2025/एडी-03/कॉन्ट्रैक्ट**

**अनुबंध के आधार पर**
जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण निम्नलिखित पदों की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्र.सं. | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | मेडिकल ऑफिसर | 02 पद |
| 2 | फिजिशियन | 01 पद |
| 3 | एनेस्थेसियोलॉजिस्ट | 01 पद |
| 4 | ऑर्थोपेडिक | 01 पद |
| 5 | रेडियोलॉजिस्ट | 01 पद |
| 6 | डायटीशियन | 01 पद |
| 7 | बायोमेडिकल इंजीनियरिंग | 01 पद |

विस्तृत विवरण के लिए, कृपया जेएनपीए की वेबसाइट www.jnport.gov.in पर जाएं।
प्रभारी उप महाप्रबंधक (का एवं औ सं)

**हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
CIN: L74899DL1970GOI005276, GST No. 07AAACH0632A1ZF
पंजीकृत कार्यालय: कोर 7ए, हडको भवन, भारत पर्यावास केन्द्र, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

विज्ञापन सं.: [illegible] – पूर्ण-कालिक अनुबंध आधार पर सलाहकारों की नियुक्ति [illegible]

| पद | आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव | वार्षिक पारिश्रमिक | आयु सीमा |
|---|---|---|---|
| वरिष्ठ सलाहकार – 02 [illegible] | 12+ वर्षों के अनुभव के साथ इंजीनियरिंग–एमबीए | ₹ 3.0 – 3.5 लाख | 45 |
| सलाहकार – 03 [illegible] | 10+ वर्षों के अनुभव के साथ इंजीनियरिंग–एमबीए [illegible] | ₹ 2.0 – 2.5 लाख | 40 |

अधिक जानकारी और आवेदन [illegible] QR कोड [illegible] www.hudco.org.in पर "करियर" पर जाएं
विकसित भारत के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर वित्तपोषण

**HIMT GROUP OF INSTITUTIONS**
Applications are invited for the following positions

| Director/Principal, Professor, Associate Professor, Assistant Professor | |
|---|---|
| | **HARLAL INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY** (MBA, MCA, BBA, BCA, Bio-Technology, B.Ed, D.El.Ed.) |
| | **HARLAL SCHOOL OF LAW** (Jurisprudence, Corporate Law, IPR, Cyber Law, Law & Media, Taxation, Labour & Industrial Laws, Economics, English, History, Political Science) |
| | **HIMT COLLEGE OF PHARMACY** Pharmaceutics, Pharmacology, Pharmaceutical Chemistry, Pharmacy Practice, Pharmacognosy |

Training & Placement Officer, IQAC Head, Incubation Head, PDP Trainer, Registrar, Librarian, Pharmacy & IT Lab Technician, Lab Assistant, Finance Officer, Accountant, Receptionist, System Administrator, Computer Operator, Manager- Marketing, Admission Counsellor, Graphic Designer, HR Manager, Admin Manager, Manager-Digital Marketing, Office Assistant, Sports Instructor, Yoga Trainer, Electrician, Hostel Warden (Boys & Girls)
Interested & eligible candidates may send their resume and credentials within 15 days from the date of notification at appointment@himt.ac.in
8, Knowledge Park-1, Greater Noida, GB Nagar (U.P.) -201310, Ph. No: 9310071455, 0120-2322817

**INDIAN DIGITAL PAYMENT INTELLIGENCE CORPORATION (IDPIC)**
**REQUIRES – MANAGING DIRECTOR & CEO**
**Vacancy Notice No. - 01, Dated: 22 December 2025**
**Indian Digital Payment Intelligence Corporation (IDPIC)**, a Section 8 Company promoted by leading banks and financial institutions under the aegis of the Indian Banks' Association, invites applications for the post of **Managing Director & Chief Executive Officer**.
**Employment Type:** Full-time for 5 years or up to the age of 65 years, whichever is earlier
**Willing and eligible candidates may apply in the prescribed format on or before 09/01/2026.**
For complete details, including eligibility criteria, application procedure, prescribed application form, terms & conditions, and last date, visit: **https://www.iba.org.in/**
Company Secretary
Indian Digital Payment Intelligence Corporation

**काशी हिन्दू विश्वविद्यालय BANARAS HINDU UNIVERSITY**
An Institution of National Importance established by an Act of Parliament
**विज्ञापन संख्या – 05/2025-26**
**(डॉ. अंबेडकर, सामाजिक विज्ञान संकाय के लिए चेयर प्रोफेसर पद)**
**काशी हिन्दू विश्वविद्यालय**, सामाजिक विज्ञान संकाय में डॉ0 अंबेडकर चेयर के लिए चेयर प्रोफेसर पद पर कार्य करने के लिए योग्य व्यक्तियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
इस संबंध में योग्यता, अनुभव एवं अन्य निर्देश का विवरण कृपया हमारी वेबसाइट http://www.bhu.ac.in/rac. पर देखें।
ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15.01.2026 है। डाउनलोड किया गया आवेदन पत्र प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ 20.01.2026 को सायं 5.00 बजे तक कुलसचिव, कार्यालय, चयन एवं आकलन प्रकोष्ठ, बीएचयू वाराणसी 221005 तक पहुंच जाना चाहिए।
**Date: 16.12.2025** **REGISTRAR**

**राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्रशासनिक भवन, चेंबूर, मुंबई - 400 074
CIN-L24110MH1978GOI020185
**विज्ञापन सं. 15112025**
**ट्रॉम्बे/ थल/ क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए पूरे भारत में भर्ती**
राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ लिमिटेड) उर्वरकों और औद्योगिक रसायनों के निर्माण एवं विपणन के व्यापार में लाभ अर्जित करने वाली अग्रणी "नवरत्न" कंपनी है, जिसका कुल व्यापार लगभग रु. 16933.64 करोड़ है। राष्ट्रीय स्तर के विपणन नेटवर्क के साथ इसकी निर्माण इकाइयां महाराष्ट्र (ट्रॉम्बे चेंबूर, मुंबई तथा थल, जिला-रायगढ़) में स्थित है। कंपनी उत्कृष्ट करियर विकास के अवसर प्रदान करती है। कंपनी निम्नलिखित पदों की भर्ती करना चाहती है।

| क्र. सं. | पद कोड | शाखा एवं पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | E2/112025 | वरिष्ठ अभियंता (रसायन) ई2 श्रेणी | 5 |
| 2 | E4/112025 | प्रबंधक (रसायन) ई4 श्रेणी | 5 |

इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट www.rcfltd.com पर 'भर्ती' अनुभाग देखें।
**कार्यपालक निदेशक (मा.सं.)**

**इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड ENGINEERS INDIA LIMITED**
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
पंजी. कार्यालय: इंजीनियर्स इंडिया भवन,1, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066
**इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड**, नवरत्न श्रेणी का सार्वजनिक उपक्रम तथा अग्रणी समग्र समाधान इंजीनियरिंग परामर्शी कंपनी, देश के विकास में योगदान देने और इस प्रतिष्ठित संगठन का हिस्सा बनने का उत्साह रखने वाले गतिशील कैरियर उन्मुख अनुभवी पेशेवरों के लिए अवसर प्रदान करती है।
ईआईएल की विकास गाथा में भागीदार बनने के लिए निम्नलिखित विषयों में उपयुक्त पात्र, अनुभवी और प्रेरित पेशेवरों की आवश्यकता है : –

| पदनाम | वेतनमान (₹) | रिक्तियों की संख्या* | आरक्षण संबंधी विवरण |
|---|---|---|---|
| प्रबंधक (लागत इंजीनियरिंग) | 80000-220000 | 2 | 1 अनारक्षित, 1 अ.पि.व. |
| उप प्रबंधक (लागत इंजीनियरिंग) | 70000-200000 | 2 | 1 अनारक्षित, 1 अनु.जा. |
| उप प्रबंधक (मैकेनिकल/धातुकर्म इंजीनियरिंग) | | 1 | 1 अ.पि.व. |
| कुल | | 5 | |

*दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या केवल अनंतिम है। पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग व्यक्तियों) के लिए आरक्षण और छूट भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार होगी।
कृपया विस्तृत विज्ञापन के लिए कंपनी की वेबसाइट "http://www.engineersindia.com" देखें। पात्र उम्मीदवार वेबसाइट पर दिनांक 26.12.2025 को 0000 बजे से दिनांक 09.01.2026 को 2359 बजे तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।
मा.सं.वि/भर्ती/विज्ञापन/2025–26/14

**वित्तीय सेवा संस्था ब्यूरो**
भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था
निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है
**राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक में उप प्रबंध निदेशक**
आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव/सेवा आवश्यकता और अन्य नियमों एवं शर्तों के विवरण के लिए, कृपया https://fsib.org.in/ पर "Vacancies & Recommendations" टैब के तहत विज्ञापन देखें।
**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक उम्मीदवार https://fsib.org.in/ पर "Vacancies & Recommendations" टैब के तहत उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या सीधे https://www.research.net/r/dmdnabard2025 पर जा करके आवेदन कर सकते हैं।
**आवेदन की अंतिम तिथि: 16 जनवरी, 2026 शाम 5:00 बजे तक**
नोट: शुद्धिपत्र सहित अतिरिक्त विवरण, यदि कोई हो, केवल ब्यूरो की वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाएंगे।

**WE DON'T OFFER JOB**
**WE OFFER A CAREER...**
*Be a part of winning team...*
***We are inviting applications in following specialities :***
1. **Consultants**
Medicine, Surgery, Obs & Gynaecology Ophthalmology, Neurology, Neuro-Surgery, Gastroenterology, Urology, ENT, Dermatology, Paediatric & Nephrology)
2. **ICU Resident Doctors** - MICU, PICU, NICU
3. **JR/Sr. Residents** - Medicine/Surgery/Paediatric/ Gynaecology
4. **Casualty Medical Officer** - Casualty Experience or Fellowship in Emergency Care

**Min. Exp. For Position No. 1 : +7 yrs. ,**
**For Position No. 2 to 4 : 2 yrs.**
Apply in confidence within **One Month** with complete resume detailing of your qualification, experience & achievements.
SHANTI MUKAND HOSPITAL
A UNIT OF SHRI MUKANDLAL MEMORIAL FOUNDATION FOR HEART & MEDICAL CARE
hr@shantimukand.org
011 - 47276614

**आईआईएम मुंबई**
भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई
Indian Institute of Management Mumbai
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
**विज्ञापन सं. प्रशा./भर्ती/संकाय/2025/10 दिनांक 19 दिसंबर 2025**
**विज्ञापन सं. प्रशा./भर्ती/2025/32 दिनांक 23 दिसंबर 2025**
**शैक्षणिक और गैर - शैक्षणिक पदों के लिए विज्ञापन**
**शैक्षणिक पद**
- प्राध्यापक एवं संयुक्त प्राध्यापक

**गैर - शैक्षणिक पद**
- प्रबंधक (लेखा व लेखा परीक्षा)
- कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (लेखा)
- वरिष्ठ हिंदी अनुवादक
- कनिष्ठ हिंदी अनुवादक - पुनर्ग्रहणाधिकार रिक्ति के सापेक्ष
- कनिष्ठ सहायक (कार्यक्रम)
- कनिष्ठ सहायक (लेखा)
- कनिष्ठ सहायक (आईटी/तकनीकी)

विस्तृत विज्ञापनों के लिए, कृपया https://iimmumbai.ac.in/careers देखें।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

**GL BAJAJ**
Group of Institutions
Applications are invited for the following positions
**Professor | Associate Professor | Assistant Professor**

**Engineering & Technology**
- Computer Science & Engineering
- Computer Science/CSE(AI&ML)
- Artificial Intelligence
- Machine Learning
- Deep Learning
- Object Oriented Programming
- Cloud Computing
- C, C++, Java
- Electronics Engineering
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering

**Management**
- Human Resource Management
- Finance Management
- Marketing Management
- Information Technology
- Operations Management

**Applied Science & Humanities**
- Mathematics
- Physics
- Chemistry
- English/Professional Communications

**Non-Teaching Category**
Estate Officer | Accountant | Warden (Boys/Girls) | Jr. Engineer/Site Supervisor (Civil Works) | Jr. Engineer (Electrical Works) | Lab Assistant (Computer Lab) | Office Assistant
Qualifications, Experience & Salary as per AICTE norms. Interested candidates may send their applications stating - Position applied for and Department by email at: careers@glbajajgroup.org (within 7 days from the date of advertisement)
NH#19, Mathura-Delhi Road, PO - Akbarpur, Mathura 281 406 (UP) 07252000203

Shri Vile Parle Kelavani Mandal's
**SHRI BHAGUBHAI MAFATLAL POLYTECHNIC AND COLLEGE OF ENGINEERING**
Vile Parle (West), Mumbai – 400056
(Approved by AICTE, Recognized by DTE Mumbai (Government of Maharashtra) and Affiliated to Dr. Babasaheb Ambedkar Technological University) Website: https://sbmp.ac.in/
Email id: principalsbmp@sbmp.ac.in Contact Number: 022-4233 6000
(Permanently Non-Granted)
**RECRUITMENTS**
Applications are invited from the eligible candidates for the various Teaching positions on permanently Non-granted basis. The application with supporting documents should reach to the undersigned, **"Hon. Secretary, Shri Vile Parle Kelavani Mandal, NMIMS New building, 10th Floor, V. L. Mehta Road, Vile Parle (West), Mumbai – 400 056"** within 21 (twenty-one) days from the date of publication of this advertisement. Applications with incomplete information or documents, or received after the due date will not be considered.
The detailed about the vacant positions, reservations, Education Qualifications, Experience and other requirements, pay Scale, terms and conditions and the procedure for application is available on the college website **https://sbmp.ac.in/** and university website **https://dbatu.ac.in/**
Place: Mumbai Sd/-
Date: 24/12/2025 Hon. Secretary
Shri Vile Parle Kelavani Mandal

**MGM**
**NEW BOMBAY HOSPITAL, VASHI**
Urgently Required
**CONSULTANTS / DOCTORS**
- Medical Oncologist (DM / DNB Medical Oncology)
- Consultant Cardiologist (DM / DNB)
- Consultant Non Invasive Cardiologist (MD / DNB, Fellowship or Diploma)
- Intensivist (MD / DNB)
- Consultant Microbiologist (MD / DNB Microbiology)
- Senior / Junior Consultants (Gen. Medicine / Pulmonology / Respiratory Medicine / Gen. Surgery)
- Consultant / Jr. Consultant OBGY
- Sr. Resident – (Ortho, OBGY, Gen. Surgery)
- Duty Medical Officer (ICU / Ward) MBBS (Fresher can also apply)
- Clinical Co-ordinator - BAMS, BHMS
- Physician Assistant (Bachelor's / Master's Degree in PA)

**NURSES**
- ICU / OT / NICU / Cardiac OT / Endoscopy (GNM / BSc / PB BSc Nursing preferably with 2-5 years experience)
- Nurse Supervisor (GNM / BSc / PB BSc Nursing preferably 10+ years experience)
- Nurse Manager for ICU and Wards (MSc Nursing preferably with 10+ years experience)
- Nurse Educators (MSc Nursing preferably with 3+ years experience)

**TECHNICIANS**
- Endoscopy Technician (Degree in Endoscopy Technology)
- CSSD Technician (BSc / Diploma in CSSD Technology)
- Cath-Lab Technician (BSc in Cath-Lab)
- Dialysis Technician (BSc in Dialysis Technology)
- Perfusionist (BSc in Cardiac Perfusion Technology)
- Optometrist (BSc / MSc in Optometry)

**CLINICAL PHARMACIST (Pharm D)**
**PHARMACIST (M. Pharm / B. Pharm / D. Pharm)**
**EXPERIENCED ADMINISTRATIVE STAFF**
Medical Administration, Admin Co-ordinator, HR Co-ordinator, Insurance / TPA Co-ordinator, Financial Counsellor, Floor Co-ordinator, Medical Record Co-ordinator, Housekeeping Supervisor, Housekeeping Co-ordinator, Medical Transcriptionist, Front Office Staff, Receptionist, OPD Co-ordinator (MBA / Graduate preferably with 2-5 years hospital experience) Tele-calling Operator, Office Assistant for Data Entry, Helper / Runner for Medical Store
**MAINTENANCE STAFF**
Electrician, Plumber, Carpenter, Tower Parking Operator, Medical Oxygen Gas Operator (Preferable with hospital experience)
Candidates with relevant qualification & experience may e-mail their CV's at
**hr@mgmhospitalvashi.net**
for the post applied within 15 days from the date of release of advertisement.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 2 Page: NBTGRP16 User: cci Time: 12-24-2025 22:30 Color:



प्रत्येक खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर रहा है। अगले साल टी20 वर्ल्ड कप है, इसलिए हम छोटी-छोटी चीजों पर भी ध्यान दे रहे हैं। हम फील्डिंग पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं और खेल में लगातार सुधार की कोशिश कर रहे हैं। -शेफाली वर्मा, ओपनर, भारतीय विमिंस टीम



**60**

लिस्ट-ए सेंचुरी लगाई हैं सचिन तेंडुलकर ने अपने करियर में। वह लिस्ट-ए इतिहास में सर्वाधिक सेंचुरी लगाने वाले बैटर हैं। दूसरे नंबर पर 58 लिस्ट-ए सेंचुरी के साथ भारत के ही विराट कोहली हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. लिस्ट-ए क्रिकेट के इतिहास में सर्वाधिक सेंचुरी किस प्लेयर ने बनाई है?
A) विराट कोहली B) ब्रायन लारा C) रिकी पॉन्टिंग D) सचिन तेंडुलकर
2. वर्ल्ड रैपिड ऐंड ब्लिट्ज चैंपियनशिप 2025/26 किस शहर में आयोजित हो रहा है?
A) दोहा B) इस्तांबुल C) लंदन D) चेन्नै

**कल के जवाब**
1. C) 38 2. B) मेलबर्न

**लकी WINNER**
1. अर्जित, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
2. दीपक गुप्ता, लक्ष्मी नगर, दिल्ली
3. दिनेश वर्मा, जोगेश्वरी, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### श्रीभूमि, गढ़वाल विजयी
■ **कल्याणी:** कप्तान डांगमेई ग्रेस के दो गोल की बदौलत श्रीभूमि एफसी ने इंडियन विमिंस लीग में गोकुलम केरला को 4-0 से हराया। ग्रेस ने चौथे और 59वें मिनट में गोल किए, जबकि रिम्पा हलदर और अंजू थापा ने भी स्कोरशीट पर नाम दर्ज कराया। उधर, कोलकाता में गढ़वाल यूनाइटेड ने लिफडिकिम के 79वें मिनट के गोल से किकस्टार्ट एफसी को 1-0 से मात दी।

### नामधारी ने दर्ज की जीत
■ **सूरत:** हॉकी इंडिया सब-जूनियर मेंस अकैडमी चैंपियनशिप में नामधारी इलेवन, राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब, एसजी और सेल हॉकी अकैडमी ने जीत दर्ज की। राउंडग्लास ने सैल्यूट अकैडमी को 18-1 से रौंदा, जिसमें वरिंदर और अर्जनदीप सिंह ने पांच-पांच गोल दागे। नामधारी ने एसजीपीसी को 2-1 से हराया।

### युवराज देंगे चुनौती
■ **जमशेदपुर:** सीजन का अंतिम PGTI टूर्नामेंट टाटा ओपन गुरुवार से बेलडीह और गोलमुरी कोर्स पर शुरू होगा। दो करोड़ रुपये इनामी इस प्रतियोगिता में 126 पेशेवर हिस्सा लेंगे। युवराज संधू, वीर अहलावत, गगनजीत भुल्लर, ओम प्रकाश चौहान और राशिद खान जैसे दिग्गज मैदान में उतरेंगे।

### ओजाकी का निधन
■ **टोक्यो:** जापान के दिग्गज गोल्फर मसाशी 'जंबो' ओजाकी का 78 वर्ष की उम्र में कैंसर से निधन हो गया। ओजाकी ने जापान गोल्फ टूर पर रेकॉर्ड 94 जीत दर्ज की और 113 इंटरनैशनल खिताब जीते।

घरेलू पचास ओवर टूर्नामेंट के पहले दिन ही दिग्गजों ने लगाई रनों की झड़ी, कई कीर्तिमान भी रचे गए

# विराट का वैभव, जमकर बरसे रोहित-ईशान

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** घरेलू पचास ओवर क्रिकेट टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी-2025/26 के आगाज के साथ बुधवार को पहले दिन ही स्टार भारतीय प्लेयर्स ने अपना जलवा दिखाया। इससे इस टूर्नामेंट का आकर्षण काफी बढ़ गया है। इनमें दिग्गज विराट कोहली, 'हिटमैन' रोहित शर्मा और हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप-2026 के लिए घोषित भारतीय टीम के लिए चयनित ईशान किशन ने अपनी-अपनी टीमों के लिए सेंचुरी जड़ी। दूसरी ओर, बिहार की युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने भी बल्ले का पराक्रम दिखाते हुए धुआंधार शतकीय पारी खेली। बिहार के कप्तान सकिबुल गनी ने भी ताबड़तोड़ सेंचुरी के साथ लिस्ट-ए क्रिकेट में नया कीर्तिमान कायम किया।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

**गरजा विराट का बल्ला:** विराट कोहली ने विजय हजारे ट्रॉफी में पंद्रह साल बाद अपनी वापसी को यादगार बनाया। हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो शतक और तीसरे मैच में नाबाद अर्धशतक जड़ने वाले किंग कोहली ने बेंगलुरु में आंध्र प्रदेश के खिलाफ हुए मुकाबले में लिस्ट-ए क्रिकेट में अपना 58वां शतक जमाया। बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' ग्राउंड पर बिना दर्शकों के खेले गए मैच में विराट ने 101 बॉल पर 14 फोर और 3 सिक्स समेत 131 रनों की उम्दा पारी खेली। इसकी बदौलत उनकी टीम दिल्ली (37.4 ओवर्स में 300/6) ने आंध्र प्रदेश (50 ओवर्स में 298/8) द्वारा रखे गए लक्ष्य को आसानी से पूरा कर चार विकेट से आसान जीत दर्ज की। स्टेडियम पर 'कोहली कोहली' वाला दर्शकों का शोर नदारद था, मगर विराट ने कुछ काल्पनिक धुन पर डांस किया और माहौल बनाने की कोशिश की। विराट की पारी के दौरान उनके कुछ कैच छूटे लेकिन वह जल्द ही अपने जाने-पहचाने अंदाज में आ गए। उन्होंने कुछ शानदार शॉट्स लगाए जिसमें पुल, फ्लिक, कट्स और स्ट्रेट ड्राइव शामिल थे। उन्होंने 39 गेंद में 50 रन और 83 गेंद में 100 रन बना लिए। लेकिन, उन्होंने ड्रेसिंग रूम की ओर एक हाथ हिलाकर साधारण तरीके से अपनी सेंचुरी पूरी होने का जश्न मनाया।

**रोहित ने भी जमाया रंग:** हिटमैन रोहित शर्मा भी टूर्नामेंट के पहले दिन मौका नहीं चूके। वह करीब सात साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी में उतरे थे। उन्होंने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम पर सिक्किम के खिलाफ 94 बॉल में 9 सिक्स और 18 फोर के साथ 155 रनों की जोरदार पारी खेली। इस दौरान रोहित ने अपने लिस्ट-ए करियर का 37वां शतक बनाया जो उनका सबसे तेज शतक भी था। रोहित शर्मा ने महज 62 गेंदों में शतक पूरा किया। इससे पहले उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में अफगानिस्तान के विरुद्ध 63 गेंदों में शतक लगाया था। रोहित की शानदार पारी के दम पर मुंबई ने इस मैच में 8 विकेट से दमदार जीत दर्ज की। सिक्किम ने 50 ओवर्स में 7 विकेट पर 236 रन बनाए थे। जवाब में मुंबई ने 30.3 ओवरों में ही 2 विकेट पर 237 रन बनाकर जीत हासिल की। रोहित की पारी में शानदार पुल, हवाई शॉट्स और स्कूप शॉट देखने को मिले। रोहित को देखने का क्रेज ऐसा था कि स्टेडियम करीब 80 पर्सेंट भरा हुआ था। स्टेडियम के बाहर सुबह 9 बजे से ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी।



**16000** रन लिस्ट-ए क्रिकेट में पूरे करके विराट कोहली ने दिग्गज सचिन तेंडुलकर का रेकॉर्ड तोड़ दिया

**330** पारियों में इस मुकाम पर पहुंचे विराट जबकि सचिन ने 391 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी



वैभव सूर्यवंशी



रोहित शर्मा

**14** साल 272 दिन की उम्र में शतक जड़कर वैभव सूर्यवंशी लिस्ट-ए क्रिकेट में सेंचुरी जमाने वाले सबसे युवा प्लेयर बन गए हैं

**1** पहली टीम बनी बिहार जिसके तीन बल्लेबाजों ने विजय हजारे ट्रॉफी मैच की एक पारी में एक साथ सेंचुरी जड़ी।

**38** सिक्स जड़े गए बिहार की पारी के दौरान। यह मेंस लिस्ट-ए क्रिकेट की एक पारी में सर्वाधिक छक्के का कीर्तिमान है।

**413** रन का टारगेट चेज किया कर्नाटक ने झारखंड के खिलाफ। यह लिस्ट-ए इतिहास में दूसरे सबसे बड़े चेज का रेकॉर्ड है

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### 'मास्टर' को एक और मामले में पीछे छोड़ दिया विराट ने

विराट कोहली ने बुधवार को आंध्र के खिलाफ अपनी शतकीय पारी के दौरान लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 16000 रन पूरे करके दिग्गज सचिन तेंडुलकर का रेकॉर्ड तोड़ दिया। विराट 330 पारियों में इस मुकाम पर पहुंचे जबकि सचिन ने 391 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। विराट के नाम अब लिस्ट-ए में 10000 से लेकर 16000 रन सबसे कम पारियों में बनाने का रेकॉर्ड है। पूर्व भारतीय कप्तान का विजय हजारे ट्रॉफी में रेकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने इस प्रतियोगिता के 13 मैचों में 68.25 के औसत और 106 के स्ट्राइक रेट से 819 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं।

### ईशान के शतक पर भारी पड़ी देवदत्त की पारी

ईशान किशन ने झारखंड के कप्तान के रूप में खेलते हुए कर्नाटक के खिलाफ 39 बॉल में 125 रनों (7 फोर, 14 सिक्स) की तूफानी पारी खेली जिससे झारखंड ने 50 ओवर्स में नौ विकेट पर 412 रन बनाए। हालांकि ईशान की पारी पर कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल की 118 बॉल में 147 रन (10 फोर, 7 सिक्स) की पारी भारी पड़ गई और कर्नाटक ने 47.3 ओवर्स में 5 विकेट पर 413 रन बनाकर पांच विकेट से जीत हासिल की। कर्नाटक ने इस जीत के साथ लिस्ट-ए क्रिकेट में दूसरे सबसे बड़े टारगेट को हासिल करने का रेकॉर्ड भी बनाया।

### सूर्यवंशी, गनी की पारियों से बिहार ने रचा इतिहास

युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी (84 गेंद पर 190 रन, 16 फोर, 15 सिक्स) और कप्तान सकिबुल गनी (128 रन, 40 बॉल, 10 फोर, 12 सिक्स) के शानदार प्रदर्शन से रांची में बिहार ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 574/6 का स्कोर बनाया, जो लिस्ट-ए क्रिकेट में सर्वाधिक स्कोर का नया वर्ल्ड रेकॉर्ड है। प्लेट ग्रुप के इस मैच में बिहार ने अरुणाचल के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं। गनी ने महज 32 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो लिस्ट-ए क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे तेज शतक का नया रेकॉर्ड है। वैभव ने केवल 36 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। अरुणाचल 42.1 ओवर्स में 177 रनों पर ढेर हो गई और बिहार ने 397 रनों से मैच जीता।



## बुमरा, पंत ने मांग ली थी माफी: बावुमा

■ **एजेंसियां, जोहानिसबर्ग:** साउथ अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने भारत के हालिया दौरे के दौरान की गई टिप्पणियों के बारे में बात करते हुए कहा कि जसप्रीत बुमरा और ऋषभ पंत ने आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए माफी मांग ली थी। उन्होंने साथ ही माना कि साउथ अफ्रीका के कोच शुकरी कॉनराड को 'भारत को घुटने पर लाने' जैसी टिप्पणी करने से बचना चाहिए था।

क्रिकेट कनेक्ट

**नहीं पता था कब इस्तेमाल हुआ शब्द:** दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20I मैच वाले इस दौरे पर साउथ अफ्रीका ने भारत में लंबे प्रारूप में 25 साल बाद जीत दर्ज की। बावुमा ने अपने कॉलम में लिखा, 'मुझे पता है कि मेरे साथ एक घटना हुई थी, जहां उन्होंने अपनी भाषा में मेरे बारे में कुछ कहा था। पर दिन के आखिर में ऋषभ और बुमरा आए और उन्होंने माफी मांग ली।' उन्होंने कोलकाता में पहले टेस्ट के दौरान हुई घटना का जिक्र किया, जिसमें बुमरा और पंत ने उन्हें उनके कद पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा, 'जब माफी मांगी गई तो मुझे नहीं पता था कि यह किस बारे में था। मैंने उस समय इसे नहीं सुना था।' बावुमा ने फिर गुवाहाटी में दूसरे टेस्ट के दौरान कॉनराड द्वारा की गई टिप्पणी पर कहा, 'शुकरी को भी अपनी टिप्पणी के लिए आलोचना झेलनी पड़ी। मुझ पर मीडिया से काफी दबाव था और मुझसे टिप्पणियों को स्पष्ट करने के लिए पूछा जा रहा था।'


### टेस्ट रैंकिंग्स में हेड, कैरी और कॉन्वे को फायदा

**दुबई:** ICC की ताजा टेस्ट बैटिंग रैंकिंग्स में ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड और एलेक्स कैरी तथा न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे ने शानदार प्रदर्शन का पूरा लाभ उठाया है। इंग्लैंड के जो रूट शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। हेड ने एडिलेड टेस्ट की दूसरी पारी में 170 रन की पारी खेली थी। इस प्रदर्शन के दम पर उन्होंने चार स्थान की छलांग लगाते हुए चौथा स्थान हासिल किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने उसी टेस्ट में 106 और 72 रन की पारियां खेलीं, जिससे उन्हें छह स्थान का फायदा हुआ और वह नौवें स्थान पर पहुंच गए।

## इंग्लैंड को झटका, आर्चर बाहर

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे दो एशेज टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाएंगे। टीम मैनेजमेंट ने बुधवार को चौथे टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन की घोषणा की। आर्चर की जगह तेज गेंदबाज गस एटकिंसन को जगह दी गई है। बीते तीन टेस्ट में खराब प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज ओली पोप की जगह जैकब बेथेल को टीम में शामिल किया गया है।

द एशेज



इंग्लिश बॉलर गस एटकिंसन

सीनियर नैशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप

## उन्नति, तन्वी ने की जीत से शुरुआत

■ **एजेंसियां, विजयवाड़ा:** युवा बैडमिंटन प्लेयर उन्नति हुड्डा, तन्वी शर्मा, रौनक चौहान और संस्कार सारस्वत ने बुधवार को यहां 87वीं सीनियर नैशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने मुकाबले जीत लिए। दूसरे राउंड में उन्होंने आकांक्षा मारे को 21-8, 21-18 से हराया। वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी ने शाइना मणिमुथु पर 21-10, 21-14 से जीत हासिल की। गुवाहाटी मास्टर्स सुपर-100 चैंपियन संस्कार ने मेंस सिंगल्स में शिखर रतन पर 21-11, 21-13 की जीत से अभियान शुरू किया। अनुष्का आकर्षि कश्यप और अस्मिता चालिहा ने भी अगले दौर में जगह बनाई।



उन्नति हुड्डा


# सिर्फ हार्दिक खेल रत्न के लिए नामित

**स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स**

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** भारतीय मेंस हॉकी टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह के नाम की अनुशंसा इस साल मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार के लिए की गई है। जबकि चेस प्लेयर दिव्या देशमुख और डेकाथलीट तेजस्विन शंकर समेत 24 खिलाड़ियों के नाम अर्जुन पुरस्कार के लिए दिए गए हैं।

**पहली बार योगा प्लेयर को भी अवॉर्ड:** चयन समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। मिडफील्डर हार्दिक तोक्यो ओलिंपिक 2021 और पैरिस ओलिंपिक 2024 में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। इस साल एशिया कप में गोल्ड जीतने वाली टीम में भी वह शामिल थे। सूत्रों ने बताया कि खेल मंत्रालय से औपचारिक मान्यता मिलने के पांच साल बाद पहली बार योगासन खिलाड़ी आरती पाल का नाम भी अर्जुन पुरस्कार के लिये दिया गया है। आरती नैशनल और एशियन चैंपियन हैं। एशियन गेम्स 2026 में योगासन नुमाइशी खेल के रूप में शामिल होगा।

**अर्जुन अवॉर्ड के लिए 21 प्लेयर्स:** चयन समिति ने बुधवार को हुई बैठक में अर्जुन पुरस्कार के लिए 21 अन्य नाम तय किए हैं। उन्नीस वर्ष की देशमुख वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला प्लेयर हैं। चेस प्लेयर विदित गुजराती और ऐथलीट तेजस्विन शंकर के नाम की भी अनुशंसा की गई है। शूटर मेहुली घोष, जिम्नैस्ट प्रणति नायक और बैडमिंटन जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद के नाम की भी सिफारिश की गई है। इस सूची में कोई क्रिकेटर शामिल नहीं है। मोहम्मद शमी यह पुरस्कार पाने वाले आखिरी क्रिकेटर थे जिन्हें 2023 में सम्मान मिला था।



हार्दिक सिंह



दिव्या देशमुख

### अवॉर्ड की लिस्ट

**मेजर ध्यानचंद खेल रत्न:** हार्दिक सिंह (हॉकी)
**अर्जुन अवॉर्ड:** तेजस्विन शंकर (ऐथलेटिक्स), प्रियंका (ऐथलेटिक्स), नरेंदर (मुक्केबाजी), विदित गुजराती (चेस), दिव्या देशमुख (चेस), धनुष श्रीकांत (बधिर निशानेबाजी), प्रणति नायक (जिम्नैस्टिक्स), राजकुमार पाल (हॉकी), सुरजीत (कबड्डी), निर्मला भाटी (खो-खो), रुद्रांक्ष खंडेलवाल (पैरा शूटिंग), एकता भयान (पैरा ऐथलेटिक्स), पद्मनाभ सिंह (पोलो), अरविंद सिंह (नौकायन), अखिल श्योराण (शूटिंग), मेहुली घोष (शूटिंग), सुतीर्था मुखर्जी (टेबल टेनिस), सोनम मलिक (रेसलिंग), आरती (योग), ट्रीसा जॉली (बैडमिंटन), गायत्री गोपीचंद (बैडमिंटन), लालरेमसियामी (हॉकी), मोहम्मद अफजल (ऐथलेटिक्स) और पूजा (कबड्डी)

## आर्सनल लीग कप के सेमीफाइनल में

■ **एपी, लंदन:** आर्सनल ने मंगलवार को क्रिस्टल पैलेस को पेनल्टी शूटआउट में 8-7 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में आर्सनल के सामने चेल्सी की चुनौती होगी। केपा अरिजाबलागा ने एमिरेट्स स्टेडियम में खेले गए मैच में मैक्सेंस लैक्रोइक्स की पेनल्टी किक को रोककर आर्सनल की शूटआउट में जीत पक्की की। निर्धारित समय तक मैच 1-1 से बराबरी पर था। इससे पहले लैक्रोइक्स ने 80वें मिनट में आत्मघाती गोल किया, जिससे आर्सनल ने बढ़त हासिल की। मार्क गुएही ने स्टॉपेज टाइम में पैलेस के लिए बराबरी का गोल दागा। दूसरे सेमीफाइनल में मैनचेस्टर सिटी का मुकाबला मौजूदा चैंपियन न्यूकैसल से होगा।

फुटबॉल कॉर्नर



आर्सनल के गोलकीपर केपा अरिजाबलागा शूटआउट के दौरान

### इलियस के डबल से जीता ट्यूनीशिया

**नई दिल्ली:** इलियस एचुरी के दो गोल की बदौलत ट्यूनीशिया ने रबात में खेले जा रहे AFCON (अफ्रीका कप ऑफ नेशंस) टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में युगांडा को 3-1 से हरा दिया। ट्यूनीशिया ने तकरीबन 10 साल बाद पहली बार AFCON में अपना ओपनिंग मैच जीता है।

## वीनस ने मॉडल प्रेटी के साथ रचाई शादी



अपने पति प्रेटी के साथ वीनस

■ **एपी, पाम बीच (फ्लोरिडा):** सात बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने एंड्रिया प्रेटी से शादी कर ली है। वीनस ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। वीनस और प्रेटी फ्लोरिडा के पाम बीच में सप्ताहांत में पांच दिवसीय समारोह के विवाह बंधन में बंधे। जुलाई में टूर स्तरीय सिंगल्स मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बनने के बाद 45 वर्षीय वीनस ने डीसी ओपन में स्टैंड में मौजूद अपने मंगेतर का आभार व्यक्त किया था। एक वेबसाइट के अनुसार प्रेटी डेनमार्क में जन्मे इतालवी मॉडल और अभिनेता हैं। डीसी ओपन में भाग लेने से पहले वीनस ने 16 महीनों तक किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था।

## जीत के साथ सत्र समाप्ति का गुकेश के पास मौका

■ **एजेंसियां, दोहा:** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश के लिए 2025 के अंतिम टूर्नामेंट में जीत के साथ मुश्किल सीजन का सकारात्मक समापन करने का सुनहरा मौका है। वहीं, कोनेरू हंपी सितारों से सजी वर्ल्ड रैपिड और ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप में अपने खिताब की रक्षा के इरादे से उतरेंगी।

इस प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन, अमेरिका के फैबियानो कारुआना और वेसली सो, रूस के इयान नेपोम्नियाशी के साथ भारत के आर प्रग्गनानंदा, अर्जुन एरिगैसी और निहाल सरीन चुनौती पेश करेंगे। दो साल पहले वर्ल्ड खिताब जीतने वाले गुकेश इस सीजन में निरंतरता हासिल नहीं कर पाए हैं। टाटा स्टील टूर्नामेंट में उन्हें प्रग्गनानंदा के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में अगले वर्ष होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप से पहले यह टूर्नामेंट उनके लिए आत्मविश्वास दोबारा पाने का अहम मंच माना जा रहा है।



वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश

**2** दो बार जीत चुके हैं विश्वनाथन आनंद वर्ल्ड चैंपियनशिप के खिताब को जबकि कोनेरू हंपी भी इस खिताब को दो बार अपने नाम कर चुकी हैं

### एरिगैसी चाहेंगे वापसी

एरिगैसी भी फिडे वर्ल्ड कप में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का टिकट चूकने के बाद लय में लौटने की कोशिश करेंगे। भारत का दबदबा इस बात से झलकता है कि रैपिड और ब्लिट्ज ओपन वर्ग में रेकॉर्ड 29 और महिला वर्ग में 13 भारतीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज के दिन जीवनसाथी का सहयोग व सान्निध्य प्राप्त होगा। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। पंचम भाव दूषित होने के कारण आज संतान पक्ष से निराशा जनक समाचार मिल सकता है। सायंकाल के समय कोई रुका काम बनेगा, जिससे मन में हर्ष होगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा आपके पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात्रि में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज के दिन किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। सायंकाल में कोई रुका कार्य पूरा होगा। रात्रि में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
चंद्रमा अष्टम भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आज न चाहते हुए भी कहीं जाना पड़ सकता है। आज के दिन की गई यात्रा लाभदायक रहेगी। रात्रि में प्रिय व्यक्तियों का दर्शन व सुसमाचार भी मिलेगा। निवेश के मामले में आज जोखिम उठा सकते हैं।

**LEO** 23 July - 22 Aug
राशि का स्वामी सूर्य चार ग्रहों के बीच में आ गया है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी। हालांकि आज के दिन अधिक भागदौड़ होने से थकावट महसूस कर सकते हैं। आपकी तरक्की देख विरोधियों का मनोबल गिरेगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज के दिन रोजगार और व्यापार के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। शुभ व्यय व कीर्ति की वृद्धि होगी। आज के दिन माता-पिता का आशीर्वाद भी मिलेगा।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर-परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुयश मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी तरक्की देख विरोधियों का मनोबल गिरेगा। पास व दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
पिछले कुछ दिनों से आपकी सेहत संबंधी कष्ट हो रहे हैं। बेहतर होगा आज किसी अच्छे डॉक्टर से अपने स्वास्थ्य को लेकर सलाह-मशविरा करने और उसके बाद ही बाकी के कामों में जुटें। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से आज के दिन व्यस्तता थोड़ी बढ़ सकती है।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। ससुराल पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन प्राप्त हो सकता है। सायंकाल से लेकर रात्रि तक सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे। धर्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सायंकाल के समय किसी झगड़े-विवाद में न पड़ें। रात्रि में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बन रहा है। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज आपके स्वास्थ्य सुख में कुछ व्यवधान आ सकते हैं। राशि का स्वामी शनि चंद्रमा के साथ उदय चल रहा है। इसलिए सोच-समझकर ही कोई कार्य करें। आज कोई विपरीत समाचार सुनकर अचानक यात्रा पर जाना पड़ सकता है, इसलिए सावधान रहें और झगड़े-विवाद से भी बचें।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और सालों से आज लेन-देन न करें, संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्चा हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। बहुमूल्य वस्तु खोने का अथवा चोरी होने का भय बना हुआ है।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष मंगल, बुध और चंद्र के प्रभाव क्षेत्र में रहेगा। दिसंबर तक में आयात-निर्यात के व्यापार से जुड़े लोगों को बराबर समस्याओं से जूझना पड़ेगा। जनवरी 2026 से लेकर फरवरी के महीनों तक अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। गत वर्ष के सभी रुके हुए प्रयास उभरकर सामने आएंगे। आपका जीवन स्तर ऊंचा उठेगा। मार्च के महीने में आर्थिक कष्ट व्यथित कर सकते हैं। अप्रैल के महीने में जहां आपको किसी भाग्यवर्धक कार्यक्षेत्र से जुड़ना पड़ेगा, तो वहीं मई माह के शेष तक आपके कार्य कौशल और एकाग्रता से सभी जोखिम के कार्य सरल हो जाएंगे। इस वर्ष के उत्तरार्ध जून, जुलाई से अक्टूबर तक आपका जीवन स्तर ऊंचा उठेगा, सब लोग आपके कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। सितंबर में यदि कष्ट या चिंता हो तो शनिवार सुबह स्टील की कटोरी में सरसों का तेल भरकर उसमें अपना मुख देख लें और कटोरी को तेल सहित डाकोत को दान कर दें। इस तरह पांच शनिवार करें इससे अक्टूबर तक घर में सुख-शांति बनी रहेगी। नवंबर-दिसंबर में महिलाओं को किसी भाग्यवर्धक कार्य से जुड़ना पड़ेगा। उन्हें उन्नति के साथ-साथ यश भी मिलेगा। शत्रु जनित षड्यंत्र व लोकापवाद से सावधान रहें। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा


### कल का पंचांग
(शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति पौष 5, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, षष्ठी, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 12, रजब 5, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 26 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजे तक। षष्ठी तिथि मध्याह्न 1 बजकर 43 मिनट तक उपरांत सप्तमी तिथि का आरंभ। शतभिषा नक्षत्र प्रातः 9 बजे तक उपरांत पूर्व भाद्रपद नक्षत्र का आरंभ। सिद्धि योग 2 बजकर 1 मिनट तक उपरांत व्यतीपात योग का आरंभ। तैतिल करण दोपहर 1 बजकर 44 मिनट तक उपरांत वणिज करण का आरंभ। आज के व्रत त्योहार -तुलसी पूजन-क्रिसमस दिवस।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | 6 | | 1 | | |
| | | 5 | 8 | 2 | | | | 3 |
| | | | 1 | 5 | 4 | | 2 | |
| 5 | 8 | | | | | | 3 | |
| | | | 5 | | 6 | | | |
| | 9 | | | | | | 1 | 2 |
| | 1 | | 6 | 4 | 9 | | | |
| 4 | | | | 8 | 5 | 3 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बड्डूप बुड़बक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 रुद्र के रक्षक |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 21:00 चैंप |
| 13:30 भ से भाई | |

## फटाफट खबरें

### Haier में 49% हिस्सेदारी खरीदी

■ पीटीआई, नई दिल्ली : भारती एंटरप्राइजेज और वारबर्ग पिंकस (Warburg Pincus) ने बुधवार को वॉशिंग मशीन और फ्रिज बनाने वाली मशहूर कंपनी हायर इंडिया (Haier India) में 49% हिस्सेदारी खरीदने का फैसला किया है। यह डील करीब 2 बिलियन डॉलर (लगभग 17,955.5 करोड़ रुपये) में हुई है। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज और सज्जन जिंदल का JSW ग्रुप भी हिस्सेदारी खरीदने की कोशिश में थे, लेकिन बाजी भारती और वारबर्ग पिंकस के हाथ लगी।

### बिकवाली से गिरा शेयर बाज़ार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। निवेशकों ने एनर्जी और आईटी (IT) शेयरों में जमकर बिकवाली की। सेंसेक्स 116.14 पॉइंट (0.14%) गिरकर 85,408.70 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 35.05 पॉइंट (0.13%) की गिरावट के साथ 26,142.10 पर आकर रुक गया। मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट दर्ज की गई। सेक्टर्स की बात करें तो ऑयल एंड गैस, आईटी और एनर्जी सेक्टर में सबसे ज्यादा कमजोरी दिखी।

### डॉलर के मुकाबले 8 पैसे गिरा रुपया


■ पीटीआई, नई दिल्ली : बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 8 पैसे गिरकर 89.71 के स्तर पर बंद हुआ। रुपये में इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार बाजार से पैसा निकालना और सोने-चांदी के आयातकों की ओर से डॉलर की भारी मांग रही। फॉरेक्स मार्केट में बुधवार को रुपया 89.56 पर खुला था।

### BSDA खाते के नियम हुए आसान

■ पीटीआई, नई दिल्ली : Sebi ने छोटे निवेशकों के लिए बेसिक सर्विसेज डीमैट अकाउंट (BSDA) को बेहतर बनाने का फैसला किया है। सेबी ने कहा कि अब 'जीरो कूपन जीरो प्रिंसिपल' (ZCZP) बॉन्ड्स और डिलिस्टेड शेयरों की कीमत को खाते की कुल वैल्यू में नहीं गिना जाएगा। इस खाते में कम या जीरो मेंटेनेंस चार्ज लगता है, लेकिन निवेश की तय लिमिट होती है।

ITR में कोई गलती रह गई है तो इसे 31 दिसंबर तक सुधार लें

# अटक सकता है आपका रिफंड



■ NBT रिपोर्ट : अगर आपने असेसमेंट ईयर 2025-26 (FY2024-25) के लिए इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) भरते समय कोई गलती कर दी है या कोई जानकारी छूट गई है, तो सावधान हो जाएं। अगर आप 31 दिसंबर तक अपनी रिवाइज्ड ITR फाइल नहीं करते हैं, तो आपका टैक्स रिफंड लटक सकता है। खासकर तब, जब आपकी भरी गई जानकारी और विभाग के पास मौजूद डेटा मेल नहीं खा रहा हो।

**क्यों है अहम है यह तारीख?**

31 दिसंबर 2025 रिवाइज्ड और बिलेटेड (देरी से भरी जाने वाली) दोनों तरह की रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का प्रोसेसिंग सेंटर (CPC) जब आपकी रिटर्न की जांच करता है, तो वह किसी भी गलती को पकड़कर आपको सूचना भेजता है। लेकिन, अगर आपकी रिटर्न की जांच 31 दिसंबर के बाद होती है और तब कोई गलती सामने आती है, तो आपके पास उसे सुधारने का मौका नहीं बचेगा। ET के मुताबिक, चार्टर्ड अकाउंटेंट सुरेश सुराना के मुताबिक, एक बार यह तारीख निकल गई तो टैक्सपेयर अपनी रिटर्न में सुधार नहीं कर पाएगा, भले ही उस समय तक विभाग ने आपकी रिटर्न को प्रोसेस न किया हो।

**किन लोगों को हो सकती है मुश्किल?**

Tax2win के सीईओ अभिषेक सोनी कहते हैं कि कई नौकरीपेशा लोगों को इस तरह के नोटिस मिल रहे हैं। यह ज्यादातर उन मामलों में हो रहा है जहां कर्मचारियों ने ITR फाइल करते समय 80C, 80D या HRA जैसी छूट का दावा तो किया, लेकिन जब कंपनी उनकी सैलरी से TDS काट रही थी तब उन्होंने ये डिटेल्स अपने ऑफिस/एम्प्लॉयर को नहीं दी। नांगिया ग्लोबल के पार्टनर मनीष बावा कहते हैं कि ऐसे मिसमैच बहुत आम हैं और अक्सर छोटी-मोटी रिपोर्टिंग गलती या टैक्स रिजीम के बदलाव से हो जाते हैं। जैसे, कंपनी ने नए टैक्स रिजीम के हिसाब से TDS काटा हो, लेकिन कर्मचारी ने अपना रिटर्न पुराने टैक्स रिजीम में भर दी हो।

**नोटिस मिलने की वजहें?**

- गलत या जरूरत से ज्यादा टैक्स छूट का दावा करना।
- AIS या TIS स्टेटमेंट में दर्ज कमाई और ITR में दी गई जानकारी अलग-अलग होना।
- फॉर्म 26AS और ITR का मेल न खाना।
- HRA या लीव ट्रैवल (LTA) का गलत दावा।
- बीमा, डोनेशन या राजनीतिक दलों को चंदे की ऐसी छूट मांगना जिसका कोई सबूत न हो।

**इसे छिपाया तो नहीं?**

- म्यूचुअल फंड की बिक्री से हुआ मुनाफा।
- शेयर बाजार से कमाई।
- क्रिप्टो असेट्स से इनकम।
- ब्याज या अन्य कैपिटल गेन्स।

**आपको मेसेज मिला है?**

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने बहुत से टैक्सपेयर्स को SMS और ईमेल के जरिए अलर्ट भेजा है। विभाग ने कहा है कि ITR में दी गई जानकारी और विभाग के पास मौजूद डेटा मेल नहीं खा रहे हैं। इस मिसमैच की वजह से कई लोगों के रिफंड रोक दिए गए हैं और उन्हें 31 दिसंबर तक रिवाइज्ड ITR भरने को कहा गया है। मंगलवार को विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कुछ टैक्सपेयर्स ने उन छूटों का भी दावा कर लिया है जिसके वे हकदार नहीं थे।

**नोटिस पर क्या करें?**

अभिषेक सोनी कहते हैं कि इनकम टैक्स विभाग का नोटिस मिलने का मतलब है कि उनके पास मौजूद डेटा और आपकी रिटर्न मैच नहीं हो रही है। इसे नजरअंदाज करने पर भारी टैक्स, ब्याज या अन्य कानूनी नोटिस का सामना करना पड़ सकता है। मनीष बावा की सलाह है कि अगर विभाग ने किसी गलती की ओर इशारा किया है, तो उसे तुरंत ठीक करें। 31 दिसंबर 2025 तक रिवाइज्ड रिटर्न भरकर इसे सुधारा जा सकता है। अगर आप गलती नहीं सुधारते हैं, तो विभाग आपके दावों को खारिज कर सकता है, जिससे आपको पेनल्टी और ब्याज के साथ ज्यादा टैक्स भरना पड़ सकता है।

# Gold vs Silver: अब 2026 में कौन कराएगा ज़्यादा कमाई?



■ NBT रिपोर्ट: निवेश के लिहाज से साल 2025 सोने और चांदी के लिए बेमिसाल रहा। साल की शुरुआत से ही इन दोनों कीमती धातुओं के दाम जिस तेजी से बढ़ना शुरू हुए, वह पूरे साल जारी रही। नतीजतन, 2025 में निवेशकों को अब तक का सबसे बेहतरीन रिटर्न मिला। ET के मुताबिक, चांदी के लिए यह साल मुनाफे की बरसात वाला रहा है। 31 दिसंबर 2024 को चांदी 89,700 रुपये प्रति किलो थी। यह अब तक 153% बढ़ चुकी है। सोने के दाम वैश्विक बाजार में 73% से ज्यादा बढ़े हैं। इसकी तुलना में शेयर बाजार (निफ्टी 50) सिर्फ 10.18% ही बढ़ पाया। यही वजह है कि निवेशकों का रुझान सोने-चांदी की तरफ ज्यादा बढ़ा। आम निवेशकों के मन में सवाल ये है कि क्या सोना और चांदी अगले साल भी ऐसा ही रिटर्न देगा?

**2.27 लाख रुपये के पार**

देश की राजधानी दिल्ली में बुधवार को चांदी की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया। चांदी के दाम 9,750 रुपये की लंबी छलांग लगाकर 2,27,000 रुपये प्रति किलो के नए रेकॉर्ड लेवल पर पहुंच गए। ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में चांदी की कीमत 72 डॉलर प्रति औंस के पार निकलने की वजह से स्थानीय बाजार में यह तेजी देखी गई है। वहीं, सोने की कीमतों में मामूली गिरावट रही। 99.9% शुद्धता वाला सोना 50 रुपये गिरकर 1,40,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बिका।

**अगले साल क्या होगा?**

आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स के डायरेक्टर नवीन माथुर का कहना है कि 2026 में भी दोनों धातुओं की स्थिति मजबूत रहेगी, हालांकि रिटर्न की रफ्तार थोड़ी सामान्य हो सकती है। उनके मुताबिक, कम ब्याज दरों और दुनिया के हालात देखते हुए सोना स्थिर रहेगा, लेकिन चांदी अपनी औद्योगिक मांग की वजह से मुनाफे के मामले में सोने को पीछे छोड़ सकती है।

**कितना बढ़ सकता है?**

पृथ्वीराज कोठारी (IBJA अध्यक्ष) ने संभावना जताई है कि सोना 1.50 लाख से 1.65 लाख रुपये और चांदी 2.30 लाख से 2.50 लाख रुपये तक जा सकती है।

**क्या है वजह?**


- दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की भारी खरीदारी।
- फैक्ट्रियों और उद्योगों में चांदी की बढ़ती मांग।

**निवेशक क्या करें?**



विशेषज्ञों का मानना है कि औद्योगिक मांग और वैश्विक अनिश्चितता के कारण चांदी में तेजी बनी रहेगी। एक्सपर्ट्स की राय है कि सोने में लंबे समय के लिए SIP (किस्तों में निवेश) करना सबसे अच्छा है, ताकि औसत लागत का फायदा मिल सके। सेनको गोल्ड के सुवंकर सेन कहते हैं कि सोना स्थिरता देता है, जबकि चांदी में ज्यादा मुनाफा कमाने का मौका है। वहीं, सिद्धार्थ जैन चांदी में भी SIP की सलाह देते हैं क्योंकि इसके दाम बहुत तेजी से ऊपर-नीचे होते हैं। SIP के जरिए इस उतार-चढ़ाव का फायदा उठाया जा सकता है।

# Refurbished मार्केट ने फिर पकड़ी रफ्तार



■ NBT रिपोर्ट : पुराने फोन को ठीक करके नए जैसा बेचने वाले बाजार (Refurbished Market) के लिए साल 2025 उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन अंत में इसके लिए अच्छी खबर आई है। साल की शुरुआत में अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी बड़ी कंपनियों के इस सेगमेंट से हटने की वजह से बिक्री पर ब्रेक लग गया था। लेकिन त्योहारी सीजन ने इस सेक्टर की किस्मत बदल दी है। अब उम्मीद जताई जा रही है कि यह साल शानदार बढ़त के साथ खत्म होगा।

ET के मुताबिक, साल 2025 की पहली छमाही में अमेजन और फ्लिपकार्ट ने रिफर्बिश्ड स्मार्टफोन बेचने का अपना तरीका बदल दिया। सामान वापस आने की ऊंची दर और क्वॉलिटी में गड़बड़ी की वजह से उन्होंने बाहर से ठीक कराए गए फोन बेचना बंद कर दिया। इसका सीधा असर उन कंपनियों पर पड़ा जो इन प्लेटफॉर्म्स के जरिए अपने फोन बेचती थीं। इसके बाद कैशिफाई (Cashify) और कंट्रोल जेड (Control Z) जैसी कंपनियों ने सीधे ग्राहकों को फोन बेचना (D2C) शुरू कर दिया। उन्होंने अपने ऑनलाइन स्टोर और ऑफलाइन दुकानें बढ़ानी शुरू कर दीं। कंट्रोल जेड के को-फाउंडर युग भाटिया ने बताया कि पहले वे सिर्फ आईफोन पर फोकस कर रहे थे, लेकिन अब एंड्रॉइड फोन की भी काफी डिमांड है। सीधे ग्राहकों को बेचने से उनकी कमाई पिछले साल के मुकाबले लगभग दोगुनी हो गई है। रिफर्बिश्ड बाजार अब सिर्फ मोबाइल तक सीमित नहीं है। कंपनियां अब लैपटॉप, कैमरा, स्मार्टवॉच और गेमिंग कंसोल जैसे प्रोडक्ट्स में भी पैर पसार रही हैं।

# क्रिएटिविटी ने टैबलेट के बाज़ार में खेल बदला



**गैजेट रिव्यू**

**OnePlus Pad Go 2**

**दाम : 26,999 रु. से शुरू**

■ NBT टेक टीम : रील मेकिंग, डिजिटल आर्ट, पॉडकास्टिंग और यूट्यूब का चलन बढ़ा है, तो कंटेंट क्रिएटर्स को ऐसे डिवाइस की जरूरत होती है जो लैपटॉप से हल्का हो लेकिन स्मार्टफोन से ज्यादा पावरफुल और बड़ा हो। इसी जरूरत पर प्रीमियम एक्सपीरियंस को किफायती कीमत में लाने के इरादे से 'वनप्लस पैड गो 2' ने पिछले दिनों एंट्री की है। यह काफी हद तक एपल आईपैड वाले प्रीमियम अहसास और डिजाइन भाषा की याद दिलाता है। इसकी बनावट काफी स्लिम (महज 6.83 मिमी) है और इसे मॉडर्न लुक देती है। दाम 26,999 रुपये से शुरू होता है।


इस टैबलेट की बड़ी खूबी बड़ा 12.1-इंच का 2.8K एलसीडी डिस्प्ले है। वनप्लस ने आईपैड की तर्ज पर 7:5 का 'रीड-फिट' आस्पेक्ट रेशियो अपनाया है, जो बाकी एंड्रॉयड टैबलेट्स की तुलना में अधिक कारगर बनाता है। यह साइज मैगजीन के पन्नों के समान अनुभव देता है जिससे पढ़ने और डॉक्यूमेंट्स पर काम करने में आसानी होती है। 120 हर्ट्ज का एडैप्टिव रिफ्रेश रेट और 900 निट्स की पीक ब्राइटनेस इसे धूप में भी इस्तेमाल के लायक बनाती है। वनप्लस पैड गो 2 की उपयोगिता को इसका स्टाइलो (स्टाइलस) कई गुना बढ़ा देता है। क्रिएटिव कामों के लिए स्टाइलस एपल पेंसिल जैसा सटीक काम करता है, जिसमें प्रेशर सेंसिटिविटी और जीरो-लैग का अनुभव मिलता है, जो छात्रों के लिए नोट्स बनाने और कलाकारों के लिए स्केचिंग को आसान बनाता है। हालांकि इसे अलग से खरीदना होगा और एमआरपी 3999 रुपये है। इसके बिना भी पैड गो 2 कम क्रिएटिव नहीं है, टचइंटरफेस बढ़िया काम करता है।

ओपन कैनवास फीचर भी दिया गया है। यह फीचर टैबलेट की स्क्रीन को डिजिटल मेज की तरह इस्तेमाल करने की आजादी देता है, जहां ऐप्स केवल स्क्रीन के कोनों तक सीमित नहीं रहते बल्कि उसके बाहर भी फैले रह सकते हैं। इसमें आप एक साथ तीन ऐप्स को उनकी पूरी विंडो साइज में चला सकते हैं, जिससे मल्टीटास्किंग के दौरान ऐप्स छोटे या संकुचित नजर नहीं आते। यूजर बस एक साधारण स्वाइप या ड्रैग के जरिए एक ऐप से दूसरे ऐप पर तुरंत स्विच कर सकता है, जो लैपटॉप जैसा स्मूद अनुभव देता है। यह खासतौर पर डॉक्यूमेंट्स के बीच डेटा शेयर करने और स्टाइलस के साथ नोट्स बनाने की प्रक्रिया को बेहद आसान बना देता है। AI पर भी सभी फीचर दिए हैं।

मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7300-अल्ट्रा (4nm) प्रोसेसर दिया गया है, जो मिड-रेंज में पावर एफिशिएंसी के लिए जाना जाता है। यह चिपसेट मल्टीटास्किंग और मिडिल लेवल की गेमिंग को बिना किसी रुकावट संभाल लेता है। टैबलेट में दी गई 10,050 एमएएच की बड़ी बैटरी इसे लंबी रेस का घोड़ा बनाती है, जो फुल चार्ज पर कई दिनों का स्टैंडबाय और घंटों का वीडियो प्लेबैक देती है। बॉक्स में 45 वॉट का सुपरवूक चार्जर मिलता है। फोटोग्राफी और वीडियो कॉलिंग के लिए आगे और पीछे दोनों तरफ 8 मेगापिक्सल के कैमरे दिए गए हैं। फ्रंट कैमरा लैंडस्केप ओरिएंटेशन में बेजल के बीच में रखा गया है, जिससे वीडियो कॉलिंग के समय आई-कॉन्टैक्ट नेचुरल लगता है, जैसा कि लैपटॉप में होता है। कैमरे औसत हैं, यह मानते हुए कि मेनस्ट्रीम फोटोग्राफी के लिए टैबलेट कम ही लोग इस्तेमाल करते हैं। एसेसरी के तौर पर कवर भी उपलब्ध है हालांकि यह की-पैड के साथ नहीं है।

यह तीन वेरिएंट्स में आता है। पहला 8 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज वाला वाई-फाई मॉडल है, दूसरा 8 जीबी रैम और 256जीबी स्टोरेज के साथ वाई-फाई और तीसरा टॉप वेरिएंट 8 जीबी रैम व 256 जीबी स्टोरेज के साथ 5G सिम सपोर्ट (पहली बार) वाला मॉडल। हमने वाई फाई मॉडल को रिव्यू किया, 5जी में सिम स्लॉट भी मिलता है। यह एंड्रॉयड 16 पर आधारित ऑक्सीजन ओएस 16 पर चलता है, जो काफी क्लीन अनुभव देता है। क्वाड-स्पीकर सेटअप और डॉल्बी एटमॉस का सपोर्ट इसे मनोरंजन के लिए भी बेहतरीन बनाता है। आप आईपैड जैसा प्रीमियम डिजाइन और रीड-फिट डिस्प्ले चाहते हैं, लेकिन बजट को सीमित रखना चाहते हैं तो वनप्लस पैड गो 2 संतुलित और मजबूत विकल्प बनकर उभरा है।





NBT AI टाइम मशीन

## जब तैयार हुई थी पहली पेंडुलम घड़ी

आज ही के दिन 1656 में डच वैज्ञानिक क्रिश्चियन ह्यूजेंस ने पहली पेंडुलम घड़ी का प्रोटोटाइप तैयार किया था। इस आविष्कार ने समय देखने के तरीके को हमेशा के लिए बदल दिया। पहले की घड़ियां बहुत सुस्त थीं और रोज कई मिनट पीछे हो जाती थीं, लेकिन इस नई घड़ी ने समय को एकदम सटीक बना दिया। पेंडुलम की नियमित चाल की वजह से ही घड़ियों में पहली बार मिनट की सुई लगाना संभव हो पाया।

# NBT



## आएगी सबसे सटीक न्यूक्लियर क्लॉक


ChatGPT के अनुसार, भविष्य में वैज्ञानिक ऐसी न्यूक्लियर क्लॉक बना लेंगे जो बेहद सटीक होगी। ये इतनी एक्युरेट होंगी कि 15 अरब वर्षों तक भी इसमें एक सेकंड की गड़बड़ी नहीं होगी। ये घड़ियां जमीन से सिर्फ 1 सेंटीमीटर ऊपर उठने पर ग्रैविटी में आने वाले बदलाव को पकड़ लेंगी, जिससे भूकंप, ज्वालामुखी की सटीक भविष्यवाणी होगी। चिप के आकार की परमाणु घड़ियां फोन में होंगी, जिससे इंटरनेट की स्पीड कई गुना बढ़ जाएगी।




AI Image

SPEED News

### ऐक्टर रसेल ब्रांड पर दो और आरोप लगाए



गए है, जिनमे से एक रेप का मामला शामिल है। दो और महिलाओ से जुड़े रेप और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने की मंजूरी दी गई है।



### रूस की राजधानी मॉस्को मे फिर हुए

बम धमाके मे दो पुलिसवालो समेत तीन लोगो की मौत हो गई। रूसी जनरल की जान जिस जगह गई थी उसी के पास धमाका हुआ।

### लीबिया के सैन्य प्रमुख, चार दूसरे



अधिकारियो को लेकर जा रहा एक प्राइवेट जेट तुर्किये मे से उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे मे सभी की मौत हो गई।

### आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान

ने सरकारी एयरलाइंस का 75% हिस्सा बेच दिया। 135 अरब रुपये की बोली लगाने वाली कंपनी टॉप बिडर रही।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर व्हाट्सऐप करके बताएं।

**5,908** Kg का सबसे भारी सैटलाइट, भारत से किया लॉन्च गया

# दमदार ISRO वज़नदार लॉन्च

## US की कंपनी का सबसे भारी सैटलाइट

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारत की अंतरिक्ष एजेंसी ISRO ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली। बुधवार सुबह 8:55 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में मौजूद सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारी-भरकम रॉकेट LVM3 (बाहुबली) ने अमेरिका की कंपनी AST स्पेसमोबाइल के दुनिया के सबसे बड़े कमर्शल कम्युनिकेशन सैटलाइट ब्लूबर्ड-6 को सफलतापूर्वक लो अर्थ ऑर्बिट में भेज दिया। लॉन्च के करीब 15 मिनट बाद सैटलाइट को तय कक्षा में पहुंचा दिया गया।

इस मिशन के साथ भारत अब तक 34 देशों के लिए 434 सैटलाइट लॉन्च कर चुका है। यह LVM3 रॉकेट की छठी सफल ऑपरेशनल उड़ान है और अब तक भारत से लॉन्च किया गया सबसे भारी कमर्शल पेलोड भी है। ब्लूबर्ड-6 सैटलाइट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह सीधे सामान्य मोबाइल फोन तक इंटरनेट और कॉलिंग सुविधा पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। यानी बिना मोबाइल टावर या अलग डिश के भी स्मार्टफोन पर नेटवर्क मिल सकेगा। इस सैटलाइट के जरिए 4G और 5G वॉयस कॉल, विडियो कॉल, मेसेजिंग, स्ट्रीमिंग और हाई-स्पीड डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी, खासकर उन इलाकों में जहां अब तक नेटवर्क पहुंचना मुश्किल था जैसे पहाड़ी क्षेत्र, महासागर के बीच के हिस्से और रेगिस्तानी इलाके।

**दुनिया का सबसे बड़ा कमर्शल सैटलाइट :** ब्लूबर्ड-6 में 223 वर्गमीटर का विशाल फेज्ड-ऐरे एंटीना लगा है, जो इसे दुनिया का सबसे बड़ा कमर्शल कम्युनिकेशन सैटलाइट बनाता है। यह सैटलाइट सीधे मोबाइल डिवाइस तक 120 Mbps तक की डेटा स्पीड देने में सक्षम है। यह मिशन ISRO की कमर्शल शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) और अमेरिका की AST स्पेसमोबाइल के बीच हुए समझौते का हिस्सा है।



यह वैश्विक स्तर पर किसी भी लॉन्च वीकल के बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक है। -वी. नारायणन, ISRO चेयरमैन

### ऐसे चलेंगे मोबाइल...

पहाड़, जंगल, समुद्र या रेगिस्तान में मोबाइल टावर नहीं है तो फोन में नो नेटवर्क दिखाता है। सैटलाइट से सीधे फोन को सिग्नल देने वाली तकनीक में ऐसा नहीं होता। टावर की रेंज से बाहर होते ही इसका सब्सक्रिप्शन लेने वाले कस्टमर के फोन अपने-आप आसमान में घूम रहे सैटलाइट से जुड़ जाता है। वही फोन, वही सिम और उन्हीं ऐप का इस्तेमाल होता है। मोबाइल फोन का सिग्नल बहुत कमजोर होता है। इसे पकड़ने के लिए इन सैटलाइट में बहुत बड़े एंटीना लगे होते हैं। इतने बड़े कि ये अंतरिक्ष में लगे सबसे बड़े कमर्शल एंटीना माने जाते हैं। ये एंटीना आपके फोन का सिग्नल पकड़कर उसे नीचे जमीन पर भेज देते हैं।



**120 Mbps** डेटा स्पीड देगा यह सैटलाइट मोबाइल पर बिना टावर

**518.5** किलोमीटर की ऊंचाई पर सैटलाइट को पहुंचाया गया


**8:55** बजे सुबह आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से सैटलाइट ब्लूबर्ड-6 लॉन्च किया गया

**15** मिनट बाद सैटलाइट को तय ऑर्बिट में पहुंचा दिया गया




LVM3 ने दुनिया के सबसे बड़े कमर्शल कम्युनिकेशन सैटलाइट को ऑर्बिट में पहुंचाया

**434** सैटलाइट भारत लॉन्च कर चुका है अब तक 34 देशों के लिए





आप सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं !

## कनाडा में भारतीय महिला की हत्या, संदिग्ध की तलाश

■ पीटीआई, टोरंटो

**कनाडा के** टोरंटो में 30 साल की एक भारतीय महिला की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वह हत्या के एक संदिग्ध की तलाश कर रही है।

टोरंटो पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि जान गंवाने वाली महिला की पहचान हिमांशी खुराना के रूप में हुई है। 'कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन' (सीबीसी) की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस को शनिवार को एक घर में लापता महिला की लाश मिली। स्ट्रैचन एवेन्यू और वेलिंगटन स्ट्रीट वेस्ट इलाके में एक दिन पहले उनकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने इस मामले में संदिग्ध 32 साल के अब्दुल गफूरी के खिलाफ वॉरंट जारी किया है। गफूरी भी टोरंटो का रहने वाला है। टोरंटो में भारतीय हाई कमिशन ने कहा, 'हम हिमांशी खुराना की हत्या से बहुत दुखी और हैरान हैं।' उसने शोक संतप्त परिवार के संवेदना व्यक्त की। साथ ही कहा कि वह पिछले कुछ दिनों से इस मामले पर करीब से नजर रख रहा है और जांच आगे बढ़ने के साथ ही पीड़ित परिवार की मदद करता रहेगा।



हिमांशी खुराना

भारतीय हाई कमिशन ने दिया मदद का भरोसा

## रूस संघर्ष पर यूक्रेन बोला, US से कई मुद्दों पर सहमति

■ एपी, कीव : यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि वह रूस के साथ संघर्ष समाप्त करने के लिए अमेरिका के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति पर पहुंच गए हैं। रूस-यूक्रेन के बीच करीब चार साल से संघर्ष चल रहा है। जेलेंस्की ने साथ ही कहा कि यूक्रेन के पूर्वी औद्योगिक केंद्र में क्षेत्रीय नियंत्रण और जापोरिजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के प्रबंधन से संबंधित मुद्दों का अब भी हल नहीं हो सका है।

हाल में फ्लोरिडा में हुई बातचीत के बाद बनी सहमति

Where Development Values Nature

# अपने सपनो का घर, अब आपके बजट में



आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए

## डीडीए जनता आवास योजना 2025

रेडी–टू–मूव–इन फ्रीहोल्ड फ्लैट्स

ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 144 फ्लैटस उपलब्ध

दिल्ली की प्राईम लोकेशन्स पर

### द्वारका मोड़

कीमत रू. 12.63 लाख से शुरू

(द्वारका मोड़ मेट्रो केवल 100 मीटर दूर)

### गाँव चंदनहौला छतरपुर मेन रोड

कीमत रू. 23.05 लाख से शुरू

पूर्णतः ऑनलाइन | सैपल फ्लैट उपलब्ध | अस्पताल, स्कूल आदि के निकट | पार्किंग सुविधा (कवर्ड / अनकवर्ड)

| विस्तृत योजना पुस्तिका उपलब्ध | पंजीकरण प्रारंभ | पंजीकरण की अंतिम तिथि | फ्लैटों का ड्रॉ |
|---|---|---|---|
| 31.12.2025 | 07.01.2026 | 07.02.2026 | 13.02.2026 |

सर्कुलर के लिए QR कोड स्कैन करें

विस्तृत जानकारी के लिए कॉल करें: 1800110332

नियमित अपडेट के लिए विज़िट करें: www.dda.gov.in या https://eservices.dda.org.in

हमें फॉलो करें: @ddaofficial @official_dda @official_dda_

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGG16 User: cci Time: 12-24-2025 22:02 Color:



# अब BJP के ब्राह्मण विधायकों की बैठक पर गरमाई UP की राजनीति

## कुशीनगर विधायक ने दिया लिट्टी-चोखा का भोज, ब्राह्मण MLA-MLC जुटे

3 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** बीजेपी में जातीय गोलबंदी एक बार फिर चर्चा में है। प्रदेश के ठाकुर विधायकों के बाद मंगलवार को लखनऊ में ब्राह्मण विधायकों की बैठक हुई। यह बैठक कुशीनगर के बीजेपी विधायक पीएन पाठक के सरकारी आवास पर हुई। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात यहां लिट्टी-चोखा भोज के बाद राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

> प्रदेश के ठाकुर विधायकों के बाद ब्राह्मण विधायकों की बैठक हुई।


बैठक कुशीनगर के बीजेपी विधायक पीएन पाठक के सरकारी आवास पर हुई।

> "सदन के दौरान सभी विधायक लखनऊ में थे। भोजन के साथ सामान्य मुलाकात के लिए बुलाया था। यह कोई औपचारिक बैठक नहीं थी। राजनीति पर कोई बात नहीं हुई।
> –पीएन पाठक, विधायक कुशीनगर

> "ब्राह्मण विधायकों की बैठक के पीछे पार्टी में पनप रहा असंतोष है। उन्हें सम्मान नहीं मिल रहा है। पार्टी के लोग जातिवाद फैलाते हैं। ये ब्राह्मण SP में आ जाएं।
> –शिवपाल यादव, महासचिव, SP

### ये विधायक हुए शामिल

उत्तर प्रदेश में इस समय विधानमंडल का शीतकालीन सत्र चल रहा है। इसके लिए ज्यादातर विधायक लखनऊ में ही हैं। मंगलवार शाम कुशीनगर से बीजेपी विधायक पीएन पाठक ने अपने बहुखंडी मंत्री निवास स्थित अपने आवास पर भोज दिया था। लिट्टी-चोखा भोज में बीजेपी के करीब 35 एमएलए और एमएलसी शामिल हुए। ये सभी ब्राह्मण एमएलसी थे।

बैठक में शामिल हुए नेताओं में पी.एन. पाठक, रत्नाकर मिश्र, उमेश द्विवेदी, प्रकाश द्विवेदी, रमेश मिश्र, ऋषभ मणि त्रिपाठी, विपुल दुबे, राकेश गोस्वामी, रवि शर्मा, विनोद चतुर्वेदी, संजय शर्मा, विवेकानंद पांडेय, अनिल त्रिपाठी, अंकुर राज तिवारी, साकेत मिश्र, बबूलाल तिवारी, विनय द्विवेदी, सुभाष त्रिपाठी, अनिल पाराशर, कैलाशनाथ शुक्ला, प्रेमनारायण पांडेय, ज्ञान तिवारी, सुनील दत्त द्विवेदी शामिल रहे।

### कई मुद्दों पर हुई चर्चा

यूपी में इससे पहले कुटुम्ब परिवार नाम से ठाकुर विधायकों की बैठक हुई थी। उसके बाद कुर्मी नेताओं की गोलबंदी और अब ये ब्राह्मण विधायकों की बैठक के कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। इस बैठक और भोज की मेजबानी करने वाले कुशीनगर विधायक पीएन पाठक और अन्य विधायकों ने बात करने पर इसे सामान्य मुलाकात बताया लेकिन सूत्रों के अनुसार इस बैठक में प्रदेश की राजनीति और पार्टी के अंदर ब्राह्मणों की स्थिति पर चर्चा हुई। बीजेपी में 48 ब्राह्मण विधायक हैं। इसके बावजूद उनको राजनीति में वह अहमियत नहीं मिल पा रही जो मिलनी चाहिए। पिछले लोकसभा चुनाव में विपक्ष के PDA के जवाब में बीजेपी भी ओबीसी को ज्यादा अहमियत दे रही है। खासतौर से कुर्मी वोटर छिटक जाने के कारण बीजेपी ने उनको अहमियत दी है। प्रदेश अध्यक्ष बन जाने के बाद अब संगठन और सरकार में भी कुछ बदलाव होने हैं। इन बदलावों में ब्राह्मणों को अहमियत दिए जाने के लिए दबाव की राजनीति के तौर पर भी देखा जा रहा है।

# उद्धव-राज ने मिलाया हाथ

## BMC चुनाव एक साथ लड़ने का किया ऐलान

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**महीनों से** जारी अटकलों पर ब्रेक लगाते हुए शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने आगामी बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव से पहले अपनी पार्टियों के गठबंधन की घोषणा की। दोनों चचेरे भाइयों ने दादर में बालासाहेब ठाकरे के स्मारक पर श्रद्धांजलि देने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर औपचारिक ऐलान किया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि दो दल साथ रहने के लिए एकसाथ आए हैं। दोनों ने कहा कि वे 'मराठी मानुष' और महाराष्ट्र के हित के लिए एकजुट हुए हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज ने कहा, 'मुंबई का मेयर मराठी होगा और वह हमारा होगा।' उद्धव ने कहा कि दोनों पार्टियों ने नासिक नगर निगम के लिए सीट के बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया है। अन्य नगर निकायों में दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत जारी है। राज ठाकरे ने हालांकि बीएमसी चुनाव में दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारे की जानकारी साझा नहीं की। उद्धव ने कहा, 'भारतीय जनता पार्टी में जो हो रहा है उसे सहन न कर पाने वाले हमारे साथ आ सकते हैं।'


20 साल बाद हुआ शिवसेना (UBT) और MNS में चुनावी गठबंधन।

### 'ऐसे दिखा रहे, जैसे रूस-यूक्रेन आ गए साथ'

■ भाषा, मुंबई : महाराष्ट्र के CM देवेन्द्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के दलों के बीच हुए गठबंधन को ज्यादा तवज्जो न देते हुए कहा कि वे खुद का राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए साथ आए हैं और इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। CM ने मुंबई में ठाकरे बंधुओं की संयुक्त PC को लेकर जारी हलचल पर कहा कि यह सब फिजूल है। उन्होंने कहा, 'टीवी न्यूज चैनल ऐसी खबरें दिखा रहे थे कि मानो यह रूस-यूक्रेन का गठबंधन हो।' फडणवीस ने कहा, ठाकरे मराठी लोगों और मुंबई के अकेले प्रतिनिधि नहीं हैं।

फडणवीस ने यह भी कहा कि इन लोगों का ट्रैक रेकॉर्ड भ्रष्टाचार और स्वार्थ का रहा है। अहंकार की वजह से ही मुंबई के नागरिक इनसे दूर चले गए हैं।


फडणवीस

# तमिलनाडु के मुद्दों पर BJP, AIADMK के बीच मीटिंग का दौर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं और इसलिए बीजेपी ने अपने सहयोगी एआईएडीएमके के साथ मुद्दे तय करने और सीट शेयरिंग पर बातचीत के लिए मीटिंग का दौर शुरू कर दिया है।

बीजेपी नेता और तमिलनाडु के चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल ने मंगलवार को चेन्नै में एआईएडीएमके नेताओं से मुलाकात की। इस मीटिंग में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए मुद्दों पर बात की गई। तमिलनाडु में एनडीए को किन मुद्दों पर फोकस करना है इस पर बात हुई। सीट शेयरिंग को लेकर जल्दी ही पहली बैठक होने की बात की जा रही है।

> बीजेपी नेता पीयूष गोयल ने मंगलवार को चेन्नै में AIADMK नेताओं से मुलाकात की।

तमिलनाडु में बीजेपी काफी वक्त से अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। हालांकि यहां क्षेत्रीय पार्टियों का ही दबदबा है। इसलिए बीजेपी ने एआईएडीएमके के साथ फिर से गठबंधन किया है। बीजेपी कह रही है कि एनडीए पीएम मोदी और एआईएडीएमके नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी पलानीस्वामी (ईपीएस) के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा।

# बच्ची से रेप-हत्या, भीड़ ने आरोपी का मकान ध्वस्त किया

■ भाषा, भुवनेश्वर/भद्रक : ओडिशा के भद्रक जिले में 10 वर्षीय बच्ची से कथित रूप से रेप कर उसकी हत्या का मामला सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। वहीं, आरोपी की पहचान होने के बाद गुस्साए स्थानीय लोग रामचाली गांव में उसके घर पर पहुंचे और उसे ध्वस्त कर दिया।

> ओडिशा के भद्रक में 10 साल की बच्ची से हुई वारदात, आरोपी अरेस्ट।

भद्रक के एसपी मनोज राउत ने बुधवार को बताया कि इस मामले में जगतसिंहपुर जिले से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। CM मोहन माझी ने पीड़ित परिजनों को 10 लाख की सहायता देने की घोषणा की है।


# वाजपेयी की जयंती पर आज मोदी राष्ट्र प्रेरणा स्थल का करेंगे शुभारंभ

■ भाषा, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी गुरुवार को लखनऊ में एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और प्रेरणा परिसर का शुभारंभ करेंगे। इस परिसर में भारतीय जनता पार्टी के विचारकों श्याम प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित हैं।

> यह परिसर लखनऊ में 65 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है।

25 दिसंबर को वाजपेयी की 101वीं जयंती भी है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, 'पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर 2:30 बजे प्रधानमंत्री राष्ट्र प्रेरणा स्थल का शुभारंभ करेंगे और एक रैली को भी संबोधित करेंगे।' परिसर लगभग 230 करोड़ रुपये की लागत से बना है और 65 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है।


इस परिसर में भारतीय जनता पार्टी के विचारकों श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व PM अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं हैं।

# बेंगलुरु में रिलेशनशिप से इनकार तो महिला पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

■ आईएएनएस, बेंगलुरु

**बेंगलुरु पुलिस** ने कथित रूप से रिलेशनशिप में आने से इनकार करने पर सोमवार को एक महिला पर हमला करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान नवीन कुमार (29) के रूप में हुई है, जो बेंगलुरु के येलहंका क्षेत्र का है।

जांच में पता चला है कि आरोपी और पीड़िता ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे से दोस्ती की थी। कुछ दिनों पहले पीड़िता ने आरोपी का मोबाइल नंबर और सोशल मीडिया अकाउंट ब्लॉक कर दिया। इससे युवक गुस्से में था। उसने महिला से उसके पीजी के पास बात करने की कोशिश की। इसी बीच, दोनों के बीच झगड़ा हो गया और उसने महिला पर हमला कर दिया। मारपीट की यह घटना सोमवार दोपहर हुई।


वायरल विडियो में दिख रहा है कि आरोपी आया और मारपीट की।

एक वायरल विडियो में आरोपी नवीन एक कार में आते हुए दिख रहा है। वह महिला पर हमला करता भी नजर आया। वारदात के बाद वह उसी गाड़ी में मौके से फरार हो गया।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि युवक ने उसके साथ मारपीट की, उसे सड़क पर घसीटा और कपड़े खींचे। हमले के दौरान कपड़े फाड़ने की भी कोशिश की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

### छेड़छाड़ में मलयालम फिल्म निर्देशक अरेस्ट

■ भाषा, तिरुवनंतपुरम : मलयालम फिल्म निर्देशक और पूर्व विधायक पीटी कुन्जू मुहम्मद को सिनेमा जगत से जुड़ी एक महिला से होटल में कथित छेड़छाड़ के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि आरोपी मुहम्मद मंगलवार को छावनी पुलिस थाने में जांच अधिकारियों के सामने पेश हुए। औपचारिक रूप से गिरफ्तारी दर्ज होने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया, क्योंकि उन्हें पहले ही अदालत से राहत मिल गई थी।

# गैंगस्टर से 'जुड़ी' वेब सीरीज़ की रिलीज़ रोकने से इनकार

■ भाषा, नई दिल्ली : दिल्ली उच्च न्यायालय ने गैंगस्टर विकास दुबे के जीवन पर कथित रूप से आधारित वेब सीरीज 'यूपी 77' की रिलीज पर रोक लगाने से बुधवार को इनकार कर दिया। दुबे की पत्नी रिचा ने वेब सीरीज को रिलीज होने से रोके जाने का अनुरोध करते हुए याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अदालत इस स्तर पर रिलीज में हस्तक्षेप करने के पक्ष में नहीं है। 'यूपी 77' गुरुवार को 'वेव्स' ओटीटी मंच पर रिलीज होगी।



अदालत में वेब सीरीज के निर्माताओं का यह बयान दर्ज किया कि यह पूरी तरह काल्पनिक रचना है और इसका दुबे के जीवन से कोई लेना-देना नहीं है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRFP User: cci Time: 12-24-2025 22:31 Color:

नई दिल्ली > गुरुवार, 25 दिसंबर 2025 > पौष 4 शक संवत 1947 पौष शुक्ल पंचमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 79, संख्या 306 > पेज 20* > गुड़गांव > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

Merry Christmas

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

## 2026 नई उम्मीद

इयरएंडर की सीरीज में आज जानिए Gen-Z के दुनिया देखने के नए नजरिये को। 1997 से 2012 के बीच जन्मी इस पीढ़ी के करियर, रिलेशनशिप और मेंटल हेल्थ के फंडे एकदम अलग है, पढ़िए इनसाइड स्टोरी।

देखें पेज 2

## GOOD न्यूज

गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 2

## अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,524.84 (-116.14) |
| निफ्टी | 26,142.10 (-35.05) |
| रु/यूएस डॉलर | 89.78 (+0.12) |
| रु/यूरो | 105.92 (+0.17) |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम दिल्ली | ₹1,40,900 (-50) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो दिल्ली | ₹2,27,000 (+9,750) |

## मौसम

अधिकतम तापमान 22.7°

10.2° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त 5:31 गुरुवार | सूर्योदय 7:12 शुक्रवार

आज से ठंड कुछ बढ़ सकती है। 26 दिसंबर से बादल छाए रहेंगे।

* 16 + 4 Gurgaon Times

# मेट्रो की 3 लाइनों का गिफ्ट

## फेज़ 5A को केंद्रीय कैबिनेट से मंज़ूरी, तीन साल में पूरा होगा प्रोजेक्ट

## ₹12,015 करोड़ की लागत आने का अनुमान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**क्रिसमस से** ऐन पहले केंद्र ने दिल्लीवालों को गुड न्यूज दी। केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली में मेट्रो के विस्तार को बुधवार को मंजूरी दी। इसके तहत दिल्ली मेट्रो को तीन नई लाइनें मिलेंगी। ये हैं - रामकृष्ण आश्रम से इंद्रप्रस्थ तक, दूसरी - एयरोसिटी से टर्मिनल-1 तक और तीसरी लाइन तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज होगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि नए विस्तार को दिल्ली मेट्रो फेज 5A कहा जाएगा। इसके तहत तीनों रूट पर कुल 13 स्टेशन बनेंगे। इनमें 10 अंडरग्राउंड होंगे और 3 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इसके लिए कुल 16 किमी. लंबी नई लाइन बिछाई जाएगी। इस विस्तार के बाद दिल्ली में मेट्रो नेटवर्क 400 किमी. से ज्यादा हो जाएगा। सरकार ने यह काम तीन साल में पूरा होने की बात कही है। इस परियोजना में 12,015 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसमें केंद्र और दिल्ली सरकार बराबर-बराबर फंड देंगी। बाकी हिस्सा DMRC अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं से लोन के जरिये जुटाएगी।

**फेज 5A में कुल 16Km. लंबी लाइनें बिछेंगी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मेट्रो विस्तार के फैसले से दिल्ली में इन्फ्रास्ट्रक्चर को काफी मजबूती मिलेगी। प्रोजेक्ट से जिंदगी आसान होगी और भीड़भाड़ कम होगी।

मेट्रो के फेज 5 में मंजूर ये तीनों कॉरिडोर मौजूदा कॉरिडोर का ही एक्सटेंशन हैं। ये फेज-4 में बन रहे कॉरिडोर का ही आगे विस्तार करेंगे। जैसे राम कृष्ण आश्रम से इंद्रप्रस्थ तक का कॉरिडोर सेंट्रल विस्टा को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे कॉरिडोर का ही विस्तार है। एयरोसिटी से एयरपोर्ट टर्मिनल-1 और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज कॉरिडोर भी फेज-4 में बन रहे तुगलकाबाद-एयरोसिटी कॉरिडोर का ही विस्तार है।






**13** नए मेट्रो स्टेशन बनेंगे

**400** किमी. पार होगा दिल्ली में नेटवर्क

*पीएम मोदी ने कहा, इस प्रोजेक्ट से जिंदगी आसान होगी और भीड़भाड़ भी कम होगी।*

### आर.के. आश्रम मार्ग- इंद्रप्रस्थ

■ 9.913 किमी. का रूट, 9 स्टेशन होंगे

कर्तव्य भवन को मेट्रो कनेक्टिविटी मिलेगी, राजीव चौक और शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन के बीच सीधा सबवे (अंडरग्राउंड मार्ग) बनेगा।

### तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज

■ 3.9 किमी. की लाइन में 3 स्टेशन होंगे

मदनपुर खादर क्षेत्र को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, नोएडा और गुड़गांव के बीच आवाजाही का वैकल्पिक रूट भी मिलेगा।

### एयरोसिटी-एयरपोर्ट टर्मिनल1

■ 2.263 किमी. का रूट, 1 स्टेशन बनेगा

टर्मिनल 1 पर मजेंटा लाइन के साथ इंटरचेंज सुविधा मिलेगी, एयरोसिटी में इंटरचेंज से टर्मिनल 1 और टर्मिनल 3 मेट्रो से जुड़ेंगे।

# ...तो प्यूरिफायर सस्ते करने पर विचार करें: HC

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने में अधिकारियों की नाकामी पर केंद्र सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अगर अधिकारी नागरिकों को सांस लेने के लिए साफ हवा नहीं दे सकते, तो कम से कम एयर प्यूरिफायर पर GST कम कर सकते हैं, जिस पर अभी 18% टैक्स लगता है। कोर्ट ने एयर प्यूरिफायर और HEPA फिल्टर पर GST कम करने या खत्म करने के मुद्दे पर GST काउंसिल को जल्द से जल्द विचार करने का निर्देश दिया है।



### राहत: GRAP-4 हटा

दिल्ली-एनसीआर में हवा चलने से प्रदूषण में काफी कमी आई। CAQM ने GRAP-4 की पाबंदियों को हटा लिया। लेकिन GRAP-1, 2, 3 की सख्ती कायम रहेगी। आगे AQI फिर बढ़ने का अनुमान है।

### 3 दिन में एलर्जी: गडकरी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मैं यहां (दिल्ली-NCR) तीन दिन रहता हूं और इस प्रदूषण की वजह से मुझे एलर्जी हो जाती है।




भारत की स्पेस एजेंसी इसरो ने बुधवार सुबह 'बाहुबली' रॉकेट से सबसे बड़े कमर्शल सैटलाइट को सफलता के साथ ऑर्बिट में छोड़ा। » पेज 14

### विजय हजारे ट्रॉफी में बने नए कीर्तिमान

# सकिबुल ने 32 गेंदों में सेंचुरी से रचा इतिहास

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** डोमेस्टिक क्रिकेट में पचास ओवर के प्रतिष्ठित टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी का बुधवार को आगाज होते ही भारतीय क्रिकेट के कई सितारों ने चमक बिखेरी। विराट कोहली और रोहित शर्मा के अलावा वैभव सूर्यवंशी और हाल में टी20 वर्ल्ड कप की भारतीय टीम में चुने गए ईशान किशन ने अपनी-अपनी टीमों के लिए शतक जड़े। » पेज 12



■ कप्तान सकिबुल गनी (40 बॉल में 128 रन) और वैभव सूर्यवंशी (84 गेंद पर 190 रन) ने धुआंधार शतक जड़े। गनी ने 32 गेंदों में सेंचुरी बनाई जो भारत में सबसे तेज शतक है।





Toyota Mobility Service | T-Connect | Toyota Trust | Toyota Financial Services

GURUGRAM: IJM Toyota (Boulevard II, Sector-47, Gurugram Sohna Road) Ph: 9512295122, 9289670701; IJM Toyota (Pataudi) Ph: 9512295122; IJM Toyota (Sohna) Ph: 9512295122; MGF Toyota (MGF Mega City Mall, M.G. Road) Ph: 0124-4603333, 9289007445, 9289007446; MGF Toyota (Global Foyer Mall, Golf Course Road, Sec-43) Ph: 0124-4596800, 9289007447; MGF Toyota (Sec-50) Ph: 0124-4415566, 9289007448; MGF Toyota (Farrukh Nagar, Near Anaj Mandi) Ph: 9599121800; MGF Toyota (Manesar, Near IMT Chowk) Ph: 9599121800; **DELHI:** Espirit Toyota (Mathura Road) Ph: 7290064952, 1800-1035686; Galaxy Toyota (Moti Nagar) Ph: 011-41877777, 8448293658; Galaxy Toyota (Lajpat Nagar) Ph: 011-46577777, 9599788513; Galaxy Toyota (Shalimar Place) Ph: 011-40011111, 9599788514; Galaxy Toyota (Chattarpur) Ph: 011-66763666, 9870191014; Galaxy Toyota (Dwarka) Ph: 011-43477777, 7838193193; Galaxy Toyota (Mundka) Ph: 9599624698; Galaxy Toyota (Narela) Ph: 9999534551; Galaxy Toyota (Najafgarh) Ph: 9266753380; MGF Toyota (Raja Garden) Ph: 9289007449, 8929904428, 9311079716; Uttam Toyota (Patparganj) Ph: 9810907071; Satyam Toyota (Netaji Subhash Place, Pitampura) Ph: 9266774644; Faridabad: Thirty Six Toyota (Main Mathura Road) Ph: 0129-4293636, 8800333636; Thirty Six Toyota (Hodal, Main Market) Ph: 8199900183; Thirty Six Toyota (Hathin, Raja Ji Market) Ph: 7988274475; Thirty Six Toyota (Tigaon, Bhuapur) Ph: 8800790130; Thirty Six Toyota (Ballabgarh, Near Escorts Mujesar) Ph: 8800790081; Ghaziabad: Uttam Toyota (Meerut Road) Ph: 9810907071; Gr. Noida: Espirit Toyota (Kasna) Ph: 7290095001, 9654999635, 1800-1035686; Espirit Toyota (Bulandshahr) Ph: 7290095001; Espirit Toyota (Sikandrabad) Ph: 7290095001; Espirit Toyota (Jewar) Ph: 7290095001; Noida: Espirit Toyota (Sec-8) Ph: 7290095001, 9654999635, 1800-1035686; Uttam Toyota (Sec-63) Ph: 9810907071; Palwal: Thirty Six Toyota (Delhi-Mathura Road) Ph: 8199900186, 8199900187; Rewari: Uttam Toyota (511, Near Sector-3, South City Bypass Road) Ph: 9810907071.

2025



## 'एक नजर से देखना बंद करें'

जनरेशन गैप हर दौर में रहा है। मिलेनियल्स के कई विचार भी अपने पैरंट्स से अलग थे। आज Gen-Z को लेकर ज्यादा चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि इंटरनेट का दायरा बहुत बढ़ गया है और हर बात तेजी से फैल जाती है। लेकिन इस बीच यह समझना जरूरी है कि सभी Gen-Z एक जैसे नहीं होते। सबको एक ही नजर से देखना दरअसल हमारी अपनी सोच की कमी है।
- *गीतांजलि शर्मा, पैरंटिंग और टीनएज काउंसलर*



## 'प्राइवेसी मांगने में कुछ गलत नहीं'

Gen-Z अपनी प्राइवेसी को लेकर ज्यादा सजग है। यही वजह है कि वे ऐसे सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म चुनते हैं, जहां वे खुद को खुलकर बेहतर ढंग से व्यक्त कर सकें, बिना जज किए जाने के डर के। अब सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म भी उन्हीं की जरूरतों के मुताबिक ढल रहे हैं। प्राइवेसी की यह मांग कोई नई या गलत बात नहीं है बल्कि यह हर दौर में सभी की जरूरत रही है।
- *डॉ. फरहाद बी. खान, डिजिटल मीडिया एक्सपर्ट*

# Gen-Z 2025 की सबसे बड़ी पहेली

### डिजिटल में जन्म, लेकिन अकेलेपन का बोझ

- Gen Z पूरी तरह ऑनलाइन है, फिर भी सबसे ज्यादा अकेली पीढ़ी मानी जा रही है।
- सोशल मीडिया, AI और कंटेंट की भाषा इनकी अपनी है
- ट्रेंड बनाते हैं, ब्रैंड गिराते-उठाते हैं
- रियल-टाइम रिएक्शन = सबसे तेज असर

### सिस्टम से नाराज़, बदलाव के लिए तैयार

- नौकरी, शादी, करियर–पुराने नियम नहीं मानते।
- स्टार्ट-अप माइंडसेट, साइड हसल कल्चर
- जॉब नहीं, meaning ढूंढते हैं
- 2025 में नए काम और नए प्रोफेशन इन्हीं से निकल रहे हैं

### टॉक्सिक कल्चर को चैलेंज खुद को करते एक्सप्रेस

- खुद को एक्सप्रेस करते हैं, फिर भी सबसे ज्यादा एंग्जायटी।
- थैरेपी, ब्रेक और बाउंड्री को टैबू नहीं मानते
- टॉक्सिक कल्चर को चैलेंज करते हैं
- वर्कप्लेस और समाज की भाषा बदल रहे हैं

### राजनीतिक रूप से मुखर, लेकिन पार्टी से दूर

- वोटिंग कम, लेकिन मुद्दों पर आवाज तेज।
- क्लाइमेट, जेंडर, जस्टिस पर क्लियर स्टैंड
- सोशल मीडिया एक्टिविज़्म से एजेंडा सेट
- 2025 में चुनावी नैरेटिव पर असर

Varun.Anand@timesofindia.com

■ Gen-Z 1997 से लेकर 2012 के बीच जन्मे हैं यानी शुरुआती और लेटेस्ट Gen-Z में 15 साल का अंतर है, इसलिए सबको एक तराजू में तो नहीं तौला जा सकता। फिर भी कुछ बातें सबमें कॉमन हैं। जैसे- टेक सेवी (टेक्नॉलजी के जानकार), प्राइवेसी फोकस्ड (निजता को लेकर सजग), मेंटल हेल्थ अवेयर, पर्पस ड्रिवन (उद्देश्य से प्रेरित) और एक्सपीरियंस ओरिएंटेड (अनुभव को प्रायॉरिटी देने वाले)। ये ऐसी पीढ़ी है जो इंटरनेट, सोशल मीडिया और मोबाइल फोन के साथ बड़ी हुई है। इसलिए ये सब इनके लिए मिलेनियल्स (1981 से 1996 के बीच जन्मे लोग) की तरह क्यूरियोसिटी की चीजें नहीं, लाइफ से जुड़े आम टूल्स हैं। यही वजह है कि ये हर चीज में मिलेनियल्स से ज्यादा अवेयर तो हैं, लेकिन इनके सामने इतने ऑप्शन हैं कि किस पर फोकस करें यह तय नहीं कर पा रहे। इन्हें बेहतर तरह से जानने, समझने के लिए इनसे दोस्ती करने के साथ एजुकेशन, करियर, रिलेशनशिप को लेकर इनकी सोच समझना जरूरी है।

**जो हमारे कजन पढ़ रहे, हम भी वही क्यों पढ़ें:** 15 साल के आर्यन का साफ कहना है कि मैं वह क्यों पढ़ूं जो मेरे कजन पढ़ रहे हैं। पैरंट्स डॉक्टर हैं और कजन भी डॉक्टर बन रहे हैं, लेकिन मेरा इंट्रेस्ट गेमिंग में है और मैं जानता हूं कि इसमें अच्छा करूंगा। यह दिखाता है कि अब वह दौर नहीं रहा जब कजन या पड़ोसियों को देखकर पैरंट्स हुकुम सुना देते थे। Gen-Z इसमें काफी क्लियर दिखते हैं। हालांकि, इसका दूसरा पहलू भी है। 16 साल की निकिता की मॉम राशि बताती हैं कि हमने बेटी को उसकी पसंद की स्ट्रीम चुनने दी, पर एग्जाम के ठीक पहले उसने कह दिया, यह मेरे लिए नहीं है, आपने मुझे पहले क्यों नहीं समझाया? फिर करियर काउंसलर की मदद से स्ट्रीम बदलनी पड़ी। ये दोनों उदाहरण बताते हैं कि भले ही Gen-Z एजुकेशन पर अपनी सोच पर अड़े रहते हों, पर फैसला गलत हो तो ठीकरा पैरंट्स पर ही फोड़ देते हैं। एजुकेशन को लेकर Gen-Z की सोच कुछ यूं है:

- लिखने की जगह सुनकर पढ़ना पसंद करते हैं।
- ऑनलाइन कोर्स, बूटकैम्प, यूट्यूब ट्यूटोरियल और एआई टूल्स पर फोकस।
- जल्दी सीखना, जल्दी बदलना और नया अपनाना इनकी खूबी।

AI image



## रिलेशनशिप, मैरिज, बच्चे, घर, इनकी प्रायॉरिटी में नहीं

जो चीजें मिलेनियल्स के लिए बहुत ज्यादा महत्व रखती थीं, वे Gen-Z की प्रायॉरिटी लिस्ट में ही नहीं हैं। कमिटेड रिलेशनशिप, सिचुएशनशिप, कैजुअल डेटिंग, एक्सक्लूसिव डेटिंग, ओपन रिलेशनशिप जाने कितनी तरह की तो इनकी रिलेशनशिप हैं। अगर यह कहा जाए कि सेक्स की तरफ इनका ध्यान उतना नहीं है, जितना मिलेनियल्स का रहा है तो यह गलत नहीं होगा। ये शादी और बच्चे पैदा करने को लेकर भी कम सीरियस हैं। मिलेनियल्स की तरह घर खरीदने की सोच इनमें बहुत कम है। ये EMI की जगह SIP को चुन रहे हैं। इन्होंने अपने पैरंट्स को पूरी जिंदगी घिसते हुए देखा है। ये वैसे नहीं बनना चाहते। इनका फंडा है, आज में जिओ, खुश रहो, टेंशन मत लो।



## जॉब में सिर्फ सैलरी नहीं, लाइफ बैलंस है प्रायॉरिटी

Gen-Z ऐसी जॉब चाहते हैं, जिसमें वे लाइफ भी इन्जॉय कर सकें। लगातार 8-12 घंटे काम उनकी पसंद नहीं। एक MNC की सीनियर HR रचना बताती हैं कि Gen-Z से काम करवाना आसान नहीं है। ये कम बोलते हैं, तो सुनते भी कम हैं। हाल ही में एक ट्रेनी ने बस एक लाइन का मैसेज भेजा, I m nt Well. Can't come to office. मतलब देखिए, छुट्टी मांग नहीं रहे, बता रहे हैं। कुछ दिन वह नहीं आया तो मैसेज भेजकर पूछा कि कब आओगे तो फिर एक लाइन का जवाब, When I recover. इससे साफ है कि वे न जॉब को लेकर प्रेशर लेते हैं, न टेंशन। दरअसल, ऑफिस आना Gen-Z की डिक्शनरी में ही नहीं और सीनियर की डांट तो वे सुन ही नहीं सकते। जॉब को लेकर इनकी सोच कुछ ऐसी है:

## इंटरनेट पर इनकी अपनी दुनिया

Orkut और FB को पीछे छोड़ चुकी Gen-Z अब इंस्टाग्राम से भी अपना बोरिया बिस्तर समेटती दिख रही है। इंस्टाग्राम पर पैरंट्स और रिश्तेदारों की मौजूदगी से थककर इन्होंने प्राइवेसी के लिए अपने रास्ते बना लिए हैं, एक नहीं, तीन-तीन अकाउंट: एक फैमिली के लिए, दूसरा फ्रेंड्स के लिए और तीसरा अनजान लोगों के लिए, जिन्हें ये बहुत स्मार्टली अलग-अलग रखते हैं। इसी वजह से Snapchat, Reddit, Discord, Session इनके नए अड्डे बन चुके हैं, यहां ये अनजान नाम से अनजान लोगों से बातें करते हैं। ये फोन कॉल से बचते हैं, लेकिन फेसटाइम या वीडियो कॉल पर घंटों लगे रहते हैं। शायद इसलिए कि फोन कॉल अचानक आती है और ये जवाब देने के लिए तैयार नहीं होते।

## Gen-Z पर नज़र




## गालियां इनकी भाषा में सिंक हो गईं

इनकी लैंग्वेज की बात की जाए तो अगर किसी का Drip कमजोर हो, बातों में Rizz न हो और Vibe भी Mid लगे, तो Gen-Z तुरंत बोल देते हैं, 'Ngl, this is so boomer, no cap.' इसे सामान्य भाषा में कहें तो Gen-Z बोल रहा है कि सच कहें तो तुम बहुत पुराने ख्यालों वाले लगते हो। यह तो फिर भी Gen-Z ने बहुत प्यार भरी भाषा में बोल दिया। अगर इनके फ्रेंड्स के साथ इनकी चैट पढ़ लें तो लगेगा कि गालियां तो जैसे इनकी भाषा के साथ सिंक (मिक्स) हो गई हैं। एक सेंटेंस में नाउन, प्रोनाउन, एडवर्ब कम होते हैं, गालियां ज्यादा।

## NBT GOOD न्यूज़

**मुस्कान: सेहत का नेचुरल ऑक्सिजन बूस्टर**

मुस्कुराते समय हम गहरी सांस लेते हैं, जिससे हमारे खून में ऑक्सिजन की मात्रा बढ़ जाती है। यह शरीर को स्वस्थ और हमें तरोताजा रखने का एक प्राकृतिक तरीका है।

### विचार

सफलता का उत्साह खोए बिना एक असफलता से दूसरी असफलता तक जाना ही असली सफलता है। पूरे उत्साह के साथ फिर से कोशिश करना ही सफलता है। - *विंस्टन चर्चिल* (Winston Churchill)

### ज़रा हंस लें

पप्पू डॉक्टर के पास टांग दिखाने गया। डॉक्टर: शायद जहर फैल गया है.. टांग काटनी पड़ेगी। कुछ दिन बाद दूसरी टांग भी नीली पड़ गई। डॉक्टर ने मरीज की दोनों टांगें काट दी और नकली टांगें लगा दी। फिर नकली टांग भी नीली पड़ गई। डॉक्टर: अब तुम्हारी बीमारी समझ आ गई, पप्पू भाई तुम्हारी पेंट रंग छोड़ती है..

### कविता : मेरा निश्चय

जब पता चला तो छोड़ा नहीं,
यूं दिल किसी और राह मोड़ा नहीं।
जब देखा कठिन है, तो बहाने नहीं किए,
बिन मुंह मोड़े, बिन सहारे चल दिए।

मंजिल को देख, सपने बुनते चल पड़े,
विश्वास ही माध्यम है, कदम रुक नहीं सके।
अंदर ही अंदर मन में कई सवाल आए,

पर ठान लिया कि खुद को तोड़ा न जाए।
सफर है लंबा, पर वक्त मेरा भी आए,
यही सोचकर खुद को समझाया जाए।

थोड़ा मुश्किल है, पर नामुमकिन नहीं,
क्योंकि सच तो यही है ना...
जब पता चला तो छोड़ा नहीं,
यूं दिल किसी और राह मोड़ा नहीं।

- *कीर्ति जोशी, NBT रीडर*

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।



गोवा की 25 महिलाओं ने क्रोशिया और धागों से बुन दिया 18 फीट ऊंचा क्रिसमस ट्री

## उंगलियों के जादू से बना 18 फीट का क्रिसमस ट्री

■ NBT न्यूज, पणजी

**गोवा में इस** बार क्रिसमस की शुरुआत एक बेहद ही इमोशनल और खूबसूरत अंदाज में हुई है। यहां गोवा के अलग-अलग इलाकों की 25 महिलाओं ने अपनी उंगलियों के जादू और क्रोशिया के हुक से 18 फीट ऊंचा एक ऐसा क्रिसमस ट्री तैयार किया है, जो देखने वालों को हैरान कर रहा है। इसकी शुरुआत अगस्त में हुई थी। एक महिला ने वट्सऐप पर एक मैसेज डाला, जो एक कॉल थी, साथ मिलकर कुछ बनाने के लिए। उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि उस एक मैसेज पर इतना प्यार बरसेगा। देखते ही देखते, गोवा के अलग-अलग कोनों से महिलाएं जुड़ने लगीं। ये कोई आम ग्रुप नहीं है। इसमें बैंकर्स हैं, टीचर्स हैं, रिटायरमेंट के बाद सुकून तलाशती बुजुर्ग महिलाएं हैं और आंत्रप्रेन्योर भी। 30 साल की युवा ऊर्जा से लेकर 60 साल के तजुर्बे तक सब एक साथ आ गए।

**क्रोशिया से 3 महीने में तैयार हुए 1000 स्क्वायर:** एक सदस्य के घर पर इन सबका मिलना-जुलना शुरू हुआ। इन महिलाओं ने दिन-रात मेहनत करके क्रोशिया के 1,000 चौकोर टुकड़े (स्क्वायर) तैयार किए। हर स्क्वायर का रंग अलग था, बिल्कुल इन महिलाओं की अलग-अलग जिंदगी की तरह, लेकिन उनका डिजाइन एक जैसा था, जो उनकी एकता को दिखा रहा था। जब सारे टुकड़े तैयार हो गए, तो उन्हें एक मेटल फ्रेम पर असेंबल किया गया और सामने खड़ा हुआ 18 फीट ऊंचा हैंडमेड क्रिसमस ट्री। यह नायाब कलाकृति अब पिलर्न (Pilerne) के एक म्यूजियम में परमानेंट डिस्प्ले के लिए रखी गई है, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस मेहनत को देख सकें।

### क्रोशिया से है गोवा का परंपरा का रिश्ता

गोवा के कल्चर में 'क्रोशिया' (जो फ्रेंच शब्द 'स्मॉल हुक' से बना है) के बहुत गहरे मायने हैं। यहां जब नई दुल्हन ससुराल जाती है, तो अपने साथ क्रोशिया का काम ले जाती है, जिसे गर्व से घर में सजाया जाता है। तकिए के कवर हों या टेबल क्लॉथ, यह गिफ्ट नहीं, बल्कि अपनों के लिए बुना गया आशीर्वाद माना जाता है।




जब स्पेशल सैंटा ने रेस्क्यू किए गए हाथियों और भालुओं का क्रिसमस बनाया यादगार


# शहद, फलों की पार्टी, बेज़ुबानों का हैपी क्रिसमस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**क्रिसमस का** त्योहार बिना खुशियों के अधूरा है, लेकिन इस बार आगरा और मथुरा के वाइल्डलाइफ एसओएस सेंटर्स में नजारा कुछ खास था। शांत माहौल में जानवरों के लिए प्यार और सम्मान का जश्न मनाया गया। सेंटर्स को लाल-हरे रंगों में सजाया गया, पेड़ों पर टिमटिमाते सितारे और घंटियां लटकाई गईं। सबसे खूबसूरत पल तब आया जब स्टाफ सैंटा क्लॉज की ड्रेस पहनकर अपने भारी-भरकम और प्यारे दोस्तों के पास पहुंचा। मथुरा के 'हाथी संरक्षण और देखभाल केंद्र' में माया, फूलकली, एम्मा, तारा और सूरज जैसे हाथियों के लिए यह किसी सपने जैसा था। उनके बाड़े में खूबसूरत गिफ्ट बॉक्स रखे गए थे, जिनमें उनके पसंदीदा फल और पौष्टिक चीजें थीं। पास ही हाथी अस्पताल में रहने वाली हथिनी बानी के लिए भी यह दिन खास था। बानी को सजाई हुई फलों की थालियां और ट्रीट्स दिए गए, जो उनके जख्मों पर प्यार का मरहम बन गए।



### सजावट, सरप्राइज और प्यार



दूसरी ओर, आगरा भालू संरक्षण केंद्र में स्लॉथ भालू मोगली, रॉन, मैली, डिंपिंट, गंभीर और वाल्मीकि की खुशी का ठिकाना नहीं था। जैसे ही उन्हें शहद, खजूर और पॉपकॉर्न की खुशबू आई, वे अपने सरप्राइज बक्सों पर टूट पड़े। ये खेल-खेल में भोजन खोजने की गतिविधि उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है, जिसे 'एनरिचमेंट' कहा जाता है।

### देखभाल, भरोसे का एक अटूट बंधन

वाइल्डलाइफ एसओएस के सह-संस्थापक और सीईओ कार्तिक सत्यनारायण ने कहा कि इन गतिविधियों से हम जानवरों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं। यह हमारे लिए सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि उनके प्रति हमारी जिम्मेदारी का हिस्सा है। वहीं, संस्था की सह-संस्थापक और सचिव गीता शेषमणि ने कहा कि यह जश्न जितना इन जानवरों के लिए है, उतना ही उनके केयरगिवर्स के लिए भी। इन दोनों के बीच जो भरोसे का रिश्ता है, वही हमारे काम की असली ताकत है। वाइल्डलाइफ एसओएस के डायरेक्टर कंजरवेशन प्रोजेक्ट्स, बैजूराज एम.वी. ने बताया कि ऐसी गतिविधियों का मकसद जानवरों के वेलफेयर को बढ़ावा देना है, ताकि उन्हें अहसास हो कि वे सुरक्षित हैं और उनसे प्यार किया जाता है।



## सुरों के त्योहार का आगाज़

कोलकाता के रवींद्र सदन में बांग्ला संगीत मेला की शुरुआत के मौके कलाकारों ने अपने ट्रेडिशनल कॉस्ट्यूम और दमदार परफॉर्मेंस दी।



# गांव-कस्बों तक मनोरंजन पहुंचाएंगे मिनी थिएटर

प्रियंका दासगुप्ता, उदित प्रसन्न मुखर्जी, सायंक गांगुली

■ **कोलकाता:** बंगाल सरकार ने ऑडियो-विजुअल कंटेंट की बढ़ती मांग और छोटे ग्रुप में फिल्म देखने की रुचि को देखते हुए मिनी सिनेमा पॉलिसी लॉन्च की है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे बिजनेस एंड इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में पेश किया। टॉलीवुड इसे भारत में किसी राज्य की पहली पहल मान रहा है। पॉलिसी से फिल्म देखने का अनुभव बेहतर होगा, लोकल बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा और उपनगरीय व ग्रामीण इलाकों में छोटे ऑडिटोरियम का इस्तेमाल संभव होगा। मिनी सिनेमा में लगभग 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी और यह एयर-कंडीशन्ड होगा। इसमें LED डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, प्रोजेक्शन सिस्टम और सर्वर जुड़ा होगा, जिसे स्क्रीनिंग के दौरान कम से कम एक व्यक्ति ऑपरेट करेगा। फिल्में डिजिटल सर्वर के माध्यम से उपलब्ध होंगी। बैठने की क्षमता और कीमत आवेदक तय करेगा। लाइसेंस की प्रक्रिया चार हफ्तों में पूरी होगी।

AI image




### 'पहल से इंडस्ट्री खुश'

अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी ने कहा कि इंडस्ट्री ने इस पहल का स्वागत किया है। यह पहली बार है जब भारत में ऐसी कोई पहल की गई है। मैं अपने दोस्त अनुराग से मिला, जिसने मुझे इसका एक मॉडल दिखाया। पश्चिम बंगाल मिनी सिनेमा पॉलिसी हाल ही में लॉन्च हुई।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: cci Time: 12-24-2025 21:48 Color:



## महानगर में आज



**कटिंग एज**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'कटिंग एज', विजुअल आर्ट एग्जिबिशन, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। इस पेंटिंग और स्कल्पचर एग्जिबिशन में कलाकार तड़ भद्र, दीपिका साहा, सोनाली मित्र पॉल, मृणाल पॉल, रत्ना बोस, सजल आदि के आर्टवर्क देखे जा सकते हैं।

**छोटी-छोटी खुशियां**
त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'छोटी छोटी खुशियां', तानसेन मार्ग, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कलाकार शीला चमड़िया ने अपनी इस एग्जिबिशन के साथ अपने भाव स्कल्पचर में उतारे हैं।

**द बिग पिक्चर**



इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में फोटोग्राफी एग्जिबिशन 'द बिग पिक्चर 2025', मेन आर्ट गैलरी, कमलादेवी कॉम्प्लेक्स, लोदी एस्टेट, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। ऑल इंडिया वर्किंग न्यूज कैमरामेंस असोसिएशन और IIC की ओर से देशभर के 69 फोटो जर्नलिस्ट की यह एग्जिबिशन 30 दिसंबर तक निहारी जा सकती है।

**कल्पनाओं की ओर**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'स्कोप ऑफ इमेजिनेशन', ओपन पाम कोर्ट गैलरी, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। आर्टिस्ट दर्शन शर्मा की इस आर्ट एग्जिबिशन का आनंद 25 दिसंबर तक लिया जा सकता है।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर


# हाथ-पैर बांधकर नहर में फेंका था शव, दो अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, समयपुर बादली

**चचेरी बहन** से रिलेशनशिप पर 18 साल के अंकित नाम के युवक की हत्या कर दी गई। आरोपी गुनाह करने के बाद इधर उधर भागते रहे। आरोपियों में से एक का जानकार स्पेशल सेल में था। घबराहट में उसने स्पेशल सेल के उस जानकार को गुनाह की सारी कहानी बता दी। डीसीपी हरेश्वर स्वामी के मुताबिक स्पेशल सेल ने उस आरोपी को पकड़कर समयपुर बादली पुलिस को सौंपा और पिछले महीने मुनक नहर में मिले अंकित नाम के युवक की हत्या की पूरी पोल खोल दी। इसके बाद समयपुर बादली पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद उसके दोस्त को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने अंकित की हत्या के बाद हाथ-पैर बांधे और गुनाह छिपाने के लिए बॉडी को मुनक नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल हथियार और दो गाड़ियां बरामद की हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आशीष और विशाल के रूप में हुई है।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के मुताबिक पिछले महीने 22 तारीख को मुनक नहर, हैदरपुर ट्रीटमेंट प्लांट में एक युवक का शव बरामद हुआ था। युवक के हाथ-पैर बंधे थे। सिर पर किसी धारदार हथियार से वार करने के निशान थे। सिपनेट के जरिए मृतक की पहचान सदर बाजार निवासी अंकित के रूप में हुई। अंकित अपने मामा के साथ वेल्डिंग का काम करते थे। 18 नवंबर को परिजनों ने गुलाबी बाग थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

AI Image



**गुत्थी सुलझी**
- चचेरी बहन से रिश्ता के चलते भाई ने दोस्त के साथ हत्या कर मुनक नहर में फेंक दी थी लाश
- स्पेशल सेल में काम करने वाले जानकार से हत्या की बात बताना पड़ गया भारी

**कॉल कर बुलाया था मेट्रो स्टेशन**

डीसीपी के मुताबिक आरोपियों में आशीष की चचेरी बहन से अंकित की क्लोज फ्रेंडशिप थी। इन्होंने कई बार अंकित को बहन से दूर रहने के लिए कहा था, लेकिन वह नहीं मान रहा था। वारदात को अंजाम देने के लिए अंकित को कॉल कर टिकरी कला मेट्रो स्टेशन बुलाया गया। वहां आरोपी स्कूटी पर बिठाकर उसे ले गए और उसकी हत्या कर दी। आरोपियों ने हत्या के बाद शव टाटा ऐस वाहन में डालकर बवाना ले गए और हनुमान मंदिर के पास मुनक नहर में फेंक दिया।

# इंटरस्टेट गाड़ी चोर गैंग का भंडाफोड़, 3 पकड़े

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**साउथ डिस्ट्रिक्ट** की एएटीएस ने इंटरस्टेट गाड़ी चोरी और अवैध हथियार तस्करी में सक्रिय एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लग्जरी गाड़ियां, दो सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, फर्जी नंबर प्लेट और अत्याधुनिक ऑटो चोरी के उपकरण बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अब्बार उर्फ शाहनवाज (48), आसिफ (36) और अनीश (39) के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि शाहनवाज पहले से 6, आसिफ 8 और अनीश 6 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार, यह गिरोह दिल्ली-एनसीआर से महंगी गाड़ियां चोरी कर उन्हें उत्तर प्रदेश और गुजरात समेत अन्य राज्यों में खपाने का काम कर रहा था। जांच में एक संगठित नेटवर्क का खुलासा हुआ है। जिसमें गाड़ी चोरी के साथ-साथ अवैध हथियारों की तस्करी भी शामिल थी। डीसीपी के अनुसार एएटीएस की टीम को गुप्त सूचना मिली कि गाड़ी चोरी गिरोह के कुछ लोग पुष्प विहार में आने वाले हैं। सूचना को पुख्ता कर इंस्पेक्टर उमेश यादव की देखरेख में एसआई नवदीप, एसआई मनजीत सिंह, हेड कॉन्स्टेबल बृजेश सिंह, कमल और कॉन्स्टेबल राम दयाल की टीम ने तड़के करीब 3:30 बजे पुष्प विहार के सेक्टर-3 स्थित एशियन मार्केट रोड पर ट्रैप लगाया। इस बीच पुलिस को बिना नंबर प्लेट की एक काली हुंडई क्रेटा कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने कार को रोका और उसमें सवार तीन लोगों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान आरोपी अनीश और आसिफ के पास से एक-एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद हुई।



कब्जे से लग्जरी गाड़ियां बरामद



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी






# साइबर ठगी कर 76 लाख हड़पे

■ NBT न्यूज, झज्जर

**शेयर मार्केट** में ऑनलाइन निवेश से कमाई के नाम पर बड़ी साइबर ठगी करने वाले चार जालसाजों को दो अलग अलग मामलों में झज्जर पुलिस ने अरेस्ट किया है। पूछताछ में ठगी के बड़े मामलों का खुलासा हुआ है।


**झज्जर पुलिस ने 4 बदमाश दबोचे**

एक मामला बहादुरगढ़ निवासी एक व्यक्ति से जुड़ा है। जिसमें फार्मासिस्ट की पढ़ाई करवाने वाला यह शख्स शेयर मार्केट में निवेश भी करता था। इसी दौरान उसे फेसबुक के माध्यम से एक वट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का लालच दिया गया। इसके बाद करीब 20 दिनों के भीतर उसने लगभग 76 लाख रुपये अलग-अलग खातों में निवेश कर दिए। शुरुआत में उसे ऐप पर मुनाफा दिखाया गया। इसके ठगी का अहसास होने पर थाना साइबर क्राइम झज्जर में शिकायत दर्ज कराई।







CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 2 Page: NBTGRP4 User: vinay.vashisht Time: 12-24-2025 22:48 Color:



# 5061 जवान पुलिस फोर्स में भर्ती, शाह ने बढ़ाया हौसला

## शाह ने कहा, ड्रग्स और मानव तस्करी सबसे बड़ा चैलेंज

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़




अमित शाह ने बुधवार को पंचकूला में हरियाणा पुलिस के रिक्रूट बेसिक कोर्स बैच-93 की भव्य पासिंग आउट परेड की सलामी ली

**गृहमंत्री अमित शाह** ने बुधवार को कहा कि हरियाणा समेत देश की पुलिस के सामने इस समय नशा तस्करी, मानव तस्करी, साइबर अपराध और संगठित अपराध बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से निपटने में हरियाणा पुलिस पूरी तरह सक्षम है। हरियाणा के कई जिले देश की राजधानी से सटे हुए हैं और एनसीआर का हिस्सा हैं। यहां की आपराधिक गतिविधियां देश के अन्य राज्यों से भिन्न हैं। हरियाणा पुलिस केस को सुलझाने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। अमित शाह पंचकूला में हरियाणा पुलिस के रिक्रूट बेसिक कोर्स बैच-93 की भव्य पासिंग आउट परेड में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। परेड के बाद 5061 नव-प्रशिक्षित जवान हरियाणा पुलिस का हिस्सा बने।

गृह मंत्री ने कहा कि आज की परेड की अगुवाई महिला सिपाही निशु ने की है। उन्होंने कहा कि भारत में नए कानून लागू होने के बाद यह पहला बैच है, जिसको नए कानूनों के अनुसार ट्रेनिंग दी गई। इससे पहले पुलिस के जवान अंग्रेजों के समय से लागू कानूनों के आधार पर पढ़ाई करके पुलिस फोर्स का हिस्सा बनते थे। इसमें 93 प्रतिशत महिलाएं हैं और उच्च शिक्षित हैं। पुलिस का हिस्सा बने युवाओं की औसत आयु 26 साल है। युवा पुलिस फोर्स को आगे ले जाएंगे।

# रिश्वत लेने का आरोपी ASI गिरफ्तार




■ NBT न्यूज, सोनीपत : क्षेत्र की रोहदुर पुलिस चौकी में तैनात एक एएसआई को रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने काबू किया है। आरोपी एएसआई पर आरोप है कि वह सड़क हादसे के एक मामले में कार्रवाई के बदले पानीपत के एक युवक से रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने पूरे मामले की जांच की और जाल बिछाकर आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक आरोपी एएसआई ने युवक से पांच हजार रुपये की रिश्वत ली थी। जैसे ही रकम का लेन-देन हुआ, पहले से तैनात एसीबी की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। है। एसीबी की ओर से आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

# HSVP को HC से झटका, प्लॉट का मनमाना दाम वसूलने पर रोक

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़





**पंजाब-हरियाणा** हाईकोर्ट ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि कोई भी सार्वजनिक प्राधिकरण अपनी ही लापरवाही और निष्क्रियता से लाभ नहीं कमा सकता। हाईकोर्ट ने भूमि अधिग्रहण से प्रभावित लोगों से वर्षों की देरी के बाद बढ़ी हुई वर्तमान रिजर्व कीमत वसूलने की एचएसवीपी की कार्रवाई को मनमाना, अन्यायपूर्ण और स्थापित कानून का खुला उल्लंघन करार दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि आवंटियों से प्लॉट का बढ़ा दाम न वसूला जाए। उन्हें आवेदन की तारीख पर प्लॉट की कीमत से ही प्लॉट का अलॉटमेंट किया जाए। एचएसवीपी पर तीन लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जस्टिस अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल और जस्टिस दीपक मनचंदा की खंडपीठ ने 58 याचिकाओं के समूह को स्वीकार करते हुए कहा कि यदि प्लॉट के आवंटन में हुई देरी पूरी तरह हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की वजह से है, तो ऐसे में आवंटी को आवेदन या विज्ञापन की तिथि पर लागू दर से ही प्लॉट दिया जाना चाहिए, न कि कई साल बाद की बढ़ी हुई कीमत पर। याचिकाकर्ता वे भूमि मालिक हैं जिनकी जमीन विभिन्न शहरी सेक्टरों के विकास के लिए अधिगृहित की गई थी। एचएसवीपी ने वर्ष 2018 में सार्वजनिक नोटिस जारी कर प्लॉट आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। लगभग छह से सात वर्षों तक आवंटन पत्र जारी नहीं किए। जब इस वर्ष आवंटन पत्र जारी किए गए, तो 2025-26 की वर्तमान रिजर्व कीमत का भुगतान करने का आवंटियों को निर्देश दिया गया।

- एचएसवीपी पर हाईकोर्ट ने तीन लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।
- कहा, आवंटियों आवेदन की तारीख पर प्लॉट की कीमत से ही प्लॉट का अलॉटमेंट किया जा
- एचएसवीपी ने 2018 में प्लॉट के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। 2025-26 में मांगी बढ़ी कीमत

### कीमत न बताने की दलील खारिज

हाईकोर्ट ने एचएसवीपी की इस दलील को सिरे से खारिज कर दिया कि 2018 के विज्ञापन में कीमत का उल्लेख नहीं था, इसलिए वह वर्तमान दर वसूलने का हकदार है। कीमत का जानबूझकर उल्लेख नहीं करना, बाद में बढ़ी हुई दरें थोपने का साधन नहीं बन सकता। ऐसा आचरण निष्पक्षता, पारदर्शिता और कानून के शासन की मूल भावना के खिलाफ है। खंडपीठ ने यह भी कहा कि यह विवाद पहले ही फुल बेंच के फैसले से पूरी तरह तय हो चुका है और एचएसवीपी की 2018 की नीति भी उसी फैसले को लागू करने के लिए बनाई गई थी।

# टैलेंट हंट से प्रवक्ताओं को चुनेगी कांग्रेस

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़



**भारतीय राष्ट्रीय** कांग्रेस की ओर से आयोजित नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रवक्ताओं को चुनने के लिए चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस हेडक्वॉर्टर में युवाओं के अंतिम साक्षात्कार आयोजित किए गए। अंतिम साक्षात्कार प्रक्रिया हेतु हरियाणा के प्रभारी बीके हरिप्रसाद चंडीगढ़ मुख्यालय पहुंचे। देशभर से चयन की विभिन्न प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पार करने के बाद चयनित उम्मीदवार अंतिम चरण के लिए चंडीगढ़ पहुंचे।

इस अवसर पर चयन समिति ने उम्मीदवारों की योग्यता, क्षमता का गहन एवं निष्पक्ष मूल्यांकन किया। चयनित युवा कांग्रेस की विचारधारा के अनुरूप मीडिया पैनलिस्ट, प्रवक्ता, रिसर्च कोऑर्डिनेटर एवं प्रचार कोऑर्डिनेटर जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएंगे।

हरियाणा के प्रभारी बी.के. हरिप्रसाद ने बुधवार को कहा कि चयनित उम्मीदवारों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

# ट्रैवल एजेंटों पर 15 लाख ठगने का आरोप, 3 पर केस




■ NBT न्यूज, जींद : गढ़ी थाना पुलिस ने ट्रैवल एजेंटों को कनाडा भेजने का झांसा देकर पीड़ितों से 15 लाख रुपये ठगने के आरोप में बुधवार को मामला दर्ज किया है। आरोपी ने पीड़ितों को कॉलेज में दी गई फीस की झूठी रसीद दिखाई। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमनदीप ने बुधवार को बताया कि गांव का ही युवक प्रिंस उनके साथ पढ़ता था। वह अपने भाई गगनदीप को कनाडा पढ़ाई के लिए भेजना चाहते थे। प्रिंस ने कहा कि उनके पिता यादवेंद्र और उनका भाई विकास कनाडा पढ़ाई के लिए युवकों को भेजने का काम करते हैं। तीनों के साथ बैठकर बात की। यादवेंद्र ने साढ़े 15 लाख रुपये में उसके भाई गगनदीप को कनाडा स्टडी वीजा पर भेजने तथा उसकी एक साल तक की फीस भरने का वादा किया। अमनदीप ने कहा कि उन्होंने 15 लाख रुपये आरोपियों को दे दिए।

# मनोहर ने कहा, अरावली को कोई नुकसान नहीं होने देगी सरकार

■ NBT न्यूज, सोनीपत



**केंद्रीय मंत्री** मनोहरलाल ने बुधवार को कहा कि अरावली की पहाड़ियों में खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है और वहां किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि अरावली समेत हर मुद्दे पर कांग्रेस बातचीत से भाग रही है और पहले एसआईआर और अब अरावली के मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रही है। पदक पाओ-पद पाओ नीति के तहत खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं। ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को छह करोड़ रुपये की इनामी राशि दी जा रही है। केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल ने राई स्थित मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल के 53वें वार्षिक उत्सव में शिरकत की। कार्यक्रम में खेल, संगीत और पढ़ाई का अनूठा संगम देखने को मिला। केंद्रीय मंत्री ने मंच से सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को वार्षिक उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि राई स्पोर्ट्स स्कूल का यह आयोजन हमेशा से बाकी स्कूलों से अलग पहचान रखता है।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा और खेल एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। देश को मिलने वाले पदकों में हरियाणा का योगदान हमेशा महत्वपूर्ण रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मन की बात कार्यक्रम में लगातार हरियाणा के खिलाड़ियों का जिक्र करते रहे हैं। गांवों में अखाड़ों की भूमिका सबसे अहम है, जहां से निकलकर खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचते हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे परिवार, गांव और देश को नुकसान पहुंचाता है।

- केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल ने राई स्थित मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल के 53वें वार्षिक उत्सव में शिरकत की।
- खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां, ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को छह करोड़ का इनाम मिला

### सोनाली को मिला गवर्नर मेडल

सोनाली अहलावत को उनकी ओवरऑल परफॉर्मेंस के लिए गवर्नर मेडल से सम्मानित किया गया। ऑल राउंड बेस्ट हाउस के लिए इंद्र हाउस को अर्जुन ट्रॉफी के लिए पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में इंटर हाउस को करिकुलर ट्रॉफी के लिए सूर्या हाउस और वरुणा हाउस को सम्मानित किया गया, जब जूनियर और सीनियर विंग से अर्जुन हाउस ने ट्रॉफी अपने नाम की।

# AAP की दो पार्षद BJP में शामिल



■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

**चंडीगढ़ में** मेयर चुनाव को लेकर शुरू हुई सक्रियता ने ने बुधवार को उस समय नया मोड़ ले लिया जब यहां आम आदमी पार्टी की दो महिला पार्षद बीजेपी में शामिल हो गई। बीजेपी को मेयर चुनाव से पहले मजबूती मिली है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में वॉर्ड नंबर 16 से पार्षद पूनम और वॉर्ड नंबर 4 से पार्षद सुमन शर्मा का स्वागत किया। उनके साथ चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला और बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी संजय टंडन विशेष रूप से उपस्थित रहे। महिला पार्षदों ने कहा कि भाजपा की विचारधारा पर विश्वास जताते हुए पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर मेयर हरप्रीत कौर बबला ने दोनों पार्षदों का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चंडीगढ़ सहित पूरे देश में विकास की नई दिशा तय हुई है और नए साथियों के जुड़ने से संगठन और अधिक मजबूत होगा।

चंडीगढ़ नगर निगम में कुल 35 पार्षद हैं। मेयर चुनाव में चंडीगढ़ सांसद का वोट भी मान्य होता है। इसके अलावा 9 पार्षद नॉमिनेटेड होते हैं, जिनके पास वोटिंग राइट्स नहीं हैं।

SBI

तृतीय-पक्ष प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट सेंटर, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400021

शुद्धिपत्र

तृतीय-पक्ष लाइफसाइकल मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन की खरीद

कृपया हमारे रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के लिए आमंत्रण संख्या SBI:TPM:CC:EOI:2025-26:01, दिनांक 05.12.2025 देखें। शुद्धिपत्र अपलोड किया गया है और इसे बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in** पर प्रोक्योरमेंट न्यूज के तहत एवं ई-प्रोक्योरमेंट एजेंसी पोर्टल **https://etender.sbi/SBI/** पर देखा जा सकता है। प्री-बिड प्रश्नों का उत्तर बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in** पर अपलोड कर दिया गया है।

बोलियाँ जमा करने की संशोधित अंतिम तिथि एवं समय: 09.01.2026 को 16:00 बजे तक, सिर्फ **https://etender.sbi/SBI/** के माध्यम से ऑनलाइन।

दिनांक: 25.12.2025 उप महाप्रबंधक (विक्रेता प्रबंधन, नॉन-आईटी)

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या:SRDEE-TRD-1ZN-2025-26-T24, Date-23.12.2025

खुली ई-निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्र.सं. 1:- कार्य का नाम: इज्जतनगर डिवीजन में LKU SSP से हल्द्वानी तक बिजली आपूर्ति में विश्वसनीयता सुधारने के लिए ट्रैक के समानांतर फीडर व्यवस्था का प्रावधान से सम्बंधित कार्य। टेंडर रिफरेंस नं. SRDEE-TRD-1ZN-2025-26-T24, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में ₹6,10,47,004.12, अग्रिम राशि/बिड सिक्यूरिटी ₹4,55,200.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में 0.00 निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 15.01.2026, 11.00, कार्य पूरा करने की अवधि: 12 माह।

खुली ई-निविदा दिनांक 15.01.2026 को 11.00 बजे तक जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी इज्जतनगर

गुजाषि/विद्युत-225

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# तीन हज़ार कॉमन सर्विस सेंटर की आईडी बंद

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़





हरियाणा में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के नाम पर हो रही फर्जीवाड़े पर लगाम लगाते हुए सरकार ने तीन हजार से अधिक सीएससी संचालकों की आईडी को बंद कर दिया है। अब सरकार इनकी जांच करवाएगी।

प्रदेश में चल रहे कई सीएससी सेंटर अक्सर विवादों में रहे हैं। कई बार परीक्षाओं के दौरान सरकार इन सेंटरों को बंद कराती है। हरियाणा सरकार को कॉमन सर्विस सेंटरों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। सीएम नायब सैनी तक भी ये शिकायतें जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंची, जिसके बाद सीएम ने अधिकारियों से इसका फीडबैक लिया

जांच में पता चला कि 3075 सेंटर ऐसे हैं जो तय नियमों के अनुसार नहीं चल रहे हैं। सीएससी के अधिकृत ब्रांडिंग बोर्ड एवं निर्धारित फीस चार्ट भी इन सेंटरों पर नहीं लगाए गए थे।

# भाभी की चाकू मारकर हत्या

## आरोपी ने दीवार पर सिर पटककर जान देने की कोशिश की

■ NBT न्यूज, भिवानी





**शहर के** हनुमान गेट क्षेत्र में घर के अंदर चाकू से गोदकर एक महिला की हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप महिला के देवर पर लगाया गया है। इसके बाद आरोपी ने खुदकुशी की कोशिश की। वारदात के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस बुलाई। इसके बाद घायल को पुलिस इलाज के लिए जिला नागरिक अस्पताल लेकर पहुंची। जहां से चिकित्सकों ने उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।

हनुमान गेट क्षेत्र निवासी 39 वर्षीय कविता की उसके रिश्ते में लगने वाले देवर ने ही चाकुओं से ताबड़तोड़ गोदकर हत्या कर दी। वारदात मंगलवार की सुबह साढ़े नौ बजे घर की है। कविता दो बच्चों की मां थी। कविता की हत्या के बाद उसके आरोपी देवर ने भी खुद का सिर दीवार से पटककर आत्महत्या की कोशिश की।

जांच अधिकारी एसआई धर्मवीर ने गुरुवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि हनुमान गेट पर महिला को चाकू मार कर हत्या कर दी है। पुलिस मौके पर पहुंची, तो पता चला कि महिला और आरोपी को अस्पताल भिजवाया।

प्रचार निदेशालय

खादी और ग्रामोद्योग आयोग

सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार

ग्रामोदय, 3, इर्ला रोड, विलेपार्ले (पश्चिम), मुंबई- 400 056

दूरभाष : 022-69168910 ईमेल: publicity.kvic@gov.in वेबसाइट: www.kvic.gov.in

सार्वजनिक सूचना

खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, के प्रिंट, आउटडोर, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल, सोशल मीडिया, जनसंपर्क और अन्य मीडिया संबंधित गतिविधियों हेतु एजेंसियों के पैनल के लिए बोलियाँ आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा आईडी **2025_KVIC_890304_1** को दिनांक 18.12.2025 को सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल (eprocure.gov.in) पर अपलोड कर दिया गया है।

निविदा दस्तावेज केवीआईसी की वेबसाइट **www.kvic.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है तथा इच्छुक एजेंसियों से आग्रह है कि वे आरएफपी (RFP) में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुसार उक्त निविदा में भाग लें। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 08.01.2026 को दोपहर 3.00 बजे तक है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए कृपया publicity.kvic@gov.in पर ईमेल करें।

प्रचार निदेशालय

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर।

पत्रांक: 9335/96एम(V)-बुलन्दशहर वृत/2025-26 दिनांक:- 09.12.2025

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर द्वारा निम्नलिखित कार्य की मदवार दरों पर ऑनलाइन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से उक्त कार्य के लिये लोक निर्माण विभाग में तालिका के कॉलम 12 के अनुसार रोड निर्माण में रजिस्टर्ड फर्म/ठेकेदार द्वारा दिनांक 29.12.2025 से 05.01.2026 तक अपराह्न 12.00 बजे तक उ0प्र0 सरकार से प्रचलित एस0बी0डी0 के अनुसार आमंत्रित की जाती है। कार्य की तकनीकी निविदा दिनांक 05.01.2026 को अपराह्न 12.30 बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाइन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा स्थान पूर्ववत् होगी। ऑनलाइन फाईनेंशियल बिड खोलने हेतु समय व तिथि वेबसाइट पर दर्शायी जायेगी।

| क्रम सं./ कार्य सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | 5 वर्षीय अनुरक्षण की लागत (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाकाल सहित | अनुरक्षण अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी.एस.टी. सहित (रु. में) | सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का पद | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पद | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पद | ठेकेदार के पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | जनपद गौतमबुद्धनगर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में [illegible] (334 सीएचडीए) [illegible] (अन्य जिला मार्ग) मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 942.00 | 23.00 | 19.30 | 12 माह | 5 वर्ष | निविदा शुल्क 300-2000+18% जी.एस.टी. रु. 414.00 -2714.00 | अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. गौतमबुद्धनगर | अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त, लो.नि.वि. बुलन्दशहर | मुख्य अभियन्ता मेरठ क्षेत्र लो.नि.वि. मेरठ | A |

1. कार्य को पूर्ण करने की अवधि उक्त तालिका के कॉलम सं0-6 में वर्षाकाल सहित अंकित है।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क का भुगतान इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।
3. समस्त पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा पिछले 5 वर्षों का टर्नओवर जो कि सी0ए0 से सत्यापित हो, एवं पिछले 5 वर्षों से सन्तोषजनक रूप से किये गये अधिकतम लागत के कार्यों का विवरण चाणक्य सॉफ्टवेयर में निविदा डालने के पूर्व अपलोड किया जायेगा।

   ई-निविदा, जोकि http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी। उसका विवरण लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 के चाणक्य सॉफ्टवेयर में उपलब्ध सॉफ्टवेयर पर भी निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व अपलोड करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा अन्य विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
5. लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।
6. शासनादेश संख्या 17/2024/सी0-113/23-1-2024-23-1099/113/2023 लोक निर्माण अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक-16.01.2024 में निहित प्राविधानों के अनुसार कार्य की अनुरक्षण अवधि 5 वर्ष होगी जिसकी गणना कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि से की जायेगी।

( कंचन सिंह )
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
गौतमबुद्धनगर

( मनीष वर्मा )
अधीक्षण अभियन्ता
बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0
बुलन्दशहर

UPID-242961/23.12.2025 www.upgov.nic.in

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.PC. / 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **शिवम, पुत्र** अनिल कुमार, **पता:** मकान न.: जे-1084, प्रथम तल, जहांगीर पुरी, दिल्ली, ने **FIR No.: 530/2025, U/s: 21/25/29 NDPS Act, थाना: महेन्द्रा पार्क, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **शिवम,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **शिवम,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 530/2025, U/s: 21/25/29 NDPS Act, थाना: महेन्द्रा पार्क, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **शिवम,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हरविन्दर सिंह जोहाल, एलडी.
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
विशेष दण्डाधिकारी (एनडीपीएस)
कमरा न. 207, द्वितीय तल
जिला कोर्ट, रोहिणी, दिल्ली

DP/17285/NW/2025
(Court Matter)

# 15 हज़ार रुपये न देने पर हमला



■ NBT न्यूज, करनाल : करनाल में बीजेपी नेता के बेटे पर कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। विवाद बीयर पीने के दौरा 15 हजार न देने पर हुआ। युवकों ने उसके सिर पर 3 से 4 वार किए, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को इलाज के लिए पहले सिविल अस्पताल ले जाया गया। यहां से उसे कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज फिर चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

युवक के पिता और बीजेपी के पन्ना प्रमुख ने आरोप लगाया कि बेटे पर हमले के बाद उन्होंने मदद मांगने के लिए नेताओं को फोन किए, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

गौशाला रोड निवासी अनमोल ने बुधवार को बताया कि उनके पास उनके पड़ोसी मोंटू का फोन आया। उसने कहा कि एक गाड़ी में सामान लोड करवाना है सामान लोड करवाने के बाद हम लौट रहे थे। रास्ते में पुरानी सब्जी मंडी के पास हम दोनों ने एक रेहड़ी पर मोमोज खाए। फिर शराब ठेके से लेकर बीयर पी। इस दौरान हमारे साथ एक सौरभ नाम का युवक और उसके कुछ दोस्त भी थे। अनमोल ने बताया कि कुछ देर बाद मोंटू और सौरभ ने उनसे 10-15 हजार रुपये मांगते हुए कहा कि जरूरत है। उन्होंने मना कर दिया कि उनके पास पैसे नहीं हैं। इसके बाद मोंटू और सौरभ ने उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब उन्होंने पूछा कि उन्हें वह लोग क्यों मार रहे तो तो किसी ने उनके एक नहीं सुनी। आरोपी उनके सिर पर चाकू वार कर फरार हो गए। अनमोल के पिता राजू ने बताया कि वह जनकपुरी से बीजेपी का पन्ना प्रमुख है। बेटे पर हमले की सूचना पर हम मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पहले अनमोल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया। वह करीब 30 साल पुराने बीजेपी कार्यकर्ता हैं। पार्टी ने उन्हें त्रिमूर्ति में पालक का पद दिया हुआ है और पन्ना प्रमुख भी बनाया गया है।

पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति, जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र** नामालूम, **पता:** नामालूम, **लिंग:** पुरुष, **उम्र:** तकरीबन 45-50 वर्ष, **कद:** लगभग 5फीट 6 इंच, **बनावट:** स्वस्थ और पोषित, **चेहरा:** अंडाकार, **रंग:** गहरा/काला, **पहनावा:** नेवी नीले रंग की पैंट, फुल बाजू/ सफेद रंग की/स्लेटी प्रिंटेड स्वेटर, स्लेटी थर्मल, काले रंग की लेदर बेल्ट, **पहचान चिह्न:** दाहिने हाथ पर एस.के. नाइक अंकित है, **बरामदी स्थल:** दिनांक 23.12.2025 को इस व्यक्ति का मृत शरीर शमशान घाट के पास, यमुना नदी के किनारे, निगम बोध घाट, कश्मीरी गेट, दिल्ली, से पाया गया। इस संदर्भ में **DD No. 110A, दिनांक: 23.12.2025, U/s: 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, थाना: कश्मीरी गेट, दिल्ली,** में दर्ज है। पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना: कश्मीरी गेट, दिल्ली,
फोन: 9891940680

DP/17333/N/2025

नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाईट **Website: www.noidaauthorityonline.in** एवं **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

| क्र0 सं0 | जॉब संख्या | कार्य का नाम | धनराशि |
|---|---|---|---|
| (1) | 20/जी.एम./पीई(पैल्थ-I)/ई.टी./2025-26 प्रकाशित चतुर्थ बार | डम्प साईट सैक्टर-145 पर लेगेसी वेस्ट के निस्तारण का कार्य। | Rs. 58,05,00,000.00 EMD Rs. 65,22,000/- Tender Fee Rs. 8260/- |

उपरोक्त निविदाओं को दिनांक **26.12.2025** से **01.01.2026** को सायं **5.00** बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक **02.01.2026** को पूर्वान्ह **11.00** बजे खोली जायेगी।

महाप्रबन्धक
(जन स्वास्थ्य)-I
नौएडा।

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

# मंथली क्राइम रिव्यू करेंगे थाना प्रभारी



■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं के मद्देनजर प्रदेश के सभी पुलिस थानों में अब मंथली क्राइम रिव्यू मीटिंग होगी। इस बैठक में एक महीने के दौरान हुई अपराधिक घटनाओं तथा उनमें पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तैयार करके मुख्यालय को भेजी जाएगी। इसके लिए जांच अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। केस की जांच पर रिपोर्ट ली जाए।


हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नवदीप सिंह विर्क की ओर से गुरुवार को ये निर्देश जारी किए गए हैं। संबंधित विभागों के साथ कोऑर्डिनेशन मजबूत करने और समय-समय पर विशेष अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को रोका जाना चाहिए क्योंकि इससे सरकारी खजाने को काफी नुकसान होता है।

# आज से खुलेंगी अटल कैंटीन, महज 5 रुपये में मिलेगा खाना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली सरकार** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर गुरुवार से 100 अटल कैंटीन शुरू करने जा रही है। इन कैंटीनों में सिर्फ 5 रुपये में खाना मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गुरुवार को इन कैंटीनों का उद्घाटन करेंगी। सरकार का दावा है कि रोजाना करीब एक लाख दिल्लीवालों को इसका फायदा मिलेगा। इसके लिए सरकार ने 100 करोड़ रुपये का बजट तय किया है। शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने बताया कि कुल 100 कैंटीन खोली जानी हैं। हालांकि ग्रैप-4 की पाबंदियों की वजह से कुछ जगहों पर काम पूरा नहीं हो पाया है लेकिन कोशिश है कि गुरुवार को सभी जगह लोगों को खाना मिल सके। उन्होंने बताया कि दोपहर का खाना सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक और रात का खाना शाम 6:30 से रात 9 बजे तक उपलब्ध रहेगा।

अधिकारियों के मुताबिक हर कैंटीन पर रोजाना 1,000 लोगों को खाना दिया जाएगा। इसमें दोपहर में 500 और रात में 500 लोगों को खाना मिलेगा। एक शख्स दोबारा खाना न ले सके, इसके लिए बायोमेट्रिक टोकन बेस्ड सिस्टम लगाया गया है। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर खाना दिया जाएगा। यहां निगरानी के लिए हर सेंटर पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।



**फैक्ट फाइल**

- **लंच का समय** सुबह 11:30 से दोपहर 2 बजे तक
- **डिनर का समय** शाम 6:30 से रात 9 बजे तक
- 100 अटल कैंटीन खोली जाएंगी
- 500 लोगों को मिलेगा एक बार में खाना

### सेंट्रलाइज्ड किचन से आयेगा खाना

अटल कैंटीन में खाना पकाने की इजाजत नहीं होगी। इसके लिए सेंट्रलाइज्ड किचन बनाया गया है। पांच-पांच कैंटीन का एक क्लस्टर बनाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर एक सर्विस प्रोवाइडर को एक से ज्यादा क्लस्टर भी दिए जा सकते हैं। खाने में मौसमी सब्जी, दाल, चावल, रोटी या चपाती और आचार शामिल होगा। कभी-कभी चावल के साथ राजमा या छोले भी दिए जाएंगे। हर प्लेट में कुल 600 ग्राम खाना मिलेगा।

### इन जगहों पर खुलेंगी कैंटीन

अटल कैंटीन के लिए जिन प्रमुख जगहों को चुना गया है। इनमें शाहबाद दौलतपुर, संजय कैंप बादली, खड्डा बस्ती समयपुर बादली, जहांगीरपुरी झुग्गी बस्ती, शालीमार बाग, तिमारपुर की इंदिरा बस्ती, लाल बाग, भीमनगर, उद्योग नगर, महिपालपुर का अर्जुन कैंप, ईस्ट सागरपुर, विकासपुरी का इंदिरा कैंप और वसंत विहार का भवर सिंह कैंप शामिल हैं।


# नरेश बाल्यान मकोका मामले में सप्लिमेंट्री चार्जशीट दाखिल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली पुलिस** ने कुख्यात गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू से जुड़े संगठित अपराध के एक मामले में मनोज यादव उर्फ मनोज कैल के खिलाफ सप्लिमेंट्री चार्जशीट दायर की है। यह चार्जशीट बुधवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की गई।

सुनवाई के दौरान स्पेशल जज विशाल गोगने ने पुलिस को निर्देश दिया कि चार्जशीट से जुड़े दस्तावेजों को फैसिलिटी काउंटर पर औपचारिक रूप से दाखिल किया जाए। कोर्ट ने इस मामले पर आगे विचार के लिए 15 जनवरी की तारीख तय की है। मनोज यादव उर्फ कैल को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह केस गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू द्वारा संचालित कथित संगठित अपराध सिंडिकेट से जुड़ा हुआ है। इसी मामले में आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक नरेश बाल्यान के खिलाफ भी पहले ही चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है।

सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि मनोज कैल के खिलाफ सप्लिमेंट्री चार्जशीट तैयार है। इसके बाद अदालत ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया कि इसे नियमों के अनुसार, फैसिलिटी काउंटर पर दाखिल किया जाए। अगली सुनवाई 15 जनवरी को होगी। उस दिन चार्जशीट पर विचार किया जा सकता है। इस बीच



AAP के पूर्व विधायक नरेश बाल्यान

अदालत ने एक अन्य आरोपी विकास गहलोत के पिता की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर दायर अंतरिम जमानत याचिका पर भी दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। इस पर सुनवाई के लिए 26 दिसंबर की तारीख तय की गई है। साथ ही, अदालत ने नरेश बाल्यान सहित सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत को अगली सुनवाई तक बढ़ा दिया है।

नरेश बाल्यान पर आरोप है कि उनका संबंध गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू द्वारा चलाए जा रहे संगठित अपराध सिंडिकेट से था। दिल्ली पुलिस का कहना है कि यह सिंडिकेट लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है।

# हथियार के साथ बदमाश अरेस्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के ओखला इंडस्ट्रियल एरिया थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान लखन (27) के रूप में की गई है। उसके कब्जे से एक पिस्टल बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार ओखला इंडस्ट्रियल थाना पुलिस को रात में गश्त के दौरान ओखला फेस-2 के पास एक संदिग्ध युवक पर नजर पड़ी। युवक पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पीछा कर पुलिस टीम ने दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्टल बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम लखन बताया। वह ओखला का रहने वाला है।


SOMANY INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT, REWARI
NH-48 Delhi Highway beside 3 KM from city REWARI (HR)
Approved by AICTE Permanently Affiliated with MDU, Rohtak
Website: www.somanyncr.in
Email: somanycollegerecruitment1@gmail.com
Contact No:- 9541069998, 01274-261239
APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE FOLLOWING POSITIONS ON REGULAR BASIS
1. Director-01.
2. Professor-01 (one) each in Mechanical Engineering, Computer Science & Engineering, Printing Technology, Electronics & Communication Engineering, MBA-02, BBA-02 and BCA-02
3. Associate Professor:- 02 (Two) each in Mechanical Engineering, Computer Science & Engineering, Electronics & Communication Engineering and Printing Technology, MBA-04 and BCA-04.
4. Assistant Professor:- Mechanical Engineering-03, Electronics & Communication Engineering-04 Printing Technology-4, MBA-06, BBA-06 & BCA-06.
Non Teaching: Librarian-1, Lab. Technician-25, Registrar-01, Administrative Officer-01, Computer Operator-04, Clerk-cum-Typist-04, Office Assistant- 02, Technical Assistant- 4, Lab. Attendant- 25, Library Attendant-02, Peon-4, Safai Karamchari- 04, Mali-04 and Chowkidar-04.
Qualification, Pay, Scale and Experience as per norms of AICTE/UGC/State Govt./MDU, Rohtak
Application form is available on institute website www.somanyncr.in and, interested candidates may download the application form from the institute website OR obtained from the office of the institute on any working day and apply within 21 days from the date of publication of advertisement but not later than 14 January 2026 along with copy of all testimonials and experience certificate etc. to the Chairman, Somany Institute of Technology & Management, Rewari at e-mail i.e. somanycollegerecruitment1@gmail.com OR through Regd. Post/By hand. A copy of application must be sent to the DCDC, MDU, Rohtak.
Chairman



# प्राइवेट स्कूलों को फीस रेगुलेटरी कमिटी बनाने का आदेश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**नए कानून** के तहत प्राइवेट स्कूलों को 2025-26 सेशन की फीस तय करने के लिए 10 जनवरी तक कमिटी बनानी होगी और स्कूल मैनेजमेंट को फीस प्रस्ताव 25 जनवरी तक इस कमिटी को देना होगा। बुधवार को दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने सभी प्राइवेट स्कूलों को 'दिल्ली स्कूल एजुकेशन – ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस 2025' कानून के तहत स्कूल लेवल फीस रेगुलेटरी कमिटी (SLFRC) बनाने का आदेश दिया।

**10 तक बने कमिटी, 25 जनवरी तक दें प्रस्ताव**

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि इस कमिटी के सामने स्कूल मैनेजमेंट को सेशन 2025-26 के लिए फीस का प्रस्ताव 25 जनवरी 2026 तक देना अनिवार्य होगा। प्रस्ताव मिलने के बाद कमिटी प्रस्ताव और दस्तावेज का निरीक्षण करेगी और इसे 30 दिन के अंदर इस कमिटी को फैसला देना होगा वरना फैसला अगली कमिटी यानी डिस्ट्रिक्ट लेवल फीस रेगुलेटरी कमिटी (DLFRC) के पास चला जाएगा।



नए कानून के हिसाब से कमिटी जुलाई में बननी चाहिए मगर बिल दिसंबर में नोटिफाई हुआ है इसलिए अब फरवरी आखिर तक स्कूलों की फीस तय होगी। नया कानून कहता है कि अगर स्कूल पैरेंट्स से अतिरिक्त राशि लेता है, तो उसे वापस करना होगा या आगामी फीस में एडजस्ट करना होगा। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 18 लाख बच्चे हैं और 18-19 लाख स्टूडेंट्स प्राइवेट स्कूलों में हैं, हमारी सरकार के लिए सब बराबर हैं। हर बच्चे को बराबर का अवसर मिले, उनके पैरेंट्स को परेशान ना होना पड़े, इसलिए हम यह कानून लाए।

### ऐसे होगा मेंबर्स का चयन

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

प्राइवेट स्कूलों के हेड/मैनेजर के नाम शिक्षा निदेशक वेदित रेड्डी ने आदेश जारी कर कहा है कि SLFRC में पैरेंट्स और टीचर्स के प्रतिनिधियों का चयन सार्वजनिक ड्रॉ के जरिए किया जाएगा। इसमें 5 पैरेंट्स और 3 टीचर्स प्रतिनिधि चुने जाएंगे। 10 सदस्यों की वेटिंग लिस्ट भी तैयार की जाएगी। ड्रॉ की तारीख, समय और जगह की जानकारी कम से कम 7 दिन पहले नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर देनी होगी। एक ही परिवार से केवल एक अभिभावक को ही समिति में शामिल किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन ड्रॉ प्रक्रिया में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं कर सकेगा। कमिटी में वो पैरेंट्स शामिल नहीं होंगे, जिनसे बच्चों की फीस नहीं ली जाती है यानी ईडब्ल्यूएस, डीजी और सीडब्ल्यूएसएन कैटिगरी।

# नूंह में कांग्रेस MLA ने मांगी Z+ सुरक्षा

■ NBT न्यूज, नूंह

**लॉरेंस से बताया खतरा**

- विधायक मामन खान ने लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग से बताया जान का खतरा
- हाई कोर्ट ने केंद्र और हरियाणा सरकार को 22 जनवरी तक जवाब देने का दिया आदेश

**जिले की** फिरोजपुर झिरका विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक मामन खान ने अपनी जान को खतरा बताते हुए सरकार और कोर्ट से सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका दायर कर राज्य सरकार और केंद्र सरकार से Z या Z+ श्रेणी की सुरक्षा देने और बिना कोर्ट की अनुमति के सुरक्षा में कोई भी कटौती नहीं करने के निर्देश देने की मांग की है। हाई कोर्ट ने इस संबंध में केंद्र व हरियाणा सरकार को 22 जनवरी तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

कोर्ट में दी याचिका में कांग्रेस विधायक मामन खान ने कहा कि वह एक संवेदनशील और सांप्रदायिक रूप से नाजुक क्षेत्र से आते हैं और लगातार सक्रिय राजनीतिक जीवन में हैं। उनकी बढ़ती राजनीतिक सक्रियता और सरकार की नीतियों की मुखर आलोचना के चलते उन्हें संगठित आपराधिक गिरोहों से लगातार धमकियां मिल रही हैं। याचिका में उन्होंने कुख्यात गैंगस्टरों लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा से जुड़े असामाजिक तत्वों द्वारा निगरानी और संभावित हमले की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि अदालत अंतरिम आदेश पारित कर याचिका के लंबित रहने तक सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कटौती पर रोक लगाए और एक स्वतंत्र, सूचना-आधारित थ्रेट असेसमेंट कराकर उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दें।

**जनवरी 2025 में बढ़ाई गई थी सुरक्षा**

बता दें कि जनवरी 2025 में नूंह के पुलिस अधीक्षक की तरफ से विधायक के निजी वाहन को बुलेटप्रूफ कराने की अनुमति दी गई थी, जिसमें स्पष्ट रूप से गंभीर खतरे का उल्लेख किया गया था। विधायक ने कहा कि उन्हें उपलब्ध कराई गई सुरक्षा न तो पर्याप्त है और न ही नियमित रूप से तैनात रहती है। इससे उनकी और उनके परिवार की जान को खतरा बना रहता है। उन्हें अस्थायी रूप से नूंह से गुड़गांव शिफ्ट करना पड़ा। उनके साथ 16 स्वैट (स्पेशल वेपंस एंड टैक्टिक्स) कमांडोज तैनात किए गए हैं।

**विधायक ने लगाया अनदेखी का आरोप:** याचिका में कांग्रेस विधायक मामन खान ने आरोप लगाया कि 3 नवंबर 2025 को उन्होंने मुख्यमंत्री और संबंधित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को लिखित रूप में सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध किया था, लेकिन अब तक न तो उन आवेदनों पर कोई निर्णय लिया गया और न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई है।

# 300 से ज्यादा लोगों से ठगे ₹7.16 करोड़

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ऑनलाइन इनवेस्टमेंट** फ्रॉड की रकम को रूट करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मल्टी-लेयर साइबर फ्रॉड नेटवर्क से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस नेटवर्क से जुड़े देश भर से 300 से ज्यादा कंप्लेंट नैशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर लिंक मिली हैं। इस सिंडिकेट के 7 करोड़ 16 लाख रुपये के ट्रेल का पता चला है। आरोपी पुणे के मयूर मारुति, गौरव जाधव, हैदराबाद के मोहम्मद यूसुफ अली और मोहम्मद अब्बार खान को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी (क्राइम) आदित्य गौतम के मुताबिक, पीड़ित संजय चोपड़ा से व्हट्सऐप ग्रुप के जरिए संपर्क किया गया। फर्जी ट्रेडिंग ऐप 'CONIFER' डाउनलोड करवाया, जहां बगैर किसी बैंक या डिमैट डिटेल्स को लिंक किए एक अकाउंट बनाया गया। इसके बाद IPO में इनवेस्ट करने के नाम पर 27 लाख 20 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। एसीपी रमेश लांबा की देखरेख में बनी इंस्पेक्टर पंकज मलिक और रोहित कुमार की टीम ने इन्हें दबोचा।


वही पुराना देशी स्वाद
HAPPY MERRY Christmas
Preet Lite
Preet GOLD
खाना बनाओ स्वाद पाओ
Available at: amazon.in Flipkart
FRYING BAKING COOKING
DISTRIBUTORS ENQUIRY +919557075555
www.tapangroup.in, tapanclub.com

Jawahar / Modi Style
JACKETS & SUITS • BLAZERS
upto 60% off
Merry X-mas
Formal • Casual • Party wear
By Economy Sales: 9212759425
ARROW Raymond PARK AVENUE LOUIS PHILIPPE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pliazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री
अटल बिहारी वाजपेयी
की जन्म जयंती पर गांधी स्मृति द्वारा आयोजित
भव्य संगीतमय नाट्य प्रस्तुति
सत्यवादी राजा हरिश्चन्द्र
एवं 'मैं अटल हूं' प्रदर्शनी का उद्घाटन
25 दिसम्बर, 2025 सायं 5:00 बजे
स्थान- सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली
आप सादर आमंत्रित हैं।
सान्निध्य
श्री सी.पी. राधाकृष्णन
माननीय उपराष्ट्रपति
श्री ओम बिरला
लोकसभा अध्यक्ष
श्री हर्ष मल्होत्रा
केन्द्रीय राज्य मंत्री
श्री विजेन्द्र गुप्ता
अध्यक्ष, दिल्ली विधान सभा
अध्यक्षता
विजय गोयल
उपाध्यक्ष, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति
पूर्व केन्द्रीय मंत्री
Tel: 011 23012843, 9821316404

Spurious meds worth over ₹1 crore in open market
नकली दवाएं बढ़ रही हैं!
अपनी जान को जोखिम में न डालें।
47% rise in fake meds in mkt
असली दवाएं 18% छूट
और 2% की छूट ₹999 से ऊपर के सभी ऑर्डर्स पर
Use Code: EXTRA2
फ्री होम डिलिवरी
Scan QR Code to Download App
SastaSundar app health & happiness
628 9090 000
फ्रैंचाइजी लेने के लिए कॉल करें: 7890 777 000
या मेल करें: hbenquiry@sastasundar.com

बैंक ऑफ़ इंडिया रिश्तों की जमापूंजी
https://bankofindia.bank.in
आरबीआई-अनुपालन साइबर ढांचे के साथ सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में एक कदम
हमारी वेबसाइट को एक नए डिजिटल पते पर अंतरित कर दिया गया है।
बैंक ऑफ़ इंडिया की कॉर्पोरेट वेबसाइट अब https://bankofindia.bank.in पर लाइव है।
मुख्य विशेषताएं:
सत्यापित डिजिटल पहचान
उन्नत सुरक्षा
विश्वसनीय और संरक्षित डिजिटल बैंकिंग
टोल फ्री नंबर: 1800220229 / 18001031906 वेबसाइट पर जाएं: www.bankofindia.bank.in

# हवाएं चलीं, पाबंदियां हुईं ढीली, दिल्ली खिली

## दिल्ली-NCR से हटा GRAP-4, अगले 10 दिन बेहद खराब स्तर

## ट्रैफिक, आतिशबाज़ी और कोहरे से फिर बिगड़ सकते हैं यह हालात

## मौसम विभाग ने 26-27 दिसंबर को घने कोहरे का अलर्ट जारी किया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**10 दिन** बाद दिल्ली-एनसीआर से GRAP-4 की पाबंदियों को हटा लिया गया है। बुधवार को हवाएं चलने के बाद प्रदूषण में काफी कमी दर्ज की गई। हालांकि अगले दस दिनों तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहने की संभावना जताई गई है। बदले हालातों के बीच सीएक्यूएम ने GRAP-4 को वापस ले लिया है।

**बुधवार को एक्यूआई के 300 से नीचे आने के बाद हुई समीक्षा**

सीएक्यूएम ने बुधवार को एक्यूआई के 300 से नीचे आने के बाद हालातों की समीक्षा की। इसके बाद GRAP-4 हटाने का फैसला लिया गया। आदेश में साफ किया गया है कि GRAP-1, 2 और 3 सख्ती के साथ लागू रहेंगे। सीएक्यूएम की सब कमिटी की मीटिंग में आईएमडी ने बताया कि मंगलवार की तुलना में एक्यूआई में काफी सुधार हुआ है और हवाएं तेज चल रही हैं। बुधवार को एक्यूआई 272 दर्ज किया गया। हालांकि यह भी बताया गया कि आने वाले दिनों में हवाओं की रफ्तार धीमी हो सकती है और एक्यूआई में फिर इजाफा संभव है।



**थोड़ा सुधार:** आईएमडी ने बताया कि मंगलवार की तुलना में एक्यूआई में काफी सुधार हुआ है। बुधवार को एक्यूआई 272 दर्ज किया गया। इस बीच कर्तव्य पथ पर कुछ एक्टिविटीज होती हुई नजर आईं।

### हालात अभी संवेदनशील हैं

**एक्सपर्ट्स के अनुसार**, दिवाली के बाद क्रिसमस और न्यू ईयर का समय प्रदूषण के लिहाज से सबसे ज्यादा संवेदनशील होता है। इस दौरान ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ जाती है। जश्न और पार्टियों में आतिशबाजी होती है और ठंड के चलते कई जगहों पर कूड़ा भी जलाया जाता है। इन सभी वजहों से प्रदूषण पर व्यापक असर पड़ता है। अगर इस दौरान आतिशबाजी, कूड़ा जलाने और ट्रैफिक जाम पर सख्ती से रोक लगाई गई, तो राहत मिल सकती है। फिलहाल हालात काफी संवेदनशील बने हुए हैं। मौसम विभाग ने 26 और 27 दिसंबर के लिए कोहरे का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान घने से अति घना कोहरा रहने की संभावना है।

**क्या प्रतिबंध हटे**

- दिल्ली में ट्रकों की एंट्री की अनुमति मिली
- डीजल ट्रकों के चलने पर लगी रोक खत्म
- कई सरकारी प्रोजेक्ट्स के निर्माण कार्यों पर लगी पाबंदी हटी
- दिल्ली-एनसीआर में छठी से 9वीं और 11वीं तक की क्लास अब हाइब्रिड मोड पर नहीं होंगी

**किन पर रहेगी रोक**

- एनसीआर के ईंट भट्ठों पर पाबंदी जारी, एनसीआर में माइनिंग के काम पर रोक
- बीएस-3 पेट्रोल, बीएस-4 गाड़ियों पर दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में रोक जारी
- प्रदूषित ईंधन पर चलने वाले ट्रकों पर पाबंदी

**8 स्टेशन में हवा 'सामान्य'**

## सुधरी हवा, 'गंभीर' से 'खराब' स्तर प्रदूषण

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्लीवालों को प्रदूषण से कुछ राहत मिली और AQI में सुधार हुआ। बुधवार को AQI 'गंभीर' से 'खराब' स्थिति 298 पर पहुंचा। एक दिन पहले यह 412, 22 दिसंबर को 373, 21 को 377 था। प्रदूषण कम हुआ, तो ग्रैप-4 भी हटाया दिया गया। हालांकि, आने वाले 6 दिनों में हवा की क्वालिटी 'बहुत खराब' रहने की संभावना है।

**31 स्टेशन में AQI 350-400 से कम 300 से कम रहा**

बुधवार को कम कोहरा, साफ आसमान, अच्छी धूप मिली, तो हवा भी साफ रिकॉर्ड की गई। सुबह AQI 283 था, जो शाम को 272 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के मुताबिक, 39 पल्यूशन मॉनिटरिंग स्टेशन में से 31 स्टेशन में AQI 350-400 से कम 300 से कम पहुंचा, यानी हवा 'गंभीर' स्थिति से सुधरकर 'खराब' स्तर पर आई। 8 मॉनिटरिंग स्टेशन में तो प्रदूषण का स्तर मॉडरेट यानी सामान्य रहा।

## क्रिसमस पर साफ रहेगा आसमान

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** आज से ठंड कुछ बढ़ सकती है। तापमान कम होगा और 26 दिसंबर से बादल छाए रहेंगे। बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस, तो न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से अधिकतम 2 डिग्री और न्यूनतम तापमान से 2.7 डिग्री सेल्सियस कम है। दिसंबर आखिर तक अधिकतम तापमान 19-22 डिग्री, तो न्यूनतम तापमान 5-8 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।



क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर

बुधवार को सुबह कोहरा रहा, मगर दिनभर धूप भी खिली रही। पालम में तापमान सबसे कम दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम सेल्सियस तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस हो सकता है। क्रिसमस का दिन भी आसमान साफ रहेगा, सुबह हल्के से सामान्य कोहरा रह सकता है। वहीं तापमान 21-23 और न्यूनतम तापमान 5 से 7 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है।

**इसे लेकर रहें अलर्ट**

## पीएम 2.5 पहुंचा रहा ज्यादा नुकसान



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**इस समय** नैशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) के रिविजन का काम चल रहा है। अभी तक यह प्रोग्राम पीएम 10 के स्तर पर आधारित है। हालांकि पीएम 2.5 इससे कहीं ज्यादा नुकसान स्वास्थ्य को पहुंचा रहा है। ऐसे में सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (CREA) ने एक रिपोर्ट जारी करते हुए मांग की है कि एनसीएपी में पीएम 2.5 की कमी को भी शामिल किया जाना जरूरी है। सीआरईए की रिपोर्ट में बताया गया है कि पीएम 2.5 को सेकेंड्री पार्टिकुलेट मैटर ज्यादा जहरीला बना रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि पीएम 2.5 को अधिक जहरीला बनाने में ऐसे प्रदूषक हिस्सेदारी कर रहे हैं जो उत्सर्जन से नहीं निकल रहे हैं। बल्कि यह वातावरण में घुले प्रदूषकों के केमिकल रिएक्शन से बन रहे हैं।

**एनसीएपी में पीएम 2.5 की कमी को भी शामिल करना जरूरी**

रिपोर्ट के अनुसार, पीएम 2.5 के कण में 42 प्रतिशत हिस्सा सेकेंड्री पार्टिकुलेट मैटर अमोनियम सल्फेट है। यह सल्फर डायऑक्साइड से बन रहा है। वैश्विक स्तर पर एसओ-2 का उत्सर्जन करने में भारत का बड़ा हिस्सा है। यहां के कोयले आधारित पावर प्लांट इसके उत्सर्जन में 60 प्रतिशत के करीब की हिस्सेदारी निभाते हैं।

### अमोनियम सल्फेट बड़ी समस्या

**दिल्ली में** सबसे अधिक प्रदूषित सर्दियां और मॉनसून के बाद का समय है। इस दौरान यहां अमोनियम सल्फेट की पीएम 2.5 में हिस्सेदारी 41 से 49 प्रतिशत रहती है। जबकि गर्मियों और मॉनसून में यह महज 21 प्रतिशत रहती है। इससे पता चलता है कि दिल्ली की स्थिति एसओ-2 के उत्सर्जन की वजह से काफी ज्यादा खराब है। नासा के 2024 के आकलन के आधार पर भी पीएम 2.5 में अमोनियम सल्फेट की हिस्सेदारी विभिन्न राज्यों में 17 से 42 प्रतिशत की रही है।

TIMES interact — To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, SHAKUNTLA W/O LALCHAND VILLAGE TIGRA TEHSIL ATELI DISTT. M/GARH 123021 (Haryana) CHANGED MY NAME FROM SHAKUNTLA TO SUNITA DEVI.

I Abhishek Kumar S/o Bihari Lal Gupta R/o House no-1116 Sec-40 Gurgaon have changed my son's name from Arnav to Arnav Kumar

I, RAMAKRISHNA K A Residing at First floor, Shree Ganesh Apartments, Sector 31, Gurgoan, Haryana-122001 hereby declare that my minor son's names ABHIJIT RAMAKRISHNA, ABHIJIT R and R ABHIJIT belong to the one and the same person. I hereby further declare that he shall be count and figure by the correct name ABHIJIT RAMAKRISHNA in future for all purpose. The same is notarised vide affidavit dated 17-12-2025 before Notary Komal Singh Suman, New Delhi.

मैं, अमन शर्मा पुत्र श्याम लाल शर्मा, निवासी हाउस नंबर 314, गली नंबर 3, सुभाष नगर गुरुग्राम, घोषणा करता हूं कि मेरे हाई स्कूल के सर्टिफिकेट में मेरे पिता का नाम श्यामनंद शर्मा भी लिखा है जो गलत है। सभी दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम श्याम लाल शर्मा है। मेरे पिता का सही नाम श्याम लाल शर्मा है।

मैं, शिवान्श नाथा पुत्री महेन्द्र कुमार निवासी मकान नम्बर 787, सेक्टर 7 एक्सटेंशन गुरुग्राम। मैंने भविष्य के सभी कार्यों के लिए अपना नाम शिवान्शी से बदलकर शिवान्श नाथा रख लिया है।

I Urvashi Arun Rawat W/o Arun Rawat R/o A-16 2nd Floor Southend floors sec-49 Gurgaon-122018 have changed my name to Urvashi Mirajkar

I Savita Devi w/o Rakesh Kumar R/o House No. E-19, Gali No.14, Near Bajghera Chowk, Sai Kunj, New Palam Vihar, Gurugram Haryana inform to change my name from Savita Kumari to Savita devi for all purposes.

I, Meenakshi Bhardwaj W/o Sh. Rahul Bhardwaj, R/o H.No. E-2, Near Railway Station, Rajendra Park, Gurgaon 122001 have changed my name Meenakshi Kaushik to Meenakshi Bhardwaj for all future purposes

I, Pinki Rani W/o Pawan Kumar R/o 08, Near Yes Bank, Garhi Harsaru (46), Garhi Harsaru, Gurugram Haryana inform to have change my name from Pinki Rani to Pinky for all purposes

I, Meenakshi w/o Vinod Kumar r/o 925/14 Krishna Colony Rohtak declare that in my passport my husband name mentioned Vinod Khatter,Vinod Khattar & Vinod Kumar is same and one person name. Future name Vinod Kumar.

I, Puneet Sehgal S/o Sh. Ashok Sehgal R/o H-33, Ridgewood Estate Sector -28 Gurgaon HR-122002. That I have changed my minor daughter's name from Aanya to Aanya Sehgal for all purposes.

I hitherto known as KIRPAL SINGH S/O BALBIR SINGH R/O 306, LISAN (1), PO LISAN, DIST: REWARI, HARYANA-123411, have changed my name and shall hereafter be known as KRIPAL SINGH.

खोया एवं पाया

मैं, विकास शहदेव पुत्र के बी शहदेव निवासी ई-12ए, द्वितीय तल, ईस्ट आफ कैलाश दिल्ली। मेरा ओरिजिनल अलाटमेंट लैटर दिनांक 08.04.2024 जो कि फ्लैट नंबर 171, ... सेक्टर -... ए गुरुग्राम का है कहीं गुम हो गया है। मिलने तो उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS

FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

TO BOOK ONLINE LOG ON TO ads.timesofindia.com

## गलियों में धूल से लड़ेंगे नैनो मिस्ट स्प्रेयर

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** अनधिकृत कॉलोनियों की गलियों और सड़कों पर उड़ती धूल-मिट्टी से होने वाले पल्यूशन को कंट्रोल करने के लिए सरकार अब माइक्रो लेवल पर प्लानिंग कर रही है। इसके लिए सरकार ई-रिक्शा माउंटेड नैनो स्प्रे मशीन उतारने पर विचार कर रही है। सरकार ने एमसीडी अफसरों को आदेश दिया है कि नैनो स्प्रे मशीन का ट्रायल किया जाए। अगर यह धूल-मिट्टी के पल्यूशन को प्रभावी तरीके से काबू करती है, तो ऐसी मशीनों की खरीदारी की जाए।

**ई-रिक्शा माउंटेड स्प्रेयर मशीन पर हो रहा विचार, जल्द होगा ट्रायल**

दिल्ली सरकार के सूत्रों के अनुसार अनधिकृत कॉलोनियों में चोरी-छिपे कंस्ट्रक्शन वर्क जारी रहता है। कॉलोनियों की संख्या काफी है और यह दिल्ली के करीब 60-65 प्रतिशत हिस्से में है। ऐसे में एक बड़े हिस्से में डस्ट पल्यूशन होने से दिल्ली पर असर पड़ता है। ऐसी कॉलोनियों की गलियों में बड़ी स्प्रेयर मशीनें नहीं चलाई जा सकती हैं। ऐसे में इन छोटी सड़कों पर ऐसे मिस्ट स्प्रेयर उतारे जाएं, जो डस्ट पल्यूशन को काबू करने में प्रभावी हों। इसके लिए एक कंपनी ने बैटरी ऑपरेटेड नैनो स्प्रे मशीन से डस्ट पल्यूशन कंट्रोल करने के लिए सरकार के पास प्रेजेंटेशन दिया था।

**एक दिन में 30 से 50 किमी दूरी तक मिस्ट स्प्रेयर:** दिल्ली सरकार के अफसरों के अनुसार जिस तरह से मिस्ट स्प्रेयर बिजली के खंभों पर लगाए गए हैं, नैनो स्प्रेयर भी उसी तरह से काम करेगा। बैटरी ऑपरेटेड ई-रिक्शा पर 500 लीटर कैपिसिटी का टैंक पानी के लिए लगाया गया है। जो 12 घंटे में करीब 250 लीटर पानी स्प्रे कर सकता है। स्प्रेयर के नोजल से 2 से 10 माइक्रोन की ड्रॉपलेट पानी के फुहारों के रूप में सड़कों पर गिरेंगे जो धूल और मिट्टी को सप्रेस करने में मदद करेगी।

## कौन सी योग क्रियाएं आपकी मेंटल हेल्थ को रखेंगी दुरुस्त?

आज की भागती-दौड़ती जिंदगी में हम कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस वजह से हमारी जिंदगी में किसी ना किसी तरह की परेशानी बनी रहती है। अगर आप अपनी लाइफ को संतुलित करके निरोग रहना चाहते हैं तो एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लेकर आया है एक खास लाइव वर्कशॉप, जहां योगाचार्य कौशल कुमार आपको योग के जरिए जीवन को आसान बनाने का तरीका सिखाएंगे। इस वर्कशॉप में आप ऐसी योग क्रियाएं सीखेंगे जो आपके शरीर को सकारात्मक ऊर्जा देंगी साथ ही आपकी मेंटल हेल्थ को भी दुरुस्त रखेंगी।

NBT रंगमंच Club



आचार्य कौशल कुमार, (योग गुरु)

तारीख: 27 दिसंबर 2025
समय: सुबह 11:30 से स्थान : ऑनलाइन
फीस : फ्री

रजिस्ट्रेशन के लिए 7003890071 पर कॉल या वट्सऐप करें

## अवैध बोरवेल के खिलाफ NGT ने दिए कार्रवाई के आदेश

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** NGT ने करोल बाग में तीन बोरवेल्स की जांच करने के आदेश दिए हैं। NGT की प्रिंसिपल बेंच ने दिल्ली जल बोर्ड को निर्देश दिया है कि करोल बाग में तीन बोरवेल्स की जांच की जाए। मामले में इन तीनों बोरवेल्स पर अवैध रूप से भूजल निकालने का आरोप है। NGT ने कहा कि यदि आरोप सही हैं तो इन पर जरूरी कार्रवाई की जाए। मामला रोहतक रोड पर मुल्तानी मार्केट में एक और करोल बाग में टोंटीवालान में दो बोरवेल्स से जुड़ा हुआ है। NGT ने कहा कि 19 नवंबर को शिकायत दिए जाने के बावजूद मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद हमने DJB के CEO को निर्देश दिया है कि बोरवेल्स की जांच की जाए। यदि यह अवैध हैं तो इन्हें कानून के अनुसार सील किया जाए। यह कार्य अगले दो महीने में पूरा किया जाना है।

**करोल बाग, नरेला, बवाना, मायापुरी में दिए हैं कार्रवाई आदेश**

इसी तरह के एक अन्य मामले में अवैध डाइंग इकाइयों के अवैध बोरवेल पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। NGT की प्रिंसिपल बेंच के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और एक्सपर्ट मेंबर डॉ ए सेंथिल वेल ने इसी के साथ इस मामले का निपटारा कर दिया। यह आवेदन वरुण गुलाटी द्वारा विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित डाइंग एंड वाशिंग इकाइयों के विरुद्ध दायर किया गया था। आवेदक ने आरोप लगाया था कि नरेला, बवाना, मायापुरी और लॉरेंस रोड में संचालित डाइंग इकाइयां बिना वैध अनुमति के चल रही हैं। यह गंदा और विषैला पानी खुले स्थानों पर नालों में छोड़ रही हैं।

## कुष्ठ रोगियों के शेल्टर होम में दी जाएं सुविधाएं: मंत्री

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कुष्ठ रोगियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए दिल्ली सरकार ने उन्हें मिलने वाली सुविधाओं को पूरा करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। बुधवार को दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज ने ताहिरपुर स्थित ओल्ड एज/ कुष्ठ और टीबी मरीजों के लिए बने शेल्टर होम का निरीक्षण किया। मंत्री ने यहां मिलने वाली सुविधाओं की कमी पर चिंता जताई और एक महीने के अंदर सभी जरूरी बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने इलाज की सुविधाओं और ठंड से बचाव को लेकर उपलब्ध सुविधाओं की भी समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए।

TIMES TRIBUTE — PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

मधुर स्मृति



श्री हेमचन्द जैन

आपका व्यक्तित्व हमारे लिए विस्मरणीय है। जो गहन ज्ञान, असीम प्रेम और सच्चा स्नेह आपने हमें दिया उसका हमारे जीवन पर अमिट प्रभाव पड़ा और यह हमारे लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

आपकी मधुर स्मृति में

पुत्रवधू एवं पुत्र: अनीमा जैन - प्रमोद जैन वर्धमान, अनीता जैन - सुबोध जैन, रेखा जैन - विनोद जैन
पुत्री एवं दामाद: रेनू जैन - विपिन जैन
पौत्रवधू एवं पौत्र: अंबिका जैन - पीयूष जैन, निकिता जैन - अखिल जैन, आयुषी जैन - सिद्धार्थ जैन, आयुषी जैन - संभव जैन, आशिमा जैन - विनीत जैन
पौत्री एवं दामाद: निकिता गुप्ता - वरुण गुप्ता
पड़पोते-पड़पोतियां: अनायता, त्रिशा, आर्ना, वर्णिका, प्रज्ञान, विराट, अविराज, स्वराज, साम्वी, अद्विता जैन

VARDHMAN GROUP | LAZER
(M) : 9810035889, 9810002942, 9810038548

TO BOOK AN OBITUARY & REMEMBRANCE AD PLEASE CONTACT — VINOD : 99589 92088 PANKAJ : 81306 04727

16th DEATH ANNIVERSARY



MANVI GROVER
(19-05-1977 - 25-12-2009)
*You may have left this world, but not our lives. Your light stays with us, steady and eternal, a presence we feel in every quite moment.*
Shelley Grover (Husband)
Madhav (Son), Mehak (Daughter)
Prem Grover (Father-in-law)
GROVER & TANDON FAMILY

TIMES TRIBUTES — RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

REMEMBRANCE — SHARING MEMORIES



In Loving Memory Of
Sh. O.P. GUPTA
21st Punyatithi
Heartfelt remembrance. Seek your heavenly Blessings & guidance on 48 yrs of my Homeopathic practice . Deeply miss your presence. Dr. A.K.Gupta & all family members.F-85,Bali Nagar. 7011842322



SMT.ROOP KUMARI JAIN
(Nov.1929 - 25.12.2006)
Your memories & love showered on us will always remind your presence in our heart. May your soul rest in peace. Prabodh Kumar Jain, Subodh Kumar Jain, Dinesh Kumar Jain.

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one. The moments you shared together. Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India (Delhi/NCR) | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

REMEMBRANCE — SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP7 User: sachin.saini Time: 12-24-2025 19:56 Color:

# || प्रार्थना सभा ||



## स्वर्गीय श्री तेज राम सिंगला

(1931-2025)

**Founder, TRDP Group**

का स्वर्गवास 14 दिसंबर 2025 को हो गया है।

---

आप सदैव हमारे मन में जीवंत रहेंगे।

---

दिवंगत आत्मा की शांति एवं सद्गति हेतु
प्रार्थना सभा में पधार कर श्रद्धांजलि अर्पित करें।

## रस्म पगड़ी:

**गुरुवार, 25 दिसम्बर 2025**

**प्रार्थना सभा: दोपहर 3:00 – 4:00 बजे**

स्थान: **जन्माष्टमी पार्क, पंजाबी बाग, दिल्ली**

***शोकाकुल:***

**पुत्र व पुत्रवधू:**
धर्म पाल सिंगला - निर्मला सिंगला

**पौत्र व पौत्रवधू:**
नीरज सिंगला - रजनी सिंगला
नुतेश सिंगला - अग्रिता सिंगला

**पौत्री व दामाद:**
चित्रा - सुनील अग्रवाल

**पुत्री व दामाद:**
निर्मला गुप्ता - स्वर्गीय श्री कृष्ण गुप्ता
कांता जिंदल - डॉ. प्रदीप जिंदल
राज रानी - डॉ. पवन बंसल
मीना - शिशन गर्ग

**प्रपौत्र व प्रपौत्री:**
विहान, राध्या, ह्रदय, ह्धान
इनाया और अद्वय

लोकेशन स्कैन करें

TEJ RAM DHARAM PAUL • SINCE 1948 • TRDP

TRDP Group

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**

**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**

**Or type in Search box of Telegram**

@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel

**BACKUP GROUP LINK**

**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in